खबरों के 68 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➞ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 10 दिसम्बर 2023 । वर्ष –68 । अंक –30 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.


■ नई जंग (कहानी)
■ मैं जोहिला : जोहिला के... 04

■ एनएससी में मुस्लिम देश का प्रस्ताव...
■ ये कैसी इंसानियत ? गाजा के अस्ताल... 09

■ एयरलाइन कंपनियों ने दीवाली पर टिकटों...
■ भारत की जीडीपी वृद्धि पिछले 10 वर्षों के... 11

■ भारत अब दक्षिण अफ्रीका...
■ बांग्लादेश के खिलाफ.. 10


सार संक्षेप

## दिल्ली से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनो जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड गोलियां चलाईं, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया।

## सुकमा में बीस नक्सलियों ने किया समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में एक साथ 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें पाँच महिलाएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सुकमा जिले के जगरगुंडा इलाके में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण कर पुनर्वास योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसी कड़ी में इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

# मध्य प्रदेश में कल हो जाएगी तस्वीर साफ, लग सकती है मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद को लेकर कल तस्वीर साफ हो जाएगी। राज्य में सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें पार्टी की ओर से नियुक्त किए गए तीनों पर्यवेक्षक शामिल होंगे। श्री शर्मा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सोमवार 11 तारीख को शाम चार बजे विधायक दल की बैठक होगी, जिसके लिए विधायकों को आमंत्रण चला गया है। तीनों पर्यवेक्षक 11 तारीख की सुबह यहां पहुंचेंगे, जिसके बाद संगठन की पद्धति के अनुरूप प्रक्रिया होगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ के संबंध में श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ही सब कुछ तय करेगा। राज्य के विकास को आगे बढ़ाने और 2024 में श्री मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाने के लिए, राज्य की दृष्टि से जो सर्वश्रेष्ठ होगा, वही होगा। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी विधायकों से बातचीत करेंगे।



## शिवराज ने समीना को दिया सुरक्षा का भरोसा



विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने पर मुस्लिम महिला के साथ उसके देवर द्वारा मारपीट करने का मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले का संज्ञान लिया है। श्री चौहान ने सीहोर निवासी समीना बी को मुख्यमंत्री निवास बुलाकर बातचीत की है और उसे सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान समीना के बच्चे भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरी बहन, तुम किसी बात की चिंता मत करना, तुम्हारा भाई सदैव तुम्हारे साथ है।

श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए भाजपा को अपना मत देने पर मेरी एक बहन को उसके परिवार द्वारा प्रताड़ित करने का मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित कर उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसके साथ ही पीड़ित बहन को पूरी सुरक्षा व आर्थिक मदद भी दी जाएगी।

# मोदी की गारंटी, मतलब पूरी होगी, देश का हर गरीब मेरे लिए व्हीआईपी : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत करते हुए विपक्षी दलों पर महिलाओं को बांटने (जाति आधार पर) का आरोप लगाते हुए कहा कि सभी महिलाओं को एक रहना है। आजकल लोग हमारी महिलाओं के बीच में भी दरारें कर रहे हैं, उन्हें बांटने की कोशिश कर रहे हैं। यह सही नहीं है। सब महिलाएं एक हैं और महिलाओं की एक ही जाति है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला जारी रखते हुए कहा कि अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ की बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता, तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों में न रहती। उन्होंने कहा कि देश में हाल में हुए विधान सभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है। इन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। जनता को विपक्षी दलों के झूठे वादे पर भरोसा नहीं है। वे सभी मतदाताओं के आभारी हैं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया।



प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनके लिए देश का हर गरीब, देश की हर माता-बहन-बेटी, देश का हर किसान, देश का हर युवा वीआईपी है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके परिवारजन तक पहुंचने का उनके सेवक का यह प्रयास है। वे आपके गांव तक आ रहे हैं, गाड़ी के माध्यम से आ रहे हैं। इसलिए कि आपके सुख-दुख का साथी बनूं, आपके आशा-आकांक्षाओं को समझूं। उसको पूरा करने के लिए सरकार की पूरी शक्ति लगाऊं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है, हिंदुस्तान के कोने-कोने में दिख रहा है, चाहे उत्तर हो, दक्षिण हो, पूरब हो, पश्चिम हो। बहुत ही छोटा गांव या बड़ा गांव हो, लोग गाड़ी को खड़ी करके सारी जानकारियां लेते हैं। नारी शक्ति हो, युवा शक्ति हो, किसान हो या फिर गरीब, विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति इनका समर्थन अद्भुत है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# बसपा ने सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाला

**लखनऊ,देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी से निकाल दिया है। उन्हें निलंबित करने के पीछे पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होना बताया जाता है। बसपा के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने पत्र जारी करके कहा कि 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कहने पर दानिश को टिकट दिया गया था। टिकट देने के साथ ही उन्हें पार्टी की रीति-नीति के बारे में अच्छी तरह से बता दिया गया था। लेकिन, वह लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। इसी कारण उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया गया। अमरोहा से सांसद दानिश अली हाल ही में काफी सुर्खियों में रहे थे। दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने उन पर संसद के अंदर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर बिधूड़ी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। दूसरी ओर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बिधूड़ी से पूछा था कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जाए। गौरतलब है कि 2019 में लोकसभा चुनाव में बसपा ने दानिश अली को अमरोहा सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। दानिश अली ने भी मायावती ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## बसपा सुप्रीमो का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण : अली



बहुजन समाज पार्टी से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। दानिश अली को यह कहते हुए बीएसपी से निकाला गया है कि उन्होंने पार्टी की विचारधारा, नीतियों और अनुशासन का पालन नहीं किया। दानिश अली ने कहा, मैं इतना ही कहूंगा कि बहन कुमारी मायावती जी का हमेशा मैं शुक्रगुजार रहूंगा कि उन्होंने मुझे बहुजन समाज पार्टी का टिकट देकर लोकसभा का सदस्य बनने में मेरी मदद की। बहन जी ने मुझे बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा में संसदीय दल का नेता भी बनाया. मुझे सदैव उनका असीम स्नेह और समर्थन मिला है। उनका आज का फैसला जरूर दुर्भाग्यपूर्ण है।

# एनआईए ने महाराष्ट्र-कर्नाटक में 40 ठिकानों पर दी दबिश, 13 गिरफ्तार

**मुम्बई।** नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी ने शनिवार सुबह देश के दो राज्यों महाराष्ट्र व कर्नाटक में 44 ठिकानों पर दबिश दी है। दबिश के बाद एजेंसी ने महाराष्ट्र से 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोग आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े हैं। एनआईए ने महाराष्ट्र के ठाणे ग्रामीण में 31 स्थान, पुणे में दो, ठाणे शहर में 9, भयंदर में एक व कर्नाटक में एक-एक स्थान पर दबिश दी है।

एनआईए के सूत्रों की माने तो आईएसआईएस के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है जो भारत में आईएसआईएस की विचारधारा को फैलाने के प्रयास कर रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को विदेश में बैठे आईएसआईएस के हैंडलर्स चला रहे थे। जिनका मकसद भारत में आंतकी गतिविधियों को अंजाम देना था।

# पॉक्सो के 2.43 लाख मामले अदालतों में लंबित सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा मिली 2022 में

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में दो लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे।

एक शोधपत्र जस्टिस अवेट्स 'ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज' के अनुसार अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में औसतन नौ साल का समय लगेगा। शोधपत्र के अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। वर्ष 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई।

## मौजूदा रफ्तार से केस निपटाने में 9 साल लगेंगे

## आईसीपीएफ ने जारी किया शोध पत्र

यह शोध-पत्र इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने जारी किया है। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक- स्पेशल अदालतों के गठन किया था। हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि जारी की जाती है। फास्ट ट्रैक - स्पेशल अदालतों जैसी विशेष अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। केंद्रीय योजना के रूप में इसे वर्ष 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लिया जायेगा लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2,68,038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया।

### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

बिरादरी की बात

चूहा-सुनती हो- प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि उनकी गारंटी मतलब पूरी होगी।

चुहिया- हां प्रिये-देश में जिस तरह के हालात हैं उसमें प्रधानमंत्री की गारंटी तो पूरी होना ही चाहिए।

रिपोर्ट

## चेन्नई में 2023 में प्रदूषण में आई 23 प्रतिशत की कमी

# दिल्ली दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** भारत के 1.3 अरब लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं जहां वार्षिक औसत कण प्रदूषण स्तर डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देश से अधिक है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में पीएम 2.5 के स्तर के मामले में दिल्ली दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में चौथे स्थान पर है। मुंबई में पिछले चार वर्षों में 110 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि लखनऊ, पटना , बेंगलुरु और चेन्नई में पीएम 2.5 के स्तर में गिरावट देखी गई, चेन्नई में 2023 में 23 प्रतिशत की कमी देखी गई। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने शनिवार को पटियाला स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज द्वारा 'वायु प्रदूषण से उत्पन्न खतरों' विषय पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करने के बाद मीडिया



संवाददाताओं को बताया कि वायु प्रदूषण बढ़ते अदृश्य संकट में एक मूक सहयोगी के रूप में उभरा है। इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए प्रसिद्ध महामारी विशेषज्ञ डॉ. पुरोहित ने कहा कि वायु प्रदूषण भारत में कई मौतों का एक मूक हत्यारा है। यह एक रहस्यमयी धुंध है जो आमतौर पर

## मुंबई में भी पिछले चार वर्षों में प्रदूषण में हुई बढ़ोतरी

फसल जलने, वाहनों के उत्सर्जन, निर्माण गतिविधि के कारण धूल भरी आंधियों और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण होती है। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण कोई अकेला दुश्मन नहीं है, बल्कि प्रदूषकों का एक जटिल मिश्रण है, जिसे संख्यात्मक रूप से एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) के रूप में आंका जाता है। सूक्ष्म कण पदार्थ (पीएम2.5), नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओजोन और वाष्पशील कार्बनिक यौगिक एक जहरीला मिश्रण बनाते हैं जो हर सांस के साथ फेफड़ों में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं के अनुसार ये प्रदूषक श्वसन प्रणाली और यहां तक कि मानव मस्तिष्क को भी प्रदूषित करते हैं।








डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 3.59 करोड़ का नामांकन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत 3.59 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की संसद में रखी एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2017-18 में इस योजना के प्रारंभ होने से लेकर दो दिसंबर 2023 तक 3.21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 14,428.35 करोड़ रुपये से अधिक के मातृत्व लाभ वितरित किए गए हैं। इसमें केंद्र और राज्य दोनों के हिस्से शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ में नए मुख्यमंत्री के नाम पर आज लगेगी मुहर

- भाजपा विधायक दल की बैठक आज
- पार्टी ने 54 सीटों पर जीत की है दर्ज

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में सत्ता में धमाकेदार वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के विधायकों की विधायक दल का नेता चुनने के लिए कल यहां बैठक होंगी। भाजपा आलाकमान ने छत्तीसगढ़ में विधायक दल का नेता चुनने के लिए आहूत बैठक के लिए केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं सर्वानंद सोनोवाल और पार्टी महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को छत्तीसगढ़ के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।तीनो पर्यवेक्षकों के कल सुबह यहां पहुंचने की संभावना है।नवनिर्वाचित विधायकों की प्रदेश भाजपा मुख्यालय में बैठक होंगी। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 54 सीटों पर जीत दर्ज की है।भाजपा ने सत्तारूढ़ कांग्रेस को अप्रत्याशित रूप से शिकस्त कर सत्ता में वापसी की है।कांग्रेस को महज 35 सीटों पर सन्तोष करना पड़ा।

**डा.रमन सिंह रेस में आगे** -भाजपा नेतृत्व ने अभी तक किसी को मुख्यमंत्री बनने के संकेत नही दिए है,लेकिन राजनीतिक जानकारों के अनुसार रेस में पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह आगे बताए जा रहे है। उनके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव,पूर्व केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय एवं रेणुका सिंह के भी रेस में होने की चर्चा है। इस बीच प्रदेश भाजपा कार्यालय और वरिष्ठ भाजपा नेताओं के आवास पर बधाई देने के लिए लोगो का तांता लगा है।पूर्व मुख्यमंत्री डा.सिंह के आवास पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई है।उन्हे राज्यभर से बधाई देने लोग पहुंच रहे है।

# कांग्रेस सांसद के ठिकानों से अब तक मिले 300 करोड़ रुपए

**रांची।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू व उनके करीबियों के झारखंड, ओडिशा व पश्चिम बंगाल स्थित 10 ठिकानों से आयकर विभाग को आज तक 300 करोड़ से ज्यादा का नगद मिल चुका है। टैक्स चोरी के मामले में इनके घर, ऑफिस व फैक्ट्री पर छापेमारी शुरू की गई थी। धीरज झारखंड से राज्यसभा सदस्य हैं। इनकम टैक्स के अधिकारियों की माने तो ये किसी सिंगल ऑपरेशन में बरामद हुई अब तक की सबसे बड़ी रकम है।

आयकर विभाग को यह नगद ओडिशा के टिटलागढ़, बोलांगीर व संबलपुर स्थित ठिकानों से मिला है। नोट गिनने के लिए 40 बड़ी और छोटी मशीनें लगाई गई हैं। नोटों की गिनती अब तक जारी है। आयकर विभाग के महानिदेशक संजय बहादुर ने दिल्ली जाने के दौरान भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से कहा कि नगद रुपए की मात्रा इतनी ज्यादा है कि अभी गिनती में दो दिन और लगेंगे। इसके बाद ही आधिकारिक रूप से इस पर जानकारी दी जा सकेगी।



आयकर विभाग ने दो दिन पहले छापेमारी शुरू की थी। दूसरे दिन शराब बनाने वाली कंपनी बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के कार्यालय में नोटों से भरी 30 अलमारी मिली थीं। इनमें से 9 में 500ए 200 और 100 रुपए के नोट के बंडल जब्त किए थे। नोटों से भर कई बैग भी मिले थे। अभी लॉकरों को खोला जाना बाकी है। इसके बाद आयकर विभाग को ओडिशा के टिटलागढ़ में शराब कारोबार संभालने वाले संजय साहू और दीपक साहू के घर से 8 करोड़ रुपए बरामद हुए है। राइस मिलर और ट्रांसपोर्टर राजकिशोर जायसवाल के ठिकानों से भी बड़ी रकम जब्त हुई।

### इन स्थानों पर आईटी टीम ने दी दबिश-

- ओडिशा में बौध डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व इससे जुड़े परिसरों में छापेमारी।
- बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनीज के ठिकाने, यह बौध डिस्टिलरी की पार्टनशिप फर्म है।
- बौध डिस्टिलरी के भुवनेश्वर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय व अधिकारियों के घर पर।
- बोलांगीर के सुदापाड़ा व टिटलागढ़ के दो शराब व्यापारियों के आवास।
- रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन आवास।
- लोहरदगा स्थित सांसद धीरज साहू का आवास।

# उत्तरी इराक यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में लगी भीषण आग, 14 छात्रों की मौत



**बगदाद।** इराक की एक यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में आग लगने से 14 छात्रों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में 18 छात्र घायल भी हुए हैं। हालांकि हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। स्थानीय स्वास्थ्य निदेशालय के प्रमुख के मुताबिक, ये हादसा एरबिल के सोरन शहर की है। जहां में हुई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, शुक्रवार रात तक आग पर काबू पा लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये आग शुक्रवार रात करीब 8.15 सोरन यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में लगी।

इस हॉस्टल में काफी छात्र रहते हैं। आग लगते ही हॉस्टल में हड़कंप मच गया। जबतक कि छात्र बाहर निकल पाते, कई छात्र आग की चपेट में आ गए। जिसमें से 14 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 18 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उधर सभी घायल छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। इस हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। यूनिवर्सिटी के छात्र और टीचर सदमे में हैं। यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में लगी आग पर इराक के प्रधानमंत्री मसरूर बरजानी ने दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि, पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। हमने इस घटना की व्यापक जांच का आदेश दिया है। मामले की जांच शुरू हो गई है।

# गाजा में युद्ध रोकने का प्रस्ताव यूएन में हुआ खारिज, अमेरिका ने लगाया वीटो

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच 2 महीनों से जारी जंग को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल युद्धविराम प्रस्ताव पेश किया गया।८ श्व के इस प्रस्ताव को यूएन में खारिज कर दिया। क्योंकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो कर दिया। अब तक इस युद्ध में 17 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में गाजा में तत्काल युद्ध विराम और सभी बंधकों की बिना शर्त तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। लेकिन अमेरिका ने युद्धविराम वाले इस प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया। जिसके बाद इस प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र ने खारिज कर दिया।

यूएई द्वारा पेश किए गाजा में तत्काल युद्ध विराम और सभी बंधकों की बिना शर्त तत्काल रिहाई की मांग वाले प्रस्ताव के पक्ष में 13 राष्ट्रों ने वोट किया था। वोटिंग में ब्रिटेन ने खुद को अलग कर रखा। वहीं, ब्राजील ने कहा कि अगर गाजा में युद्ध नहीं रुका तो और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है। जबकि, रूस और चीन ने अमेरिका द्वारा लगाए गए वीटो के फैसले की कड़ी निंदा की। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 15 सदस्य है। 5 स्थायी और 10 अस्थाई सदस्य।

चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका स्थाई सदस्य हैं। वहीं, अस्थायी सदस्यों में अल्बानिया, ब्राजील, इक्वाडोर, गबन, घाना, जापान, माल्टा, मोजांबिक, स्विट्जरलैंड और यूएई जैसे देश शामिल है। प्रस्ताव के खिलाफ वीटो लगाते हुए अमेरिकी दूत रॉबर्ट वुड ने कहा कि युद्धविराम प्रस्ताव को असंतुलित और वास्तविकता से परे है। उन्होंने आगे कहा कि प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने और मतदान की प्रक्रिया बहुत ही जल्दबाजी में की गई।




### राज्यसभा में आईटी मंत्रालय ने दी जानकारी

# देश में ब्लॉक हुई तकरीबन 37 हजार वेबसाइट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बीते पांच साल में देश विरोधी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए बडे पैमाने पर कार्रवाई की और तकरीबन 37 हजार बेवसाइट्स पर प्रतिबंध लगा दिया। यह जानकारी केंद्रीय इलेक्टानिक्स एवं आईटी मंत्रालय के राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने दी। राज्यसभा में सीपीआई सांसद जॉन ब्रिटास के एक सवाल के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि जनवरी 2018 से अक्टूबर 2023 के बीच मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 ए के तहत 36,838 वेबसाइटों को प्रतिबंधित किया।

उन्होंने इसका ब्योरा देते हुए बताया कि सर्वाधिक वेबसाइटों के यूआरएल ब्लॉक करने में एक्स पहले स्थान पर रहा, उसने बीते 70 दिनों में 13,660 यूआरएल ब्लॉक किए। हालांकि अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स मसलन फैसबुक,इंस्टाग्राम और यूट्यूब ने आईटी नियमों को लेकर कोई सख्ती नहीं दिखाई। 2018 में मेटवाई ने2,799यूआरएल ब्लॉक किए। जबकि इस साल अक्टूबर तक 7,502 यूआरएल ब्लॉक किए गए। वहीं 2020 में सर्वाधिक 9,849 यूआरएल ब्लॉक किए गए। बतादें कि आईटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत,आईओ सचिव के अनुमोदन पर और 69ए रोकथाम समिति की सिफारिश पर किसी भी माध्यम या सरकारी एजेंसी को 6 वजहों से प्रतिबंधित करने के आदेश जारी कर सकता है। इसका उद्देश्य भारत की संप्रभुता और अखंडता,भारत की रक्षा,देश की सुरक्षा,विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध या सार्वजनिक व्यवस्था या किसी संगीन अपराध को रोकना होता है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में बोले अमित शाह

# भारत विश्व पटल का चमकता सितारा

**देहरादून, देशबन्धु।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज का शक्तिशाली भारत विश्व के पटल का चमकता सितारा है, जिसके प्रकाश पुंज से चहुं दिशाएं जगमग हैं। पर्यावरण से लेकर आर्थिक मोर्चा हो या शांति स्थापित करने के प्रयास हों, सभी जगह भारत दुनिया का नेतृत्व करता दिखाई देता है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हो पाया है। एफआरआई में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के समापन सत्र को संबोधित करते हुए करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित करता जा रहा है। आज भारत दुनिया में आर्थिक विकास का इंजन बनकर उभरा है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। दिल्ली में हुए जी 20 सम्मेलन की सफलता और दिल्ली डिक्लेरेशन इस ओर बखूबी करता है कि विश्व के सभी देशों को एकजुट रखने में भारत पूर्ण रूप से सफल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि भारत 2047 तक एक विकसित देश बने। शाह ने कहा कि पर्यावरण हो या फिर शांति की बात भारत सभी देशों को एक मंच पर लाने में कामयाब हुआ है।



### तेजी से आगे बढ़ रही विकास दर

शाह ने कहा कि भारत की विकास दर जिस तेजी से आगे बढ़ रही है, उससे वर्ष 2025 तक भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनामी बन जाएगा। यही नहीं बहुत जल्द ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। इसके लिए मोदी सरकार पूरा रोड मैप तैयार कर चुकी है, जिस पर बखूबी अमल किया जा रहा है और उसके सुखद परिणाम सबके सामने है। विगत 10 वर्षों में भारत की इकोनामी दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है और यह इस ओर इशारा करता है कि हम सही दिशा में सही कदम और गति के साथ अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में 13.5 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकला गया है। उनका जीवन स्तर बेहतर हुआ है और वह देश की उन्नति में अपना योगदान बखूबी दे रहे हैं।

### राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष कौन ?

# महेंद्र मालवीया, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा या कोई और ?

राजस्थान विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद जहां कामयाब बीजेपी के लिए मुख्यमंत्री पर सवालिया निशान है, तो कांग्रेस में नेता प्रतिपक्ष को लेकर का सियासी चर्चाएं जारी हैं। खबरों की मानें तो विधानसभा चुनाव में हार के बाद अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल कलराज मिश्र को रविवार को सौंप दिया था, इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को विधायक दल की बैठक बुलाई थी, जिसमें नेता प्रतिपक्ष चुनने की जिम्मेदारी दिल्ली आलाकमान को सौंप दी गई। लिहाजा.... अब यह चर्चा है कि- कौन बनेगा नेता प्रतिपक्ष?

वैसे तो अशोक गहलोत नेता प्रतिपक्ष बन सकते हैं, लेकिन उनके सियासी कद के मद्देनजर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर कोइ्र बड़ी भूमिका दी जा सकती है। बतौर नेता प्रतिपक्ष राजस्थान के प्रमुख आदिवासी नेता पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा है। महेंद्र मालवीया अब तक कोई विधानसभा चुनाव नहीं हारे हैं, तब भी नहीं जब 2013 में मोदी लहर जोरों पर थी, इस बार उनके गृहजिले बांसवाड़ा में पांच में से चार सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। दक्षिण राजस्थान कांग्रेस का गढ़ रहा है तथा इस क्षेत्र ने दिवंगत मोहनलाल सुखाड़िया, हरिदेव जोशी जैसे प्रभावशाली मुख्यमंत्री दिए हैं, लेकिन इन कुछ वर्षों में यहा कांग्रेस कमजोर हुई है, इसलिए इस क्षेत्र में फिर से प्रभावी मौजूदगी और कामयाबी के लिए महेंद्रजीत सिंह मालवीया को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री रहे सचिन पायलट का नाम भी उभर रहा है, लेकिन इसके लिए अशोक गहलोत को राजी करना आसान नहीं है, तो कांग्रेस के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अशोक गहलोत के करीबी हैं, लिहाजा सचिन पायलट उनके नाम पर क्या प्रतिक्रिया देंगे, कहा नहीं जा सकता है। नाम तो कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री शांति धारीवाल का भी चर्चाओं में है, लेकिन कांग्रेस आलाकमान उनके नाम पर शायद ही राजी हो? देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस आलाकमान किस पर भरोसा करता है और यह जिम्मेदारी किसे दी जाती है?

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मोदी की गारंटी.....

पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को उनकी सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। जब ये लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है। पहले जो भीख मांगने की मनःस्थिति रहती थी, अब वो गई। सरकार ने लाभार्थियों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं-मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तब ही हम हर लाभार्थी तक पहुंच पाएंगे, क्योंकि हमें देश को आगे बढ़ाना है।

### बसपा ने सांसद दानिश अली....

की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विजय प्राप्त की थी। मैंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जन-विरोधी नीतियों का विरोध जरूर किया है और आगे भी करता रहूंगा। चंद पूंजीपतियों द्वारा जनता की संपत्तियों की लूट के खिलाफ मैंने आवाज उठाई है और आगे भी उठाता रहूंगा क्योंकि यही सच्ची जनसेवा है। यदि ऐसा करना जुर्म है तो मैंने जुर्म किया है और मैं इसकी सजा भुगतने के लिए तैयार हूं। अमरोहा की जनता को मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि आपकी सेवा में मैं हमेशा हाजिर रहूंगा।


**In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
विश्वेश्वरी मिश्रा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000135/2023)
शैलेन्द्र कुमार खरे.....आवेदक
Vs
आम जनता....अनावेदक
Process Id- /2022
पेशी दि.:-19/01/2024
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार खरे पता म.नं. 194/3 पाठबाबा रोड विद्या नगर गोकलपुर जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक सुधीर कुमार खरे निवासी म.नं. 194/3 पाठबाबा रोड विद्या नगर गोकलपुर जबलपुर (म.प्र.) की भारतीय स्टेट बैंक शाखा गन गैरिज फैक्ट्री जी.सी.एफ. ई- स्टेट पनेहरा मार्केट जबलपुर में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 जनवरी 2024 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकरी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 जनवरी 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 23 नवंबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी-उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत 372 भारतीय उत्तराधिकार- अधिनियम की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)
बाइसवें सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
र.नं. 1719 जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्रं 1147/अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक....
**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं..... तहसील गोरखपुर- 1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका नित्यानंद पाण्डे पति/पिता स्व. डी.एन. पाण्डे जाति..... निवासी लमती जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं..... में स्थित भूमि खसरा नंबर 39/5 रकवा क्रमशः 175 व.फु. वर्गफुट/हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 362 दिनांक 27.5.2008 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 07.12.23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा वे मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 07.12.2023
पेशी दिनांक 21.12.2023
अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1713 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं. 2100/अ-6/2022-23
जबलपुर दिनांक 06.12.2023
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निकुंज आहूजा वगैरह पिता स्व. वी.आर. आहूजा निवासी एकता परिसर रतन नगर जबलपुर के द्वारा मौजा चांवनपुर नं.बं. 305 प.ह.नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 212/1, 213/1 चांवनपुर में से रकवा 8479 वर्गफुट भूमि पर वी.आर. आहूजा की मृत्यु दिनांक 28.04.99 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 26.12.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 06.12.2023
पेशी दिनांक- 26.12.2023
तहसीलदार
र.नं. 1716 अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं. 2079/अ-6/2022-23
जबलपुर दिनांक 06.12.2023
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जॉय एजूकेशन सोसायटी द्वारा अखिलेश मेबन पिता जान विल्सन मेबन निवासी विजय नगर लमती करमेता जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाषनगर नं.बं. 773 प.ह.नं. स्थित भूमि खसरा नंबर पी एन 440/1 में से रकवा 7250 वर्गफुट भूमि पर न.नि. जबलपुर से फ्रीहोल्ड की दिनांक 08.07.2022 को हो जाने के कारण लिंक विक्रय पत्र नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 26/12/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 06.12.2023
पेशी दिनांक - 26.12.2023
तहसीलदार
र.नं. 1715 अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर**
रा.प्र.क्रं 1040/अ-6/2022-23
**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संध्या तिवारी पति डॉ. जी.पी. तिवारी निवासी कटनी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 4.12.2004 के माध्यम से मौजा लमती नं.बं. 642 प.ह.नं.... ख.नं. 30/1, 30/23, 30/24 रकवा.... वर्गफुट विक्रेता बाबू कमला गृह निर्माण सहकारी समिति से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 21.12.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयाविधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 07.12.2023 को जारी।
जारी दिनांक 07.12.2023
पेशी दिनांक 21.12.2023
अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1714 गोरखपुर, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फॉर्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/ एल/ टी नं 27/ 2023 **दिनांक:** 07.12.2023 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर मंडल पर विभिन्न स्थानों की लिफ्ट में कुल-18 नंबर लिफ्ट ऑपरेटर की व्यवस्था (जबलपुर-4 नंबर, मदन महल-03 नंबर, पिपरिया-2 नंबर, नरसिंहपुर-2 नंबर, मैहर-2 नंबर, सतना-1 नंबर, रीवा-1 नंबर, दमोह-1 नंबर, सागर-2 नंबर। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रुपये में):** ₹ 3,36,82,126.85/- **निविदा फार्म की कीमत:** ₹ 0.00/- **कार्यालय का पता जहाँ टेन्डर फार्म खरीदी जा सकती है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/ सामान्य/ जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 3,18,400/- **समापन अवधि:** 24 माह **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय:** 29.12.2023 (15.00 बजे तक) **निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** 29.12.2023 (15.30 बजे तक). निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।
वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# देश-प्रदेश

उवाच

**दिव्यांगजन को सहानुभूति नहीं, मान्यता का पात्र मानना चाहिए : धनखड़**



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दिव्यांगजनों को सहानुभूति का पात्र नहीं बल्कि उन्हें उनके ज्ञान, योग्यता, झुकाव और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र माना जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा, एक ऐसा इको-सिस्टम बनाने की आवश्यकता है जिससे हम अपने दिव्यांग जनों को सशक्त बना सकें जिनके पास अपार प्रतिभा है। विकलांगता मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक चुनौतियों के दायरे तक फैली हुई है। वे गुरुग्राम में विकलांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### मुख्यमंत्री उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आभार कार्यक्रम में हुए शामिल, बोले-

# आपका प्यार अद्भुत है, इतने वोट कभी मप्र में नहीं मिले





- जब तक सांस चलेगी, आपकी सेवा करूंगा
- लाड़ली बहनों फिर 10 तारीख आ गई है
- लोकसभा में जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल की उत्तर विधानसभा सीट पर आभार कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान सीएम शिवराज ने कहा कि, मध्यप्रदेश की जनता ने, भाइयों-बहनों और भांजे-भांजियों ने जो लाड प्यार और आशीर्वाद दिया है वह अद्भुत और अभूतपूर्व है, इतने वोट कभी मध्यप्रदेश में नहीं मिले आपने भारतीय जनता पार्टी की झोली भर दी है। लोग हैरत में थे कि, इतने वोट निकल कहां से रहे हैं। चुनाव से पहले कहते थे बहुत कठिन है टफ है, कांटे का मुकाबला है लेकिन मैंने कहा पूरे कांटे लाडली बहनों ने निकाल दिए। ये मुकाबला कांटे का नहीं बल्कि एक तरफा मुकाबला हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने चुनाव में कई तरह के दाव पेंच खेले हैं। इसके बावजूद कांग्रेसी रो रहे हैं कि मशीन गड़बड़ थी इसलिए हम हार गए। कांग्रेस अगर हारी तो अपने झूठ, बेईमानी और अहंकार के कारण हारी है। उन्होंने कहा कि, जो कमिशन के आरोप लगाते थे वो स्वयं भ्रष्ट हैं, कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय है। 15 महीने के लिए आए थे, झूठे वादे कर गए और एक भी वादा पूरा नहीं किया। कहा था बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन धेला नही दिया। समूह का कर्ज माफ करेंगे, एक पैसा नहीं दिया। कोई राहत और सुविधा नहीं दी तो जनता ने कहा कि, अब हम कांग्रेस पर भरोसा नहीं करेंगे। मध्यप्रदेश में भरोसा मोदी और मामा पर करेंगे और अपने भैया पर करेंगे।

**29 कमल के फूलों की माला से अभिनंदन**-उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित आभार कार्यक्रम में कमल के फूल की प्रिंट वाली साड़ियां पहनकर बहनों ने 29 कमल के फूलों की मालाओं पर समस्त लोकसभा क्षेत्रों का नाम लिखा हुआ था। इन कमल की मालाओं से लाड़ली बहनों ने भैया शिवराज का भव्य अभिनंदन किया और 29 लोकसभाओं में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजयी दिलाकर नरेन्द्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मतदान के दिन सुबह हुई नहीं कि, सबसे पहले लाड़ली बहनाओं की लंबी-लंबी लाईनें लग गई। उन्होंने कहा कि, अभी मेरे पास एक बहन आई थी सबीना, सबीना ने बीजेपी को वोट दिया और बाद में उसके साथ देवर ने मारपीट की, तो मैंने कहा बहन आ जाओ सीएम हाउस, तेरा भाई अभी जिंदा है, चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है मैं तेरी देखरेख करूंगा। मैं सिर्फ कहने के लिए भाई नहीं हूं सगा भाई हूं एक अलग और पवित्र रिश्ता है भाई-बहन का। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, जब तक मेरी सांस चलेगी आपकी सेवा करूंगा। मेरे लिए सबसे बड़ा पद है भाई और मामा का पद है, इससे बड़ा दुनिया में कोई पद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि, मैं पहले उन क्षेत्रों में जा रहा हूं जहां भाजपा चुनाव नहीं जीती है। आपकी सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा% के अंतर्गत गाड़ियां हर वार्ड में जाएंगी और छूटे हुए हितग्राहियों के नाम जोड़े जाएंगे। विकास भी करेंगे और जनता की सेवा के अभियान भी चलेंगे। सीएम शिवराज ने कहा कि, हर एक वचन भारतीय जनता पार्टी पूरा करेगी, लाड़ली बहनों की खुशियों की 10 तारीख फिर आ गई है। अभी 1250 रूपए बहनों के खाते में आ रहें हैं लेकिन धीरे-धीरे इस राशि को 3000 रूपए तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना के बाद अब %लखपति बहना% अभियान चलेगा। मेरी बहनों की आमदनी हर महीने कम से कम 10 हजार रूपए से ज्यादा हो और साल की एक लाख रुपये से ज्यादा आमदनी हो, यह मेरा संकल्प है। बहनों को स्व-सहायता समूह के माध्यम से अलग-अलग काम देकर लखपति बनाया जाएगा।

**लोकसभा में जिताकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं:** सीएम शिवराज ने कहा कि, नरेंद्र मोदी जी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। वो भारत को भगवान का वरदान हैं, उनके नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। मोदी जी ने आपकी जिंदगी बदलने की गारंटी ली है आप मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने की गारंटी लें। उन्होंने कहा कि, उत्तर भोपाल में, मैं आपसे निवेदन करने आया हूं कि, फिर लोकसभा के चुनाव में कमल के फूल का बटन दबाएं, भारतीय जनता पार्टी को जिताएं और मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।

### कांग्रेस सांसद से 2 सौ करोड़ से अधिक की नगदी मिलने पर हमलावर हुई भाजपा, शर्मा बोले-

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी, मोदी भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी



**भ्रष्ट नेताओं को बताया गांधी परिवार का एटीएम**

**भोपाल, देशबन्धु।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों रुपये की नकदी बरामद होने पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यहां मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर पड़े आयकर विभाग के छापों में 200 करोड़ रुपये से अधिक की नगद राशि बरामद हुई है, कार्रवाई जारी है और यह राशि और भी बढ़ सकती है। लेकिन इतने बड़े पैमाने पर नगदी बरामद होना इस बात का सुबूत है कि कांग्रेस यदि किसी बात की गारंटी है तो वो केवल भ्रष्टाचार की गारंटी है। कांग्रेस का हाथ भ्रष्टाचारियों के साथ है। उन्होंने कटाक्ष किया कि वोटों की गिनती समाप्त हो गई है, लेकिन नोटों की गिनती जारी है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जनता को जवाब दें कि उनके पास ऐसे और कितने सांसद हैं जो जनता का पैसा अपने पास जमाखोरी कर बैठे हैं? श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं के भ्रष्टाचार पर गांधी परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष की चुप्पी यह बताती है कि कांग्रेसी गांधी परिवार की शह पर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि जनता यह अच्छे से जानती है कि कांग्रेस, करप्शन और कैश एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। मध्य प्रदेश में भी मिस्टर बंटाढार और करप्शन नाथ ने प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया था, इसीलिए कांग्रेस की सरकारें और उनके भ्रष्ट नेता गांधी परिवार के एटीएम कहे जाते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचारियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस नेता ये अच्छी तरह से समझ लें कि वो यदि भ्रष्टाचार की गारंटी हैं, तो मोदी सरकार ऐसे भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की गारंटी है।

**मोहब्बत की दुकान या नोटों का पहाड़**

श्री शर्मा ने कहा कि जब कांग्रेस के एक सांसद के पास इतनी नकदी हो सकती है, तो कांग्रेस के पास तो ऐसे बहुत से सांसद हैं, उन सभी के पास कितना पैसा होगा? उन्होंने कहा कि इस हिसाब से गांधी परिवार देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी परिवार साबित हो जाता है। श्री शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान नोटों का पहाड़ बन गई है। जिसकी फ्रेंचाइजी धीरज साहू के पास थी, वहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। इससे लगता है कि इस फ्रेंचाइजी से सारी मोहब्बत बिक चुकी है और कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में अब सिर्फ हिंदुओं और सनातन के प्रति नफरत ही बाकी है।

### शिवराज की पोस्ट पर बोले-

## पूरा देश राम-राम कर रहा है

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर एक पोस्ट किया, जिसमें लिखा, सभी को राम-राम। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह तो हमारी संस्कृति है। सुबह हम सबसे पहले शुरूआत ही इसी से करते हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि पूरा देश ही राम-राम कर रहा है।

**मुख्यमंत्री चयन को लेकर दिया यह जवाब**

मुख्यमंत्री के चयन को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। मुख्यमंत्री कौन होगा, उपमुख्यमंत्री कौन होंगे या नहीं इसका निर्णय पार्टी नेतृत्व करेगा। 11 दिसम्बर को शाम 4 बजे होने वाली विधायक दल की बैठक के बाद निर्णय सामने होगा, जो हर कार्यकर्ता को शिरोधार्य होगा।

## तेलंगाना सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा शुरू की


**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में लोगों को दी गई छह में से दो गारंटियों को लागू करने की शुरुआत की है। सीएम ने राज्य के मालिकाना हक वाली टीएसआरटीसी बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और राजीव आरोग्यश्री योजना के तहत कवरेज को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की योजना का उद्घाटन किया।

### मध्यप्रदेश और राजस्थान में कल साफ होगी तस्वीर

# शिवराज, पटेल या तोमर को मिलेगी कमान







भोपाल/जयपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश व राजस्थान में मुख्यमंत्री पद को लेकर कल तस्वीर साफ हो जाएगी। इन दोनों राज्यों में सोमवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई है। मप्र में मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल या नरेन्द्र सिंह तोमर में से किसी एक को प्रदेश की कमान मिलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि वे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं, लेकिन अधिकांश विधायकों की प्रतिक्रियाओं से यह लगता है कि वे कम से कम लोकसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री के तौर पर शिवराज सिंह चौहान को कमान दिए जाने के पक्ष में हैं।

कुछ महिला विधायकों ने तो सीधे तौर पर भाजपा की जीत को लाड़ली बहना योजना की जीत बताते हुए श्री चौहान को फिर से मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। इधर, मप्र भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज बताया कि सोमवार को शाम 4 बजे भोपाल में विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें पार्टी की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक- मनोहरलाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा शामिल होंगे।

श्री शर्मा ने बताया कि बैठक के लिए सभी विधायकों को आमंत्रण भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की पद्धति के अनुरूप प्रक्रिया होगी। मुख्यमंत्री पद की दौड़ के संबंध में श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ही सब कुछ तय करेगा। राज्य के विकास को आगे बढ़ाने और 2024 में श्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए, राज्य की दृष्टि से जो सर्वश्रेष्ठ होगा, वही होगा।

उल्लेखनीय है कि मप्र में शिवराज सिंह चौहान के अलावा नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया, विष्णुदत्त शर्मा के नाम मुख्यमंत्री के तौर पर लिए जा रहे हैं। दूसरी ओर राजस्थान का नया मुख्यमंत्री चुनने को लेकर भी दिल्ली से लेकर जयपुर तक भाजपा में गहमागहमी का माहौल है। भाजपा के विधायक दल की बैठक सोमवार को होगी। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सभी विधायकों से बातचीत करेंगे।

### कश्मीर में एक बार फिर मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में

# सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है लापरवाही का खामियाजा

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** करीब 39 दिनों के उपरांत जिस पुलिस अधिकारी को डाक्टरों ने सिर में गोली लगने के कारण मृत घोषित कर दिया उसकी मृत्यु के उपरांत कश्मीर में एक बार फिर एसओपी अर्थात मानक संचालन प्रक्रिया चर्चा में है। यह चर्चा में इसलिए है क्योंकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने फिर दोहराया है।

कि पुलिस को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा। पर यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में पुलिस पर हुए प्रत्येक आतंकी हमले के उपरांत ऐसे दिशा निर्देशों को हमेशा ही नजरअंदाज किया जाता रहा है। ज्यादा पुरानी बात न करें तो भी 13 दिसम्बर 2021 को आतंकियों ने श्रीनगर के जेवान चौक में एक उस पुलिस बस पर हमला बोल कर तीन पुलिसवालों को मार डाला था जो बिना किसी सुरक्षा कवच के अपनी ड्यूटी निभा कर वापस आ रही थी। इस हमले के उपरांत जब बहुत हो हल्ला मचा तो यह फैसला लिया गया था कि भविष्य में पुलिसकर्मियों को बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया करवाने के अतिरिक्त उन्हें एस्कार्ट भी दिए जाएंगें। और इस साल 31 अक्टूबर को आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी गुलाम मुहम्मद डार को पटन में उस समय गोली मार कर मार डाला जब वह अपने घर आया हुआ था। ऐसे कई मामले हैं जिसमें छुट्टी पर घर आए पुलिसकर्मियों पर आतंकियों ने हमले कर मार डाला था। और प्रत्येक ऐसी घटना के लिए एसओपी का पालन न करने की बात कही गई और फिर से दोहराया गया कि सभी को एसओपी का सख्ती से पालन करना होगा। जिस पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर वानी को श्रीनगर के खेल मैदान में गोली मार दी गई थी उसके प्रति अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारी दावा करते थे कि उन पर हमला किए जाने के इनपुट थे लेकिन मानक संचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था जो एक भारी भूल थी। ऐसे ही एसओपी की अनदेखी 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले के दौरान भी सामने आई थी जब केरिपुब के 47 से अधिक जवान कश्मीर में आज तक के हुए सबसे भयानक विस्फोट में मारे गए थे। यह एक कड़वी सच्चाई है कि कश्मीर में 36 सालों से फैले हुए पाक समर्थित आतंकवाद के दौर में न जाने कितनी बार मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश निकाले गए होंगें और कितनी बार उनकी अनदेखी की गई होगी, इसका कोई रिकार्ड ही नहीं है। लेकिन इतना जरूर था कि हर बार ऐसी कथित लापरवाही का खमियाजा सुरक्षाबलों को ही भुगतना पड़ा है। देश के सम्मान, एकता और अखंडता और ऐसी अन्य चीजों की रक्षा करने वाले सैनिकों को सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम और वास्तविक सैन्य कब्जे के पूरे तंत्र के बारे में शहर के सवालों का जवाब देने के बजाय गोली मारकर हत्या करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। कश्मीर घाटी में भारतीय सैनिकों को देता है।

## आज 12 और नवनिर्वाचित सदस्य पहुंचे विधानसभा, पूरी की औपचारिकताएं





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशानुसार नये माननीय सदस्यों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज अवकाश वाले दिन शनिवार को भी विधानसभा का स्वागत कक्ष खोला गया जिसमें कुल 12 माननीय सदस्य निर्वाचन प्रमाण पत्र लेकर विधानसभा पहुंचे। आज राजेंद्र शुक्ला विधानसभा पहुंचे तथा प्रमुख सचिव से सौजन्य भेंट की तथा प्रमुख सचिव ने उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात शुक्ला ने नवीन विधानसभा गठन संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कीं।

विधानसभा पहुंचने वाले अन्य प्रमुख सदस्यों में राजकुमार कर्राह, मनोज चौधरी, विक्रम सिंह, अनिरुद्ध मारू, चैतन्य कश्यप, कमल मर्सकोले, नागर सिंह चौहान, जगन्नाथ सिंह, श्रीमती प्रियंका पेंची, संदीप जायसवाल एवं डॉ मोहन यादव ने विधानसभा पहुंचकर सोलहवीं विधानसभा के गठन संबंधी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कीं।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, दिनेश कुशवाहा पुत्र रामपाल कुशवाहा निवासी 311, चंद्रिका अपार्टमेंट, गोरखपुर पुलिस स्टेशन के पीछे, जबलपुर (म.प्र.) ने अपना नाम बदलकर दिनेश कुमार कुशवाहा रख लिया है। अब से, मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए दिनेश कुमार कुशवाहा के नाम से जाना जाएगा।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र जबलपुर**

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक-381 श्री राजीव कुमार जायसवाल पिता स्व. श्री महेश प्रसाद जायसवाल के नाम आवंटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/01/2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 381 श्री राजीव कुमार जायसवाल पिता स्व. श्री महेश प्रसाद जायसवाल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02/11/2023 के माध्यम से श्री मिलन कुमार रजक पिता श्री कढ़ोरीलाल रजक को विक्रय किया है। श्री मिलन कुमार रजक पिता श्री कढ़ोरीलाल रजक द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक-381 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र जबलपुर
र.नं. 1721

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY N0 2703833N, RANK-HAV MANE-GAGAN DEEP, UNIT- 12 GRENADIERS निवासी VILLAGE-TANGRI, POST- SURAJPUR BARI, TEH- SARKAGHAT, DISTT- MANDI, STATE- HIMACHAL PRADESH PIN-175024 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम RAJ KUMARI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम RAJO DEVI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी मेरी माताजी के इस नाम RAJO DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- RAJ KUMARI
सही नाम- RAJO DEVI

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Amarjeet Kaur पत्नि Chiya Singh उम्र 67 वर्ष, निवासी ग्राम Dangar Khera पोस्ट ऑफिस Dangar Khera तहसील Abohar, जिला Fazilka राज्य Punjab, पिन कोड 152122 मेरे पुत्र का आर्मी नं. JC384388X, Rank-Sub & Hony Lt, Name-Sukhchain Singh, है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Amarjit Kaur दर्ज है जो की गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Amarjeet Kaur दर्ज है जो सही है दोनों नाम मेरी ही है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Amarjit Kaur के स्थान पर मेरा नाम Amarjeet Kaur दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं बब्लू रॉय पिता नायब सूबेदार आचिन्तय रॉय UNTI-MCMM आर्मी नं. 735675-L मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी धर्मपत्नी का नाम सम्पा रॉय दर्ज है जबकि आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में सम्पा सलूई दर्ज है अतः मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी धर्मपत्नी का नाम सम्पा रॉय के जगह सही नाम सम्पा सलूई दर्ज किया जावे

गलत नाम- सम्पा रॉय
सही नाम- सम्पा सलूई

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं "Brijkranti पति- Paras Nath Yadav उम्र 62 वर्ष, निवासी-ग्राम Emlideh पोस्ट ऑफिस Sikrijang, तहसील - Kahjani , जिला-Gorakhpur,राज्य-Uttar Pradesh पिन कोड 273213 मेरे पुत्र का आर्मी न.15707135H, Rank-SIGMN, Name-Shyam Sundar Yadava है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरा नाम Brij kanti Devi एवं जन्मतिथि 01/07/1966 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम Brijkranti एवं जन्मतिथि 01/01/1961 दर्ज है जो सही है दोनों नाम एवं जन्म तिथि मेरे ही है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Brij kanti Devi एवं जन्मतिथि 01/07/1966 के स्थान पर मेरा नाम Brijkranti एवं जन्म तिथि 01/01/1961 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी न. JC-386126A, Rank-Sub, Name- Kachare Dilip Shavaji पुत्र-Kachare Shivaji Dhondiba उम्र 46 वर्ष, निवासी-ग्राम एव पोस्ट ऑफिस Rajapur, तहसील - Khatav, जिला- Satara राज्य-Maharashtra, पिन कोड-415503,मेरे पुत्र का मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में नाम Rohan दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र के समस्त दस्तावेजों में नाम Rohan Dilip Kachare दर्ज है जो सही है दोनों नाम मेरे पुत्र के ही है मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Rohan के स्थान पर मेरे पुत्र का नाम Rohan Dilip Kachare दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13774073N, RANK NK TS NAME- SUNIL THAKUR residing at VILLAGE- KAHANPUR, PO KAHANPUR TEH-JASWAN, DISTT-KANGRA (HP), PIN-177111 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम NEELAM DEVI दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही एवं वास्तविक नाम NEELAM KUMARI है जो कि मेरी माताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी के इस नाम NEELAM KUMARI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597423 दिनांक 08/12/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- NEELAM DEVI
सही नाम- NEELAM KUMARI

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 13774072L, RANK RFN NAME- MADAN LAL presently residing at VILLAGE- FOGLA, P/O BHARARI TEH-BHATTIYAT, DISTT-CHAMBA (HP), PIN-176301 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम KARM CHAND दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम KARAM CHAND है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम KARAM CHAND को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र NO 36AA 597430 दिनांक 08/12/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम- KARM CHAND
सही नाम- KARAM CHAND

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Paras Nath Yadav पुत्र-Ram Lagan उम्र 68 वर्ष, निवासी-ग्राम Emlideh पोस्ट ऑफिस Sikrijang, तहसील - Kahjani , जिला-Gorakhpur, राज्य-ttar Pradesh पिन कोड 273213 मेरे पुत्र का आर्मी न.15707135H, Rank-SIGMN, Name-Shyam Sundar Yadava है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरा नाम Paras Nath Yadava एवं जन्म तिथि 01/07/1964 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम Paras Nath Yadav एवं जन्म तिथि 02/03/1955 दर्ज है जो सही है दोनों नाम एवं जन्म तिथि मेरे ही है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Paras Nath Yadava एवं जन्मतिथि 01/07/1964 के स्थान पर मेरा नाम Paras Nath Yadav एवं जन्म तिथि 02/03/1955 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Munni Khatoon पत्नि Shah Alam उम्र 72 वर्ष, निवासी-ग्राम & पोस्ट ऑफिस Kedarawala, तहसील - Vikas Nagar जिला-Dehradun, राज्य-Uttarakhand पिन कोड 248197 मेरे पुत्र का आर्मी न.JC383383M, Rank-Sub.Maj.& Hony Lt , Name-Abbas Ali , है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरा नाम Munmi दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में नाम Munni Khatoon दर्ज है जो सही है दोनों नाम मेरे ही है।, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Munmi एवं के स्थान पर मेरा नाम Munni Khatoon दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Valleturi Sridevi पत्नि Ravi Kumar Valleturi उम्र 38 वर्ष, निवासी- ग्राम एवं पोस्ट ऑफिस Naguluppalapdu,तहसील - Ongole, जिला-Prakasam राज्य -Andhra Pradesh पिन कोड 523183 मेरे पति का आर्मी नं.JC388662F , Rank-NB SUB, Name- Ravi Kumar Valleturi, है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sridevi Valleturi दर्ज है जो की गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Valleturi Sridevi दर्ज है जो सही है दोनों नाम मेरी ही है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Sridevi Valleturi के स्थान पर मेरा नाम Valleturi Sridevi दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जाए।

# साहित्य

कहानी

# नई जंग

■ ख्वाजा अहमद अब्बास

जिस दिन सूबेदार राजिन्दर सिंह की पेंशन मुक़र्रर हुई तो वो बहुत परेशान थे। ऐसा लगता था कि ज़िंदगी का सबसे बड़ा सहारा ही जाता रहा। सूबेदार ने अपनी सारी उम्र फ़ौज में काटी थी। न जाने कितनी जंगों में जान पर खेल कर आधे दर्जन तमगे हासिल किए थे। कितनी ही छावनियों की ख़ाक छानी थी। अपनी बहादुरी और मुस्तैदी से न जाने कितने अफ़सरों की ख़ुशनूदी हासिल की थी। मामूली सिपाही से जमादार और जमादार से सूबेदार मुक़र्रर हुए थे। फ़ौज का कोई ऐसा काम नहीं था जिसमें उन्होंने अपना सिक्का न बिठाया हो। निशाने बाज़ी में हमेशा नंबर अव्वल। चाहे छावनी में चाँद मारी हो या फ़्रंट पर दुश्मन के ख़िलाफ़ लड़ाई। सूबेदार राजिन्दर सिंह का निशाना कभी ख़ता नहीं हुआ था। अपने सिपाहियों को परेड कराते तो एक साथ काम करने वाली मशीनें बना देते। उनका अपने रंगरूटों और सिपाहियों से हमेशा यही कहना होता था। एक साथ क़दम उठाओ। जवानो एक साथ काँधे से काँधा मिलाओ, सीना तानो ऐसे जैसे फ़ौलाद की दीवार। लेफ़्ट राइट... लेफ़्ट राइट...?

पहली जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर सिंह बिलकुल जवान था। जवानी के जोश में ऐसे लड़ता था जैसे मस्त हाथी। इराक़, अरब, जर्मनी, फ्रांस। जंग के कितने ही मैदानों में उसने अपनी बहादुरी के झंडे गाड़े थे उसे कितने ही मैडल मिले थे। उसके अंग्रेज़ अफ़सरों ने उसकी पीठ ठोंकी थी। जब वो वापस आया था तो उसको कहा गया कि वो चाहे तो फ़ौज छोड़कर अपने गाँव में खेती बाड़ी कर सकता है। उसकी जंगी ख़िदमात के ईनाम में उसको ज़मीन भी अलॉट हुई थी। नौजवान जमादार ने अपने कैप्टन से कहा था। अभी तो यही इरादा है साहब कि गाँव जा कर पहले शादी करूँ और फिर खेती बाड़ी में अपने बाप का हाथ बटाऊँ। मगर कैप्टन ने कहा, वेल जमादार अभी तुम्हारा तीन महीने का छुट्टी बाक़ी है। तुम घर जा सकता है। तीन महीने के अंदर हमको बोलेगा कि आर्मी छोड़ना माँगता है तो हम छोड़ देगा। नहीं तो तुम इधर वापस आ सकता है। हम तुमको अपनी रेजिमेंट में रखेगा जो फ़रंटियर जाने वाली है।

ये सुनकर नौजवान जमादार सिर्फ़ मुस्कुरा दिया था। उसने सोचा था हमारे साहब को क्या मालूम कुलवंत कौर क्या चीज़ है। भला कोई ऐसी लड़की से ब्याह करने के बाद घर छोड़कर फ़ौज में जा सकता है ?कुलवंत उनके ही गाँव के पेंशनर सूबेदार रणजीत सिंह की बेटी थी। कुलवंत जिसकी राइफ़ल की नाली जैसी काली-काली आँखें थीं और जिसके बाज़ू ऐसे गदराए हुए थे जैसे आर्मी की डबल-रोटी और जिसकी ज़बान ऐसे चलती थी जैसे मशीन गन और जिसकी याद हर फ्रंट की हर ट्रेंच में राजिन्दर सिंह के साथ-साथ ऐसे चलती थी जैसे हर रेजिमेंट के साथ सीपरज़ाएंड माईनरज़ का दस्ता चलता है।

> पहली जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर सिंह बिलकुल जवान था। जवानी के जोश में ऐसे लड़ता था जैसे मस्त ?हाथी। इराक़, अरब, जर्मनी, फ़्राँस। जंग के कितने ही मैदानों में उसने अपनी बहादुरी के झंडे गाड़े थे उसे ?कितने ही मैडल मिले थे। उसके अंग्रेज़ अफ़सरों ने उसकी पीठ ठोंकी थी। जब वो वापस आया था तो ?उसको कहा गया कि वो चाहे तो फ़ौज छोड़कर अपने गाँव में खेती बाड़ी कर सकता है। उसकी जंगी ?ख़िदमात के ईनाम में उसको ज़मीन भी अलॉट हुई थी। नौजवान जमादार ने अपने कैप्टन से कहा

मगर छः बरस के बाद जब वो अपने गाँव पहुँचा और उसके सब रिश्तेदार और दोस्त उससे मिलने, जंग के हालात सुनने और उसके माँ-बाप को उसकी ख़ैरियत से वापसी पर मुबारकबाद देने, राजिन्दर सिंह के घर आए। मगर उसकी आँखें कुलवंत को ढूंढती रहीं। जब सब अपने-अपने घर चले गए तो उसने अपनी माँ से पूछा, माँ। कुलवंत नज़र नहीं आई। और तब उसकी माँ ने उसे वो सब कुछ बता दिया जो तीन बरसों से उससे छुपाते आए थे और जिसके बारे में उसके माँ बाप ने जान-बूझ कर किसी ख़त में ज़िक्र नहीं किया था कि ये ख़बर पढ़ कर न जाने वहाँ मैदान-ए-जंग में बेटा क्या कर बैठे और राजिन्दर को मालूम हुआ कि कुलवंत के ब्याह को तो तीन बरस हो चुके हैं। उसकी शादी क़रीब के गाँव में एक नौजवान ठेकेदार बख़्तावर सिंह से हो गई है और अब तो उसकी गोद में एक बच्चा खेलता है।

ये सुनकर राजिन्दर कुछ नहीं बोला। उसे ऐसा महसूस हुआ कि शादी की शहनाइयाँ जो बरसों से उसके कानों में गूंज रही थीं अब दूर होती जा रही हैं... यहाँ तक का वो याद के धुँदलके में खो गईं और उनकी बजाय बिगुल की आहनी चीख़ दूर से पुकारती हुई क़रीब आती गई और उसके शऊर में हज़ारों बम ब-यक-वक़्त फट पड़े।

और अगले रोज़ सुबह सवेरे ही वो वर्दी पहन कर वापस जाने को तैयार हो गया। माँ-बाप ने घबराकर सबब पूछा तो उसने सिर्फ़ इतना कहा, बस दो दिन ही की छुट्टी मिली थी। कल हमारी रेजिमेंट फ़्रंटियर के लिए रवाना हो रही है।

फ़्रंटेकर रज़बक, जमरूद और दर्रा-ए-ख़ैबर की छावनियाँ। कितने ही बरस उसने कोशिश की किसी पठान की गोली उसका सीना चीर कर इस कमबख़्त जान-लेवा याद का गला घोंट दे जो अब तक उसके दिल को नर्ग़े में लिए हुए है। पर न जाने क्यों हर गोली उससे कतरा के निकल गई।

आसाम, बर्मा की सरहद, जंगल, मलेरिया, उसके कितने ही साथी जो गोलों और गोलियों से न मरे थे मामूली बुख़ार का शिकार हो गए। मगर राजिन्दर को मौत न आई।

दूसरी जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर ने कहाँ-कहाँ मौत को तलाश नहीं किया मिस्र और लीबिया के लक़्क़-ओ-दक़ रेगिस्तान कोहिमा और बर्मा की पहाड़ियाँ। मिलाया के जंगल और दलदल। उसके सीने पर तमग़े लगते रहे। जमादार से वो सूबेदार हो गया। उसकी दाढ़ी में सफ़ेद बाल चमकने लगे। मगर जितने भी ज़ख़्म उसे लगे उनमें कोई भी कारी न साबित हुआ। और एक याद का घाव अंदर ही अंदर सताता रहा यहाँ तक कि दूसरी जंग-ए-अज़ीम भी ख़त्म हो गई। हिन्दोस्तान आज़ाद हो गया। मुल्क की तक़सीम हो गई और राजिन्दर सिंह को पेंशन दे दी गई।

छावनी में ये उसका आख़िरी दिन था। वो ह.ष्ट.ह.स्र के मेस में अकेला बैठा बे-तवज्जुही से रेडियो सुन रहा था पर एक जानी बूझी आवाज़ हिंदुस्तानियों को एक नई जंग के लिए ललकार रही थी।

ये जंग किसी बैरूनी दुश्मन के ख़िलाफ़ नहीं है बल्कि अंदरूनी दुश्मनों के ख़िलाफ़ है...

राजिन्दर सिंह के फ़ौलादी हाथ की पकड़ अपनी राइफ़ल पर और भी मज़बूत हो गई।

ये जंग है जहालत के ख़िलाफ़...

ये जंग है मुफ़लिसी और बेकारी के ख़िलाफ़...

ये जंग है बीमारी के ख़िलाफ़ ...

इस जंग में ख़ंदक़ें नहीं खोदी जाएँगी। कुएँ खोदे जाऐंगे।

इस जंग में अपनी हिफ़ाज़त के लिए संगीन फ़सीलें नहीं बनाई जाएँगी, स्कूलों और हस्पतालों की दीवारें खड़ी की जाएँगी।

ये जंग बंदूक़ों और तलवारों, मशीन गनों और बमों से नहीं, हलों और कुदालों और ट्रैक्टरों और बुल्डोज़रों से लड़ी जाएगी।

राजिन्दर सिंह की समझ में कुछ आया और कुछ नहीं आया। उसे ऐसा महसूस हुआ कि उसके लिए ये नई जंग भी ऐसी ही है जैसी और आम जंगें जो उसने अब तक लड़ी थीं।

वो अरबों से, तुर्कों से, जर्मनों और इतालवियों से और फिर जापानियों से लड़ा था। हालाँकि उसको उनसे कोई दुश्मनी नहीं थी। सिर्फ़ इसलिए लड़ा था कि ये उसके अफ़सरों का हुक्म था और आज उसका सबसे बड़ा अफ़सर उसे इस नई जंग के लिए ललकार रहा था। मगर अब भी सूबेदार राजिन्दर सिंह को ये यक़ीन नहीं था कि ये जंग उसकी अपनी जंग है और उसके अपने दुश्मनों के ख़िलाफ़ है।

उसके दिमाग़ में और उसके दिल में एक अजीब तन्हाई का, एक अजीब अंधेरे का एहसास था। जैसे काली रात में कोई सिपाही जंगल में रास्ता भूल जाए और उसे ये न मालूम हो कि दुश्मन की फ़ौज किधर है। आज उसे अपनी रेजिमेंट से छुट्टी मिल जाएगी। इसके बाद वो कहाँ जाएगा, क्यों जाएगा, कहाँ रहेगा, क्या करेगा। माँ, बाप दोनों मुद्दत के मर चुके थे अब गाँव में उसका कौन है। जिसके पास वो जाए।

इतने में उसे किसी के नए फ़ौजी जूतों की खट-खट सुनाई दी। सूबेदार ने देखा कि एक नौजवान रंगरूट जिसके नर्म-नर्म सर के बाल पगड़ी से बाहर निकले हुए थे और जिसके चेहरे पर दाढ़ी की जगह अभी सिर्फ़ सुनहरी रुआँ ही उगा है। जो पहली बार वर्दी पहन कर अजीब-अजीब लग रहा है और जिसकी निगाहें इधर-उधर किसी को ढूंढ रही हैं। और न जाने उसे कैसे ये महसूस हुआ कि उसने इस लड़के को कहीं देखा है।

सूबेदार राजिन्दर सिंह आप ही हैं

हाँ मैं ही हूँ। तुम कौन हो... बेटा और न जाने उस नौजवान को बेटा कहना राजिन्दर सिंह को क्यों अच्छा लगा।

जी मेरा नाम अमर सिंह है।

तुम्हारे पिता का नाम

बख़्तावर सिंह।

क्या काम करते हैं

जी वो ठेकेदारी करते थे। पर कई बरस हुए उनका देहांत हो गया।

और तुम ठेकेदार के बेटे हो कर फ़ौज में भर्ती होने आए हो। क्यों

मेरी माँ ने कहा। मुझे फ़ौज में भर्ती होना चाहिए। देश की हिफ़ाज़त करने के लिए।

बड़ी बहादुर माँ है तुम्हारी। मगर मेरा नाम तुम्हें किसने बताया

माँ ने। वो कहती थीं सूबेदार साहब के पास जाना वो तुम्हें फ़ौज के बारे में सब बता देंगे।

और कुछ भी कहा था

कहा था सूबेदार साहब से कहना उनके गाँव की हालत बहुत ख़राब है।

कहाँ रहती है तुम्हारी माँ।

अपने बाबा के गाँव। सिंघपुर में। तो आप जाऐंगे ना

हाँ बेटा ज़रूर जाऊँगा। बल्कि आज ही, अभी। वहीं जा रहा हूँ। चलो मैं तुम्हें अपने कमांडर साहब से मिला दूँ। तुम्हें फ़ौज में सिंघपुर के बहादुर नौजवानों का नाम अमर रखना है।

वो दोनों एक बूढ़ा और एक जवान। एक पेंशनर और एक रंगरूट क़दम से क़दम मिलाए कैप्टन के ऑफ़िस की तरफ़ चले और उनके बूटों की आवाज़ दूर तक बरामदे में गूँजती रही।

और इस शाम को जब सूबेदार ने अपने गाँव की सरहद में क़दम रखा और तालाब पर मच्छर भिन-भिनाते देखा और मलेरिया के मारे किसानों को देखा और उनके टूटे-फूटे झोंपड़े देखे और हड्डियाँ निकले हुए बैलों को देखा और सूखे के मारे बच्चों को चीथड़े पहने गाँव की गंदी गलियों में खेलते देखा तो उसे दूर जंगी बिगुल बजने की आवाज़ सुनाई दी... ये ऐलान-ए-जंग था लेकिन किसी इन्सानी दुश्मन के ख़िलाफ़ नहीं बल्कि इन्सान के दुश्मनों के ख़िलाफ़। ग़ुर्बत के ख़िलाफ़। गंदगी के ख़िलाफ़... बीमारियों के ख़िलाफ़।

और एक-बार फिर राजिन्दर सिंह का सीना अज़्म से तन गया।

उसे अब नई जंग लड़नी थी।



# मैं जोहिला : जोहिला के बहाने नर्मदा की कथा

■ अजय चन्द्रवंशी

आदिम मनुष्य की जिज्ञासा वृति और सहज वृत्ति अपने भौगोलिक परिवेश के अनुरूप मिथकों और लोक कथाओं को जन्म देती रही है। तत्कालीन ज्ञान की सीमाओं के चलते भी मनुष्य की द्वंद्व से मुक्ति की सहज वृति भी इन लोक कथाओं की उत्पत्ति का एक कारण रही है। प्रकृति का मानवीकरण भौतिक वस्तुओं पर चेतना का आरोपण सार्वभौम है, और इसने कई दिलचस्प लोक कथाओं को जन्म दिया है।

लोककथाओं/ विश्वासों में निंदा या सम्मान में चूक की संभावना अपेक्षाकृत कम होती है। इसलिए यदि लोकविश्वास नर्मदा के पक्ष में है और जोहिला और शोणभद्र को लांक्षित करता है तो मानना चाहिए नर्मदा के पक्ष में यह सहानुभूति अकारण नहीं है।

नर्मदा-शोण(सोन)- जोहिला की भौगोलिक स्थिति की विलक्षणता लोकमानस में इस प्रेम त्रिकोण की कथा को विकसित होने के लिए अनुकूल परिस्थिति पैदा करती है। एक ही जगह(अमरकंटक पहाड़ी क्षेत्र) से निकलकर नर्मदा (पश्चिम) और सोन(पूर्व) का विपरीत दिशा में प्रवाह जन मानस में दोनो में अलगाव की कथा सृजित होने के लिए उपयुक्त था। उस पर जोहिला और शोण का संगम ने प्रेम त्रिकोण का रूप लिया।

उपन्यासकार ने इस लोककथा को औपन्यासिक स्वरूप दिया है। वे उस परिवेश से जुड़े हैं और नर्मदा की लोक महत्ता से परिचित और प्रभावित हैं इसलिए उपन्यास का शीर्षक भले %मैं जोहिला% है मगर कहानी मुख्यत: नर्मदा की है। ऐसा प्रतीत होता है जोहिला और शोण इस कथा के उपादान मात्र हैं और केन्द्रीयता नर्मदा की त्रासदी को व्यक्त करना है। यों लोककथा की सीमितता भी अधिक कहने का अवसर नहीं देती बावजूद लेखक ने अपेक्षित विस्तार का प्रयास किया है।

नर्मदा और जोहिला बचपन से सखी हैं। नर्मदा राजसी कन्या है और जोहिला सामान्य नागरिक की पुत्री फिर भी दोनो में गहरी मित्रता है। नर्मदा के व्यवहार से कहीं परिलक्षित नहीं होता कि वह खुद को उससे या अन्य सखियों से उच्च मानती है। जोहिला भी कभी नर्मदा को गैर नहीं समझती या उसके राजसी कन्या होने से मित्रता में कभी असहज महसूस करती है। अवश्य युवावस्था की नैसर्गिक आकांक्षा जोहिला मे नर्मदा की अपेक्षा अधिक प्रकट होती है।यों जोहिला भी संयमित है मगर उसके अंदर नर्मदा के प्रति एक सहज मानवीय प्रतिस्पर्धा का भाव है जो अनायास प्रकट होते रहता है। वह कई बार महसूस करती है कि वह नर्मदा से अधिक रूपवती है मगर उसके अनुरूप उसे प्रतिष्ठा नहीं मिलती। जाहिर है इसका एक कारण सामाजिक स्थिति का अंतर भी है। मगर नर्मदा के अंदर कहीं पर श्रेष्ठताबोध अथवा जोहिला के प्रति प्रतिस्पर्धा भाव प्रकट नहीं हुआ है। लेखक ने कथा का माध्यम जोहिला को बनाया है मगर हम कह चुके हैं पूरे उपन्यास में नर्मदा व्याप्त है। घटनाक्रम की नाटकीयता और प्रेम का द्वंद जो उपन्यास के आखिरी हिस्से में है वह सहज नहीं जान पड़ता।

जोहिला का शोण को देखकर उसके मनुहार पर पिघलते जाना और आंतरिक रजामंदी कहीं गहरे उसके नर्मदा के प्रति अव्यक्त प्रतिस्पर्धा का प्रकटीकरण लगता है जिसकी झलक कई बार उसके अपने रुपाकर्षण के प्रकटीकरण से मिलती है। अवश्य उसमें हल्का सा द्वंद्व और अपराधबोध दिखता है मगर वह उसके शोण के प्रेम निवेदन के आगे कुछ भी नहीं है। इससे विचित्र स्थिति शोण की है। वह कोमोमण्डल का राजकुमार है। अवश्य जागीर छोटी है, मगर है तो जागीर। वह रूपवान योग्य युवक है। नर्मदा के स्वयंवर की शर्त बकावली पादप लाने को कठिन परिस्थितियों में वह पूरा करता है। पूरी विवाह की तैयारी हो जाती है बरात नर्मदा के घर तक आ जाती है। शोण के मन मे कहीं कोई असमंजस या द्वंद्व नहीं दिखाई देता, जिससे लगे कि इस विवाह में उसके लिए कहीं कुछ गलत भी है। मगर जैसे ही वह जोहिला को देखता है। उसके रूप सौंदर्य पर मोहित होता है और तब नर्मदा के प्रति उसके बहुत से असमंजस प्रकट होने लगते हैं।

शोण जिसे प्रेम कहता है वह सामंती अभिरुचि से गंभीर रूप से ग्रस्त है। वह प्रथमत: जोहिला को नर्मदा के साथ भी पाने को तैयार है, उसके लिए यहां कोई दुविधा नहीं है। शोण अपने नर्मदा के प्रति असहजता के लिए जो तर्क गढ़ता है, वह बेहद लचर है। ये सारे तर्क जोहिला को.पाने के भ्रान्त तर्क प्रतीत होते हैं। वह कहता है नर्मदा के परिवेश और व्यक्तित्व और उसके परिवेश में काफी अंतर है जिसका कारण वह नर्मदा और उसके पिता के साम्राज्य की विशालता और अभिजात्य परिवेश को बताता है और स्वयं उससे कमतर मानता है। फिर आगे अपनी कद-काठी को नर्मदा की अपेक्षा कम जानकर हीनता महसूस करता है। आश्चर्य है उसे ये बातें पहले ध्यान नहीं आती! फिर क्या दाम्पत्य में छोटी-मोटी असमानताएं नही होती? फिर यह बात शोण स्वयंवर जीतने के बाद स्पष्ट कर सकता था जिससे नर्मदा को इस तरह विवाह मंडप में आहत नहीं होना पड़ता। इस सम्बंध में शोण का तर्क कि जब मैं बकावली लाने के लिए निकला, तब तक मैंने इस सम्बंध में कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं सोचा था! बाद में जब जब इस ओर गया, तब तक बहुत विलंब हो चुका था। दूसरे के जीवन से खिलवाड़ की कीमत पर यह असमंजसता कमाल का है!

शोण के इस तर्कजाल का अगला तर्क यह है; वह जोहिला से कहता है आप ही मेरे व देवी नर्मदा के मध्य आजीवन सेतु का कार्य कर सकती हैं। नर्मदा से दूर भी रहना है और नर्मदा जैसी स्त्री(जोहिला) की चाह भी है! आगे वह जोहिला से कहता है क्या यह सत्य नहीं कि मेरी भांति आप भी मूलत: जनकन्या हैं? एक छोटा सामंत भी अपने को आमजन कह सकता है! इसमे बुराई नहीं लेकिन आगे का तर्क क्या यह भी सत्य नहीं कि हमारी जोड़ी भी आदर्श होगी, क्योंकि मैं आपसे तनिक लंबा हूँ कमाल का तर्क है दाम्पत्य के लिए पुरूष का स्त्री से कद में लंबा होना जरूरी (आदर्श)है! कहाँ प्रेम का उदात्त रूप जहां वर्ण, जाति, शारीरिकता, खत्म हो जाता है, और कहाँ यह शारीरिक नाप-जोख!

इस तर्कजाल में जोहिला का भी बराबर सहयोग है। कहती है अपनी दुर्दशा के लिए नर्मदा परोक्षत: स्वयं दायी थी। मैने उसे कितना समझाया था कि विवाह जैसे नितांत व्यक्तिगत मसले को लोक कल्याण का उत्स न बनाये।....अब उसे आघात लगा तो वह उसका कारण खोजने के लिए स्वयं के अंतर में झांकने के बदले मुझे कोस रही थी...सोन के जीवन मे मैं नहीं आती तो कोई अन्य आता। इन सब बातों का ध्यान जोहिला को सोन से मिलने के पहले नही आया! माना विवाह व्यक्तिगत मसला है, मगर नर्मदा इसे जनकल्याण से जोड़कर कभी द्वंद्व में नहीं रही थी। वह अपना नायक जननायक चाही तो इसमे बुराई क्या है फिर जिसने स्वयम्वर जीता उसे उसने सहज स्वीकारा। कहीं कोई दुविधा नहीं।न ही यह कोई बनावटी उपक्रम था। इसे बनावटी बताने का उपक्रम शोण और जोहिला कर रहे हैं। आगे एक स्थल पर जोहिला कहती है यह यह ठीक था कि उसने(नर्मदा) अपने ही द्वारा पैदा की परिस्थिति का सामना ना कर उससे पलायन किया था, किंतु यह पलायन तो उसके जुझारू व्यक्तित्व के अनुरूप न था। गजब का तर्क है अपने कार्य के औचित्य को सिद्ध करने के लिए दूसरे पर दोषरोपण कर दो!

त्रासदी होनी थी, हो गई। जोहिला और शोण मिल गए। आहत नर्मदा उनसे दूर चली गई।जोहिला स्वीकारती भी है वह चाहती तो दोनों को नुकसान पहुंचा सकती थी, मगर उसने ऐसा नहीं किया, बल्कि एक तरह से उनके रास्ते से हट गई। उसके व्यक्तित्व की उदात्तता कहीं क्षीण नहीं होती। केवल एक जगह दोनो को अंतरंग सम्बन्ध में बंधे देखकर कर आवेशित होती है और अपशब्द कहती है, जो परिस्थितिवश बहुत असामान्य नहीं है। हमने ऊपर शोण और जोहिला के 'सहज प्रेम' के दावा को प्रश्नांकित करने का प्रयास किया है और 'प्रकृतवाद' से प्रभावित कहा है तो सम्भव है किसी को हमारे विवेचन में 'नैतिकतावाद' हावी दिखाई दे। इस सम्बंध में हमारा कहना है कि अवश्य प्रेम नैसर्गिक होता है, वह कहीं भी किसी से हो सकता है, मगर हर तात्कालिक आकर्षण जरूरी नहीं की प्रेम भी हो, उसमे ठहराव भी जरूरी है।

आमुख में अनामिका जी ने लिखा है पूर्णता का आदर हो सकता है पर उससे प्रेम पाना आसान नहीं, न ही उसके प्रेम का पात्र हो पाना आसान है। कहीं तो कुछ अधूरा हो तभी तो समर्पण की आस जगे। दो अर्धगोले ही मिलकर प्रेम का ग्लोब पूरा करते हैं-जैसे शोण और जोहिला ने किया। इससे हमारी सहमति है मगर उपन्यास में नर्मदा का चरित्र उदात्त होकर भी मानवीय है और वह मानवीय आकांक्षाओं से भरी हुई है।अवश्य उसमे एक गरिमामय गोपन है। मगर विवाह के समय उसकी उत्सुकता उसकी मानवीयता को ही उजागर करती है।उसके व्यक्तित्व में ऐसी 'पूर्णता' नहीं है जिसमे कुछ भरा ही न जा सके और वह मानवीय आकांक्षाओं से परे हो। लेखक ने संक्षिप्त कथा को औपन्यासिक रूप देने का बेहतर प्रयास किया है और उसमे सफल भी है। नर्मदा के चरित्र में उदात्तता है मगर उसका चित्रण मानवीय है। सिर्फ एक जगह भविष्यवक्ता साधु के संदर्भ में इसके दैवीय रूप की झलक मिलती है जो हमारी समझ मे कथा-प्रवाह के लिए सहज नहीं है। इस तरह नर्मदा के दैवीय रूप दिखाने से आगे की उसकी त्रासदी 'लीलामात्र' प्रतीत हो सकती है क्योंकि इससे वह भूत-भविष्य की जानकर प्रतीत होने लगती है।

बहरहाल लेखक लोकमान्यता की सीमाओं से बंधा है, उसे उपन्यास का विस्तार उस दायरे में ही करना है, बावजूद इसके उसने कथानक का विस्तार बेहतर ढंग से करने का प्रयास किया है।पाठकों का संवेदनात्मक जुड़ाव भिन्न-भिन्न अभिरुचि, व्यक्तित्व और संस्कार के अनुरूप भिन्न-भिन्न पात्रों से हो सकता है।

**कृति- मैं जोहिला( उपन्यास )**
**लेखक-प्रतिभू बनर्जी**
**प्रकाशन- नमन प्रकाशन, नई दिल्ली**

## कविता : युद्ध करता है अनथक मेहनत

ईराकी कविता- दुन्या मिखाइल

■ अंग्रेज़ी से रूपांतर-ललित सुरजन



देखो, सचमुच कितना
भव्य है युद्ध!
कितना तत्पर और
कितना कुशल!
अलस्सुबह वह
साइरनों को जगाता है और
एंबुलेंस भेज देता है
दूर-दराज़ तक,
हवा में उछाल देता है
शवों को और
घायलों के लिए
बिछा देता है स्ट्रेचर.
वह माताओं की आँखों से
बुलाता है बरसात को,
और धरती में गहरे तक धँस जाता है
कितना कुछ तितर-बितर कर,
उधर खंडहरों में,
कुछ एकदम मुर्दा और चमकदार
कुछ मुरझाए हुए लेकिन
अब भी धड़कते हुए
वह बच्चों के मष्तिष्क में
उपजाता है हज़ारों सवाल,
और आकाश में
राकेट व मिसाइलों की आतिशबाजी कर
देवताओं का दिल बहलाता है,
खेतों में वह बोता है
लैंडमाइन और फिर उनसे
लेता है जख्मों व नासूरों की फसल,
बह परिवारों को बेघर-विस्थापित
हो जाने के लिए करता है तैयार,
पंडों-पुरोहितों के साथ होता है खड़ा
जब वे शैतान पर लानत
फेंक रहे होते हों
(बेचारा शैतान,उसे हर घड़ी देनी होती है
अग्नि परीक्षा)
युद्ध काम करता है निरन्तर
क्या दिन और क्या रात,
वह तानाशाहों को
लंबे भाषण देने के लिए
प्रेरित करता है,
सेनापतियों को देता है मैडल
और कवियों को विषय,
वह कृत्रिम अंग बनाने के
कारखानों को
करता है कितनी मदद,
मक्खियों तथा कीड़ों के लिए
जुटाता है भोजन,
इतिहास की पुस्तकों में
जोड़ता है पन्ने व अध्याय,
मरने और मारने वालों के बीच
दिखाता है बराबरी,
प्रेमियों को सिखाता है पत्र लिखना
व जवाँ औरतों को इंतज़ार,
अखबारों को भर देता है
लेखों व फोटो से,
अनाथों के लिए बनाता है नए घर,
कफन बनाने वालों की कर देता है चाँदी
कब्र खोदने वालों को देता है शाबासी,
और नेता के चेहरे पर
चिपकाता है मुस्कान,
युद्ध अनथक मेहनत करता है बेजोड़,
फिर भी क्या बात है कि
कोई उसकी तारीफ में
एक शब्द भी नहीं कहता।

## खामोशी

खामोशी पर कब तक आप सोते हैं।
आवाज पर ही तो सवाल होते हैं।।
पानी के बहाव के साथ ही कूड़ा करकट चलता है।
ठहराव पर कब विवाद होते हैं।।
आप में कुछ खास होगा कुछ बात होगी तो लोग जलेंगे।
लोगों के पास यही तो काम होते हैं।।
नापरवाह करो अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ो।
अपनी नज़रों में रहो सही वही तो लोग कामयाब होते हैं।।
उन लोगों का भी शुक्रिया जो कमी ढूंढते हैं।
तभी तो हम अपनी अच्छाईयों से वाकिफ होते हैं।।
दुनिया में पूर्ण तो कोई भी नहीं है।
हर किसी में कुछ ना कुछ अवगुण तो जरूर होते हैं।।
नमिता निगाहों की बात है कि नजरिया कैसा होगा।
जैसी सोच होती है वैसे ही तो पैमाने होते हैं।।

**नमीता सिंह जाट**
**धनारे कॉलोनी**
**नरसिंहपुर**

# मौसम का मिजाज बिगड़ा, बीमारियां बढ़ीं

## ओपीडी में लंबी कतारें, हार्ट के मरीजों को सावधान रहने हिदायत

**जबलपुर,देशबन्धु।** वैसे तो ठंड का मौसम हैल्दी माना जाता है,लेकिन जिस तरह मौसम बार-बार बदल रहा है बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सकों ने हार्ट के मरीजों से ज्यादा सावधानियां बरतने की हिदायत दी है। सरकारी अस्पतालों में रोजाना भीड़ बढ़ रही है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता कम न हो चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में इम्युनिटी का कम होना नुकसानदायक हो सकता है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में ही रोजाना 900 से 1000 मरीज तक पहुंच रहे हैं। यही हाल जिला अस्पताल विक्टोरिया समेत अन्य अस्पतालों के हैं। सबसे ज्यादा बुखार, सर्दी-जुकाम और निमोनिया से पीड़ित मरीज हैं। इसके अलावा तापमान में गिरावट के साथ हृदय रोगियों और लकवे के मरीज भी बढ़े हैं। चिकित्सकों



का कहना है कि ठंड के साथ बारिश के चलते संक्रामक बीमारियाँ फैलने काखतरा बना रहता है, ऐसे में विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है।

**-बच्चे-बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित**

बच्चे और बुजुर्ग ऐसे मौसम में जल्दी प्रभावित होते हैं लिहाजा इनकी देखभाल भी खास होनी चाहिए। बच्चा वार्ड और मेडिसिन वार्ड में बेड लगभग भरे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों में वायरल और फीवर के मरीज सबसे ज्यादा हैं। मौसम में बदलाव से इम्युनिटी कम होती है, इसी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ी है।

# ओशो दिवस पर पूर्व छात्र-छात्राओं के मिलन समारोह की तैयारी शुरू

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओशो जन्मोत्सव एवं शासकीय ओशो महाकौशल महाविद्यालय के पूर्व छात्र छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। ओशो जी का 92 वा जन्मदिवस 11 दिसम्बर सोमवार को मनाया जा रहा है। एल्युमनी के प्रयासों से ओशो नामकरण महाविद्यालय का हुआ ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारे प्रयास और जन्मोत्सव सार्थक हुआ। प्रथम चरण में पूर्व छात्रों द्वारा महाविधालय की लाइब्रेरी में रखी ओशो जी की चेयर पर 11 बजे पुष्प अर्पित करेंगे। कार्यक्रम का द्वितीय चरण में शाम 5 बजे से महाविद्यालय के ओशो प्रेक्षागृह में प्रारम्भ होगा। जिसमें उपस्थित पूर्व छात्रों के द्वारा मंच से अपना परिचय देंगे। महापौर, नवनिर्वाचित विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष आलोक मिश्रा, अरुण पांडे सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव व राज्य सूचना आयुक्त, परमा शिवम, आशीष दुबे, शशांक शेखर, कवि सुदीप भोला, एस एस गुप्ता, अशोका नंद जी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ए सी तिवारी जी करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ होगा। डॉ प्रशांत मिश्रा, विवेक पाठक, आदित्य मिश्रा, तरुण रोहितास, राधाकृष्ण पांडे, मनोज परोहा, राजेश दीक्षित शामिल थे।






# शीघ्र होगा गोराबाजार से भोंगाद्वार सड़क निर्माण

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंट क्षेत्र के नवनियुक्त विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने लेफिटनेंट जनरल एम. के. दास जी.ओ.सी. से एमबी एरिया में उनके कार्यालय में भेंट की और उनके संज्ञान में उपरोक्त समस्याओं के संबंध में चर्चा की। केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोराबाजार से भोंगाद्वार सड़क अत्यंत जर्जर है। इस सड़क में सैन्य संस्थान हैं एवं सैन्य स्कूल, सरकारी स्कूलों से बच्चों का आवागमन होता है। चूंकि उपरोक्त सड़क माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान जी की मद से मेरे द्वारा स्वीकृति प्रदान करवायी गयी है सड़क सैन्य प्रशासन के अधीन आती है इसीलिए उसे बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाये।

वार्ड नम्बर 01 अंतर्गत राजीव गांधी नगर बस्ती में सैन्य प्रशासन द्वारा बेदखली का नोटिस दिया जा रहा है, उसे अविलंब रोका जाए। उपरोक्त दोनों समस्याओं के संदर्भ में जीओसी महोदय ने साकारात्मक रुख दिखाया और गोराबाजार से भोंगाद्वार सड़क सेन्ट्रल कमांण्ड से जैसे ही स्वीकृति होगी वैसे ही कार्य शुरु होगा अभी फिलहाल रोड़ को पेंचवर्क करके चलने लायक बनाया जाएगा। राजीव गांधी नगर बस्ती के संदर्भ में सैन्य प्रशासन के द्वारा बेदखली नहीं की जावेगी ऐसा आश्वासन दिया गया इस अवसर पर स्टेशन कमाण्डर जबलपुर राहुल गोहद जी एवं पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल उपस्थित थे।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार की पोल खुली

**जबलपुर,देशबन्धु।** लंबे समय तक देश की अर्थव्यवस्था को चौपट करने का सबसे बड़ा कारण कांग्रेस की सरकारें रही है और कांग्रेस के एक सांसद के पास 210 करोड़ से अधिक कैश मिलने से यह बात सिद्ध भी होती है, इसीलिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा कांग्रेस के भृष्टाचार का पुतला दहन किया गया है, यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने पुतला दहन के अवसर पर मालवीय चौक में कही। नगर अध्यक्ष साहू ने कहा झारखंड के एक सांसद धीरज साहू के पास इतना पैसे मिलने से देश समझ गया है कि यह भृष्टाचार से कमाया गया पैसा है और कांग्रेस के सांसद के ऊपर उनकी पार्टी के नेताओ का ही हाथ रहा है और यदि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का इसमे हाथ नही है तो उन्हें सामने आकर बताना चाहिए कि इतना पैसा कहां से आया।

राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कांग्रेस और भृष्टाचार एक दूसरे के पर्याय है और हमे याद है 2014 के पहले जब लगातार कांग्रेस की सरकार केंद्र में होती थी तब प्रतिदिन भृष्टाचार की खबरों से समाचार पत्र और चैनल भरे रहते थे किंतु जैसे ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तब से लेकर आज तक किसी भी नेता पर कोई आरोप भृष्टाचार के लिए नही लगा है पर कांग्रेस के नेताओ के नाम आज भी भृष्टाचार में सामने आ रहे है।



उन्होंने कहा एक और उनके सहयोगी दल की एक सांसद महुआ मोइत्रा केश क्यूरी मामले में संसद से बर्खास्त होती है वही कांग्रेस की एक सांसद के पास 200 करोड़ से अधिक रुपये पकड़े जाते है यह कांग्रेस की करनी को उजागर करता है।

इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, कमलेश अग्रवाल, रजनीश यादव, प्रणीत वर्मा, रविंद्र पचौरी, संजय यादव, शिवा चौधरी, उवेज अंसारी, रूपा राव, योगेश बिलोहा, अभिषेक तिवारी, अतुल चौरसिया, संतोष ललवानी, जीतू कटारे, संजय नाहतकर, लवलीन आंनद, मालती चौधरी, शारदा कुशवाहा, जय चक्रवर्ती, चित्रकान्त शर्मा, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया ने नारी शक्ति बचत खाते का शुभारंभ किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** बैंक आफ इंडिया जो देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक अग्रणी बैंक है, ने प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रजनीश कर्नाटक के कर कमलों से प्रधान कार्यालय, मुंबई में निदेशक मंडल की गरिमामयी उपस्थिति में अपने नारी शक्ति बचत खाता उत्पाद का शुभारंभ किया है यह एक विशेष बचत बैंक उत्पाद है जिसका उददेश्य स्वतंत्र आय स्रोत की 18 वर्ष और इससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की वित्तीय आवश्यकतों को पूरा करना है इस बचत खाते को विशिष्ट सुविधाओं और विशेषताओं से समृद्ध करके पेश किया गया है, जैसे 100 लाख रूपये तक उच्च व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर, रियायती स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस उत्पाद गोल्ड और डायमंड बचत खाताधारकों के लिए आकर्षक छूट के साथ एवं प्लैटिनम बचत खाताधारकों के लिए मुफ्त लॉकर सुविधा, खुदरा ऋण पर ब्याज की रियायती दर, खुदरा ऋण पर प्रसंस्करण शुल्क की छूट, मुफ्त क्रेडिट कार्ड जारीकरण और पीओएस पर 5.00 लाख रूपये तक की उच्चतर उपयोग सीमा।




नारी शक्ति बचत खाते की संकल्पना, स्वतंत्र आय की कामकाजी महिलाओं के प्रयोग के अनुकूल वित्तीय बचत के एक माध्यम के रूप में की गई ताकि वे सही अर्थों में आत्मनिर्भर बनें और उच्चतर वित्तीय आजादी का अनुभव कर सकें बैंक खोले गए प्रत्येक नए नारी शक्ति खाते के लिए सीएसआर निधि में 10 रूपये का योगदान करेगा और इस सीएसआर निधि का उपयोग वंचित महिलाओं/बालिकाओं के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए किया जाएगा नारी शक्ति बचत खाता हमारी सभी 5132 घरेलू शाखाओं और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से भी खोला जा सकता है।

# बेटी बचाओ बढ़ाओ की निकली जागरूकता रैली



**जबलपुर,देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महाकौशल प्रांत अंतर्गत महानगर जबलपुर व प्रांत के कार्यकर्त्ताओ कि संयुक्त बैठक प्रांत कार्यकाल बिंद्रा हाउस गुप्तेश्वर में सम्पन्न हुई, जिनमें आगामी 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक ग्राहक जागरण पखवाड़े कि रुप रेखा तैय कि गई, बेटी बचाओ बेटी पड़ाव जागरण रैली, ग्राहक जागरण रैली, स्वास्थ्य शिविर, शालाओं में जागरण संगोष्ठी, खाध्याधिकारी को ज्ञापन,व अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है व इस अवसर पर ग्राहक एवं राजा शीर्षक पुस्तक का प्रांत में अध्यक्ष द्वारा विमोचन किया गया, मंजु वैश्य प्रांत कोषाध्यक्ष का अवतरण दिन है उनके इस पल को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सभी सदस्यों ने धूमधाम व बड़े उल्लास से मनाया इस अवसर पर विभिन्न कार्यकर्त्ताओ ने अपनी अपनी प्रस्तुती दी व समय को मनोरंजक बना दिया। इस अवसर पर प्रांतअध्यक्ष परविनदर जीत सिंह बिंद्रा,प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष पी के अग्रवाल, सचिव गोवर्धन लाल मल्होत्रा, महानगर कोषाध्यक्ष रामेश्वर अग्रवाल, परमजीत कोर बिंद्रा,महानगर उपाध्यक्ष अरविंद पटेल सुभाष अग्रवाल, डा अवध नरेश तिवारी आदि शामिल रहे।

# ट्रायल के उपरांत गाड़ी चलाने की मिली अनुमति

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खण्ड पर बरखेड़ा-बुदनी स्टेशन के मध्य 26.50 किलोमीटर रेल लाइन तिहरीकरण का शनिवार 09 दिसम्बर 2023 को रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य वृत्त, मुम्बई मनोज अरोरा द्वारा संरक्षा की दृष्टि से,सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेल खंड पर संरक्षा एवं सुरक्षा से जुडे संसाधनों, ओ.एच.ई.लाइन, सम्बद्ध उपकरण, तथा सिग्नलिंग आदि का विस्तार से निरीक्षण किया एवं उनकी कार्य क्षमता को परखा।

इस दौरान बरखेडा से बुदनी के मध्य तिहरीकरण रेल लाइन पर विद्युत इंजन से स्पीड ट्रायल किया गया। कार्य की गुणवत्ता और स्पीड ट्रायल से संतुष्ट होकर इस खण्ड पर 75 कि.मी. प्रति घंटे की गति से गाडी चलाने की अनुमति दी गई है।

निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल श्री देवाशीष त्रिपाठी, पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य इंजीनियर (सामान्य) आर. के. राजपूत, भोपाल मंडल से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, रेल निकास निगम लिमिटेड से कार्यकारी निदेशक, मुख्य परियोजना प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



इस खंड में 13 प्रमुख पुल, 49 लघु पुल एवं 7 सुरंगों का निर्माण किया गया है। यह रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी होने के कारण निर्माण में वाइल्ड लाइफ बोर्ड की सभी शर्तों का पालन किया गया है। यह क्षेत्र इको सेंसटिव जोन के अंतर्गत आता है ।

पश्चिम मध्य रेलवे का भोपाल-इटारसी मार्ग भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण और व्यस्त रेलखंड है, जो बड़ी संख्या में यात्री यातायात और माल यातायात संचालित करता है। यह उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम ट्रंक मार्गों पर कार्य करता है।

पश्चिम मध्य रेल में बीना-भोपाल-इटारसी रेलखण्ड पर बीना से इटारसी तीसरी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस तीसरी रेल लाइन के चालू हो जाने से गा?ियों की गति ब?ने के साथ ही क्षेत्र की प्रगति होगी।



# शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम लाए : सीईओ

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला पंचायत की सीईओ श्री मती जयति सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र योगेश मिश्रा सहित जिले के सभी बीआरसी, बीईओ व प्राचार्य शामिल थे। बैठक में सीईओ श्री मती सिंह ने कहा कि गत वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में तीस प्रतिशत से कम स्कूलों के प्राचार्य को इस वर्ष परीक्षा में अच्छे परीक्षा परिणाम लाने हेतु हर संभव प्रयास करना है, रविवार को भी कक्षा लगाकर पाठ्यक्रम को हर हालत में पूर्ण कराना है। समस्त स्कूलों में पाठ्यक्रम पूर्ण कराना है, इसके लिए सभी स्कूलों का निरीक्षण करना जरुरी है।सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करना है।सभी स्कूलों में बच्चों की प?ाई पर फोकस करके स्कूलों को नियमित रूप से लगे एवं समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करना है।बच्चों की शैक्षिक स्थिति का विवरण प्रत्येक स्कूल में चस्पा होना आवश्यक है। आगामी दस दिनों में निदानात्मक कक्षाओं के माध्यम से सुधार लाकर पुनः समीक्षा में सकारात्मक परिणाम होने चाहिए। बैठक में उपस्थित तीस प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्यों के कार्यो की समीक्षा एक-एक करके की गई तथा आगामी वर्ष में सुधार लाकर अच्छे परीक्षा परिणाम लाने पर जोर दिया गया। बैठक में आगे सभी सीएम राइज विद्यालयों के प्राचार्यों से भी विद्यालय के बारे में चर्चा की गई तथा शिक्षा में सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने पर जोर दिया गया।

# माल यातायात में बीडीयू ने आठ माह में लगभग 42 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे द्वारा तीनों मंडलों पर व्यवसाय विकास इकाई (बीडीयू) के जरिए राजस्व अर्जित किया जा रहा है। पमरे द्वारा चालु वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर 2023 तक यानी आठ माह में माल यातायात में बीडीयू ने कुल 42 करोड 11 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। नई स्ट्रीम फ्रेट लोडिंग के तहत अप्रैल माह में 09 करोड़ 64 लाख, मई माह में 16 करोड़ 68 लाख, जून माह में 04 करोड़ 68 लाख, जुलाई माह में 02 करोड़ 95 लाख, अगस्त माह में 01 करोड़ 33 लाख, सितम्बर माह में 02 करोड 60 लाख,अक्टूबर माह में 01 करोड़ 45 लाख और नवम्बर माह में 02 करोड़ 76 लाख रुपए का रेल राजस्व अर्जित किया। कोटा मंडल में संचयन योजना के तहत 74 वगैनों में विभिन्न कॉमेडिटी का माल लदान किया गया। इस योजना के तहत कोटा एवं भरतपुर गुड्स शेडों से वैगनों में खाद्य तेल, हस्क-2 एवं डोओसी इत्यादि की लोडिंग की गई।

# नगर निगम मुख्यालय से लेकर संभागीय कार्यालयों में टैक्स जमा करने लगी रही कतारें

## 7 हजार से अधिक करदाताओं ने नगर निगम के खजाने में जमा किये रिकार्ड तोड़ 6.50करोड़ से अधिक की राशि

**जबलपुर,देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार 09 दिसम्बर दिन शनिवार को नगर निगम मुख्यालय एवं सभी संभागीय कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने पर भारी छूट प्रदान की गई जिसका लाभ लेने करदाताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया। निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े के आह्वान के पर 7 हजार से अधिक करदाताओं ने बकाया कर जमा कर नगर विकास में सहभागिता दी। करदाताओं ने रिकार्ड तोड़ते हुये 6.5 करोड़ रूपये से अधिक की राशि नगर निगम के खजाने में जमा कराई।

इस संबंध में सहायक आयुक्त संभव आयची ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट, 50 हजार रूपये से अधिक तथा 1 लाख रूपये तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट, 1 लाख रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई। उन्होंने बताया कि जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रूपये तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, राशि 10





हजार रूपये से अधिक तथा 50 हजार रूपये से कम बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, राशि 50 हजार रूपये से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि छूट उपरांत राशि अधिकतम् दो



नगर निगम

किश्तों में जमा कराई गई, जिसमें से कम से कम 50 प्रतिशत राशि लोक अदालत के दिन जमा कराई गई, शेष राशि अधिकतम एक माह में जमा कराना अनिवार्य होगा।

# अच्छा होगा विधि विभाग को बंद कर दें: हाईकोर्ट

**जबलपुर,देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के विधि विभाग में आवश्यक सुविधाओं की कमी के संबंध में एक पत्र याचिका पर सुनवाई में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ और न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने कहा है कि इसे बंद क्यों नहीं किया जाना चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशों या नियमों का पालन न करने पर छात्रों का स्थानांतरण किया जाए या कोई अन्य कार्रवाई की जाए। खंडपीठ ने मामले में दस दिन के भीतर जवाब पेश करने का भी निर्देश दिया है।

आरडीयू के विधि विभाग के रोहित पाली और अन्य छात्रों ने उच्च न्यायालय को एक पत्र याचिका भेजी थी। इस याचिका को विश्वविद्यालय में एलएलबी पाठ्यक्रम करने वाले छात्रों द्वारा की गई शिकायतों को संज्ञान लेते हुए पंजीकृत किया गया। यह बताया गया है कि उपलब्ध सुविधाएं और विभिन्न अन्य आवश्यकताएं विश्वविद्यालय में मौजूद नहीं हैं और आरडीयू में कानून संकाय के कामकाज के संबंध में मुख्य न्यायाधीश से शिकायत की गई है।सुनवाई के दौरान, प्रतिवादी कुलपति, रादुविवि के वकील ने प्रस्तुत किया।

## ब्रम्ह विद्या ही भारत को भारत सिद्ध करती है : शंकराचार्य सदानंद महाराज




**जबलपुर, देशबन्धु।** संसार सर्प है, वासनाओं का जहर भरा हुआ है कामनाओं, वासनाओं की नित्य प्रति वृद्धि होती है, इनके अंत की औषधि सत्संग है, हनुमान को विभीषण का सत्संग मिला, तब हनुमान जी को अपनी सिद्धी प्राप्त हुई, सीता जी मिली सत्संग के माध्यम से हमारे जीवन की गति धीरे-धीरे ईश्वर की ओर अग्रसर होती है। ब्रम्ह विद्या ही भारत को भारत सिद्ध करती है। हमारी संस्कृति का उद्गम उपनिषद है, ब्रम्ह विद्या का आत्म बोध कराने वाली विद्या उपनिषदों व पुराणों से प्राप्त होती है। इस आशय के उद्गार भटौली स्थित कालीघाट कालीधाम में महामृत्युंजय महायज्ञ के पांचवें दिन शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने व्यासपीठ से व्यक्त किए।

यज्ञ एवं मां काली का हवन-पूजन पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, स्वामी प्यारेनंद महाराज एवं डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज द्वारा किया गया। कथा में राजेंद्र शास्त्री, स्वामी नरसिंह दास, स्वामी रंजीतानंद, चन्द्रशेखरानंद महाराज, जगत गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य, रामकृष्णानंद, स्वामी राम जी, स्वामी राजेन्द्र दास, कमलेश शास्त्री, रोहित दुबे, सौरभ दुबे, हर्ष दुबे, डॉ. कमल नयन शुक्ल, साध्वी नर्मदीया, वासुदेव शास्त्री, अभिषेक बाजपेयी पूर्व महापौर कल्याणी पांडे भी उपस्थित रही।

अनुष्ठान में कालीधाम परिवार के डी ओ पी राव, मनीष अग्रवाल, सुशील सोनी, रघुवीर श्रीवास, भैयाराम अवस्थी, अजय यादव, मुकेश तिवारी, संतोष केशरवानी, सूरज त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अनिल उसरेट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन व ग्रामवासी कथा श्रवण के लिए पहुंचे। डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को सुबह 8.30 बजे से धार्मिक अनुष्ठान के साथ सुहागन पूजन भी किया जाएगा।

## बड़े फुहारा पर आज से निशुल्क काढ़ा का वितरण होगा



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में लगातार जोर पकड़ रही ठंडी से सर्दी, जुकाम, पेट दर्द, उल्टी, बुखार के बढ़ते मामलों के मद्देनजर रखते हुए बड़ा फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी द्वारा स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट ट्रस्ट के द्वारा आज से 10-20 दिसम्बर तक सुबह 9 से रात्रि 9 बजे तक नि:शुल्क आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण किया जायेगा। ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि ठंड को ध्यान में रखते हुए काढ़े को सुबह-शाम एक-एक चम्मच तुलसी की पत्ती मिलाकर पीने से फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा ज्ञात हो कि 3 साल पहले भी कोरोना के समय में आयुर्वेदिक काढ़ा ने हजारों लोगों लाभ हुआ था।

## संत रविदास विचार मंच की सभा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** संत रविदास विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि आज रविवार को दोपहर 12.30 बजे सियाबाई चौधरी के निवास स्थान पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड में सभा का आयोजन किया गया है। इस सभा की अध्यक्षता रामलाल साकेत करेंगे जो कि सभा का आयोजन सिहोरा, कटनी, मैहर में सभा का आयोजन किया जायेगा इसके विषय में चर्चा की जावेगी। संत रविदास विचार मंच के सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई है। इस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। इस कार्यक्रम में मंच के डॉ.मानिक लाल जाटव, बृजलाल चौधरी, राहुल चौधरी, कमल चौधरी, गेंदालाल चौधरी, रामबाई चौधरी, रामकली चौधरी, गुड्डी बाई मीनाबाई आदि ने अनुरोध किया है कि अधिक संख्या में सभी में उपस्थित होने की अपील की है।





## स्कूल शिक्षा का उठा रहे बीड़ा, बेटियों का कर रहे कन्यादान

### शहर में विभिन्न संस्थाएं और लोग कर रहे हैं सामाजिक सरोकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में सामाजिक संस्थाओं का दायरा बढ़ रहा है। कोई जरूरतमंदों को नि:शुल्क शिक्षा देने का काम कर रहा है, तो कोई जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आ रहा है। कोई कन्याओं की शादियां करवा रहा है, तो कोई बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठा रहे हैं। शहर में सामाजिक कार्यों का ग्राफ बढ़ रहा है, जिसके चलते लोग सिर्फ नाम के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव के लिए काम कर रहे हैं।

**बालिकाओं की शादी**-शहर में अखिल भारतीय जैन महिला परिषद् की कई शाखाएं एक्टिव हैं, जिनकी हर ईकाई द्वारा अलग-अलग मुद्दों पर काम किया जा रहा है। जैन महिला परिषद पारस समिति की मनीषा जैन ने बताया कि संस्था द्वारा साल में कई बेटियों को गृहस्थी का सामान दिया जाता है। वहीं कई बेटियों की शादी का बीड़ा भी उठाया जा रहा है। वे कहती हैं कि यह नेक काम परिषद द्वारा वर्षों से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत बेटियों की पढ़ाई के साथ-साथ शादी का जिम्मा भी उठाया जाता है।

**शिक्षा का सरोकार**-शहर में कई ऐसी संस्थाएं हैं, जो जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दे रहीं हैं। ह्यूमैनिटी, शिक्षा, अक्षर पहिया, पाठशाला जैसी संस्थाएं बच्चों को शिक्षित कर रहीं हैं। इसके चलते जहां गांव और सड़क के किनारे भी क्लास लगाई जा रही है। युवाओं द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित करने के बाद वहां सरोकार का काम किया जा रहा है।

**मदद का कारवां**-लोगों द्वारा बनाए हुए समूहों में मदद का कारवां भी जारी है। श्रेष्ठ उपहार संस्था की अध्यक्ष ऋचा, सचिव शेखर, उपाध्यक्ष निधि आदि ने बताया कि सरोकार के चलते स्कूलों में जहां स्वटेर, कपड़े और स्टेशनरी आइटम्स का वितरण किया जा रहा है, वहीं उनकी सालभर की फीस की जिम्मेदारी उठाने का बीड़ा भी उठाया जा रहा है।

## ओल्ड नेहरा कम्पनी के कैम्प में कैडेट्स ने सीखी मैप रीडिंग



**जबलपुर, देशबन्धु।** ओल्ड नेहरा कम्पनी में एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शारीरिक प्रशिक्षण, सेना संबंधित विषय, युद्ध कौशल और मैप रीडिंग, पॉइंट 22 राइफल ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में अधीक्षक एलएस राठौर ने हाइजीन से जुड़ी बातें समझाईं। कैंप कमांडेंट कर्नल विशाल चड्ढा, डिप्टी कैंप कमांडेंट ले. कर्नल अमृता सिंह, एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. प्रदीप दुबे इस अवसर पर मौजूद थे।



## गर्वमेंट होमसाइंस कॉलेज : मोबाइल इस्तेमाल का समय निर्धारित हो

**जबलपुर, देशबन्धु।** गर्वमेंट होमसाइंस कॉलेज में प्राणी शास्त्र विभाग के तत्वावधान में सेंटर फॉर साइट्स थीम पर शिविर लगाया गया। इस दौरान स्टाफ सहित छात्राओं की जांच की गई, वहीं कार्यक्रम में छात्राओं को निर्धारित समय के लिए मोबाइल का इस्तेमाल करने की बात कही गई। प्राचार्या डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. साधना केसरवानी, रश्मि सिंगरोरे, डॉ. नीतू सोनी, कीर्तिराज ठाकुर, सतीश पाण्डे मौजूद थे।

## बेहतर कॅरियर का आधार है सही विषय




**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विवि कौशल विकास संस्थान में परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र ने छात्रों को रुचि के अनुसार विषय चयन करने के लिए कहा। संस्थान के डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और सॉफ्ट स्किल और उद्यमिता विकास के कोर्सेज की जानकारी दी। इस मौके पर निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. मीनल दुबे, इं. महावीर त्रिपाठी मौजूद थे।

## जिज्ञासा विज्ञान मेले का आयोजन 18 को

**जबलपुर , देशबन्धु।** उन्मेष जिज्ञासा कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसम्बर से शुरू होगा। कार्यक्रम के संबंध में डॉ. संजय अवस्थी ने बताया कि प्रगत शिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे से कोविड-19 महामारी के बाद भारत की अर्थव्यवस्था ने संपूर्ण विश्व की अपेक्षा अधिक तीव्रता से पूर्व स्तर प्राप्त करने के रुझान को दिखाया है , थीम पर कार्यक्रम होगा, वहीं कार्यक्रम का विषय भारत का अक्षय विकास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार, भारतीय मूल्यों की सजीव स्थापना के साथ होगा। प्रतियोगिता स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए होगी। 18 दिसम्बर को विज्ञान नाटक, निबंध, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 10 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन कृष्णपक्ष की त्रयोदशी। नक्षत्र-स्वाति।**

**मेष**
स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे।

**कर्क**
गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी।

**वृषभ**
आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।

**सिंह**
आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन**
नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा।

**कन्या**
आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा।

क.

**तुला**
आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना- जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा।

**मकर**
नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा।

**वृश्चिक**
आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे।

**कुंभ**
आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी।

**धनु**
आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है।

**मीन**
मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

मा.

## महाकौशल कॉलेज रीयूनियन : ओशो महोत्सव में दिखेगी संस्कृति




**बलपुर, देशबन्धु।** ओशो के 92 वें जन्मदिवस पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ओशो जन्मोत्सव एवं शासकीय ओशो महाकौशल महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन 11 दिसम्बर को किया जा रहा है। एल्युमनी के प्रयासों से ओशो नामकरण महाविद्यालय का हुआ ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमारे प्रयास और ओशो जन्मोत्सव सार्थक हुआ। इस आशय की जानकारी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान शासकीय ओशो महाकौश कला एवं वाणिज्य स्वाशासी महाविद्यालय एल्यूमिनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पत्रकारों को दी। ओशो जन्मोत्सव और शासकीय ओशो महाकोशल महाविद्यालय के पूर्व छात्रों का मिलन एक साथ मनाया जाएगा। एलुमिनाई के प्रयासों से महाकौशल का नाम ओशो के नाम पर हुआ है, जो गौरवपूर्ण है। इसी क्रम में 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से कॉलेज लाइब्रेरी में रखी गई चेयर पर पुष्प अर्पण किया जाएगा। दूसरे चरण में शाम 5 बजे ओशो ऑडिटोरियम में रीयूनियन कार्यक्रम होगा। समारोह में पूर्व अध्यक्ष आलोक मिश्रा,अरुण पांडे सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव व राज्य सूचना आयुक्त, परमा शिवम, आशीष दुबे, शशांक शेखर, कवि सुदीप भोला, एसएस गुप्ता, अशोका नंद, गुड्डू जायसवाल, डॉ. कैलाश जाटव, प्राचार्य डॉ. एससी तिवारी आदि जुड़ेंगे। कार्यक्रम में ओशो जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान में डॉ. प्रशांत मिश्रा, विवेक पाठक, आदित्य मिश्रा, तरुण रोहितास, राधाकृष्ण पांडे, मनोज परोहा, राजेश दीक्षित, मृदुल त्रिपाठी, सुरेंद्र सेन, संतोष भारती, निजामुद्दीन, गोविंददास अहिरवार आदि उपस्थित थे।

## नवीन विद्या भवन शाला में विज्ञान और शिल्पकला प्रदर्शनी सम्पन्न

**जबलपुर,देशबन्धु।** मस्तिष्क एक चिंतन मशीन है पर इसमें संवेदनाएं भी होती है, स्वभाव होता है कि, और चरित्र भी। सही अर्थों में मस्तिष्क संपूर्ण मानव होता है। यह चिंतन मन में वैज्ञानिक अवधारणा जागृत करने से उत्पन्न होता है उक्त आशय के विचार गोरखपुर नवीन विद्या भवन शाला में विज्ञान प्रदर्शनी व शिल्प मेले के उदघाटन पर मुख्य अतिथि एनईएस के कार्यकारणी सदस्य एडवोकेट अंकित अग्रवाल व अतिथि इंजिनियर अभिषेक अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को अपने संबोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाकौशल चैम्बर इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल ने की। विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हें वैज्ञानिकों सागर वर्मन, दीपचंद बरमैया व रियश मलिक फ्लाई ओवर ब्रिज का प्रदर्शन किया व शुद्ध पानी के लिए जलसंयंत्र का निर्माण केशव चौधरी, कान्हा विश्वकर्मा केशव चौधरी, कान्हा विश्वकर्मा व क्रिश अग्रवाल के द्वारा हुआ व कुमारी स्नेहा सैनी द्वारा वीटस्टोन सेंतु निर्माण कृषि के लिए अधिक पैदावार के लिए एग्रीकल्चर का प्रदर्शन कुमारी वैष्णवी कोल के द्वारा शगुन बेन व कु.सोनाक्षी चौधरी द्वारा न्यूट्रान, तंत्रिका तंत्र, कु.कशिश पटले व कु. माही कोल, कुमारी अंजली वर्मन द्वारा ग्लोबल बार्मिंग का प्रदर्शन व ह्रदय परिसंचरण तंत्र, वॉटर हार्वेस्टिंग व अम्ल वर्षा व माडल सिटी यश प्रजापति आदि एक से एक विज्ञान की तकनीकी का बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत कर समस्त समुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## 'स्वाहा' नाटक : सन 1971 के युद्ध से उपजी एक प्रेम कहानी



**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत नाट्य समारोह में चौथे दिन स्थानीय सेठ गोविंददास रंगमंच प्रेक्षागृह में स्वाहा नाटक की प्रस्तुति की गई। स्वाहा दर्पण के लिए विशेष रूप से लिखा गया नाटक एक सस्पेंस थ्रिलर है। सन 1971 के युद्ध पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) की पृष्ठभूमि से उपजी एक प्लेटोनिक प्रेम कथा, जिसमें बहुत गहरा लगाव, निस्वार्थ भाव, अटूट विश्वास, समझदारी और संवेदना है। कहानी की शुरुआत उस युद्ध में बची शिखा बोस और रिटायर्ड मेजर एसपी भाटिया के फोन कॉल से होती है। वह 40 साल बाद आकर उनसे मिलना चाहती हैं, क्योंकि मेजर उनके रक्षक हैं। परिवार और कर्तव्य के बीच कहानी में सस्पेंस परत दर परत खुलता है और दर्शकों को चकित कर देता है। नाटक दौरान डॉ.अनिल रस्तोगी, शुभम् कुमार दुबे, डॉ. राकेश कुमार, विकास श्रीवास्तव, दिव्या भारद्वाज भट्टाचार्य, वीरेंद्र रस्तोगी मंच पर मौजूद रहे।आज नाट्योत्सव के पंचम एवं अंतिम दिन शायर शटर डाउन नाटक का मंचन होगा। दिल्ली की संस्था फ्लाइंग फेदर्स आर्ट एसोसिएशन द्वारा स्व. त्रिपुरारी शर्मा के निर्देशन में होगा।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान



**श्रीमती दान बाई रजक**- रामनगर, अधारताल निवासी स्व. श्री जीवनलाल रजक की धर्मपत्नी एवं प्रकाश, दिलीप तथा राजू रजक की मां श्रीमती दानबाई रजक का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम संस्कार शनिवार को रानीताल मुक्ति धाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री देवी श्रीवास्तव**- आसित अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री अमरनाथ श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी श्रीवास्तव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंदरजीत कौर डडयाला**- नया मोहल्ला मढ़ाताल निवासी श्री उदय सिंह डडयाला की धर्मपत्नी श्रीमती इंदरजीत कौर डडयाला (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री हर प्रसाद गर्ग**- जय प्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री हर प्रसाद गर्ग (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई राजपूत**- वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री फूल सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई राजपूत (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुड्डू माली**- रामपुर चौधरी मोहल्ला निवासी श्री गुड्डू माली (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई**- सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री राम प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय बर्मन**- इंद्रा नगर एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री बसंत लाल बर्मन के पुत्र श्री विजय बर्मन (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. अंजली चौधरी**- बाबा टोला शास्त्री वार्ड निवासी श्री शंभू लाल चौधरी की पुत्री कु. अंजली चौधरी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंकर लाल कुरील**- बढ़ई मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री राजाराम कुरील के पुत्र श्री शंकर लाल कुरील (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. आयशा बंशकार**- भरतीपुर निवासी श्री धनराज बंशकर की अल्पायु पुत्री कु. आयशा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल**- टेलीग्राफ गेट नं. 2 के पास राइट टाउन निवासी श्री गणेश प्रसाद अग्रवाल (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश सिन्हा**- मदर टेरेसा नगर कटंगी रोड निवासी श्री प्रकाश सिन्हा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## तीन थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदात...

# नौकरी के सिलसिले में बाहर गया युवक, घर में हो गई चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के रिहायशी इलाकों में चोर सूने घरों की रेकी कर इन घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में बीते 24 घंटों में शहर के तीन थाना क्षेत्रों संजीवनी नगर, रांझी और विजयनगर में चोरों ने घरों व दुकानों के ताले चटकाए और नगदी सहित सोने चांदी के जेवर व घरेलू सामान पार कर दिया। जानकारी के अनुसार संजीवीनी नगर थाना क्षेत्र स्थित एक सूने घर में चोरों ने मौका पाकर पूरा घर साफ कर दिया। जिसमें चोरों ने नगदी और जेवर पार कर दिये। इस मामले में संजीवनी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले राकेश मिश्रा ने बताया कि उनके बड़े भाई वीरेंद्र मिश्रा जिनका पिछले वर्ष निधन हो गया है, यह घर उनका है। जहां पर उनके बेटे देवांश मिश्रा रहते है। उन्होंने बताया कि देवांश नौकरी के सिलसिले में जबलपुर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोसियों से उन्हें सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है।

मौके पर जाकर देखा तो सोना चांदी के गहने, घर के अन्य सामान एवं एक स्कूटी चोरी हो गई है। जिनकी कीमत लगभग 2 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि चोरों द्वारा घर के दरवाजे की चटकनी तोड़कर वारदात को अंजाम दिया गया है। शिकायत पर पहुंची संजीवनी नगर थाने की पुलिस ने चोरों की पतासाजी शुरू कर दी है। चोरों ने घर में खड़ी एक टू व्हीलर गाड़ी पर भी हाथ साफ कर दिया।



## नगदी व जेवर सहित मोटर सायकिल भी ले गये चोर

पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**रांझी स्थित दुकान में चोरी**

इसी तारतम्य में रांझी थाना अंतर्गत डिफेंस कॉलोनी बिलपुरा में एक टेंट हाउस का ताला तोड़कर चोरों ने विद्युत उपकरण चोरी कर लिये। जानकारी के अनुसार रांझी थाना में बीती रात सुमित कश्यप उम 35 वर्ष निवासी डिफेंस कॉलोनी बिलपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि व गंगा मैया में कश्यप टेण्ट हाउस के नाम से दुकान चलाता है। 27 नवंबर की शाम लगभग 4 बजे दुकान बंद करके ऑर्डर लेने मड़ई गया था उसके बाद सीधे घर आया दूसरे दिन 28 नवंबर की दोपहर लगभग 3 बजे दुकान में लाईट निकालने गया था तो देखा की उसकी दुकान में 2 मासपेड एक मिक्सर मशीन नहीं थी। दुकान के पीछे जाकर देखा तो पीछे के गेट का ताला टूटा था। कोई अज्ञात चोर उसकी दुकान में रखे 2 मासपेड एवं एक मिक्सर मशीन कीमती 35 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर पार**

इसी प्रकार विजयनगर थाना में शनिवार को श्रीकांत देशपाण्डे उम्र 60 वर्ष निवासी मथुरा विहार विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बीएसएनएल विभाग से रिटायर्ड है। 1 दिसंबर को बहन के बेटे की शादी में परिवार के साथ घर में ताला लगाकर रात लगभग 8 बजे भिलाई छत्तीसगढ़ गया था। शादी के बाद शनिवार सुबह लगभग 10 बजे घर वापस आया तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था। घर के अंदर जाकर देखा बेडरूम में रखी आलमारियों के भी ताले टूटे थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे सोने के तीन मंगलसूत्र तथा तीन अंगूठी गायब थे। कोई अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## ओएफके वर्क्स कमेटी चुनाव में संयुक्त संघर्ष समिति को बहुमत, सभी सीटों पर किया कब्जा

**जबलपुर, देशबन्धु।** ओएफके में सीधी टक्कर वाले वर्क्स कमेटी चुनाव में सोशल मीडिया का जमकर उपयोग किया था। पहली बार यूनियनों को इतना आक्रामक देखा गया था। संघर्ष समिति के अर्नब दास गुप्ता, राजेन्द्र चढारियां ने बताया कि यह जीत कर्मचारियों की एकता की है। उल्लेखनीय है कि 10 सदस्यी वर्क्स कमेटी और 4 सदस्यी कैंटीन प्रबंधन समिति के लिए कुल 28 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। संयुक्त संघर्ष समिति जिसमें लेबर यूनियन, कामगार यूनियन और एसटीएससी यूनियन शामिल है। वहीं इंटक और एससीएसटी काउंसिल वाले निर्माणी बचाओ मोर्चा ने सभी सीटों के लिए उम्मीदवार उतारे थे। करीब तीन हजार मतदाता नई वर्क्स कमेटी चुनने के लिये मतदान किया।

## विजयनगर में 9 जुआरी, कोतवाली में सटोरियों को पुलिस ने दबोचा



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में जुआ-सट्टा का काम तेजी से किया जा रहा है। बीते कुछ माह से पुलिस सटोरियों औरर जुआरियों की धरपकड़ भी कर रही है लेकिन इन पर अंकुश नहीं लगा सकी है। इसी कड़ी में विजयनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक जुआफड़ पर छापा मारकर जुआरियों को पकड़ा है तो वहीं कोतवाली थाना पुलिस सट्टा खिला रहे सटोरियों को दबोचा है।

इस संबंध में विजयनगर थाना प्रभारी शोभना मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी में कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं। जिसपर सूचना के आधार पर पुलिस ने कृषि उपज मंडी में दबिश दी और सहोदर साहू निवासी शीतलामाई मंदिर के पास घमापुर, संतोष नामदेव निवासी शीतलामाई मंदिर बल्दीकोरी की दफाई घमापुर, मुकेश गुप्ता निवासी राजीवनगर चेरीताल कोतवाली, आकाश गुप्ता निवासी राजीवनगर चेरीताल कोतवाली, शैलेन्द्र पटैल निवासी मदर टेरेसा नगर माढोताल, संतोष पटैल निवासी कृषि उपज मंडी को जुआ मन्ना खेलते पकड़ा है।

### सटोरियों को पुलिस ने दबोचा

वहीं दूसरी और कोतवाली थाना अंतर्गत बड़ा फुहारा जैन मंदिर के पास पानदरिबा रोड पर पुलिस ने सटोरियों को पकड़ा है। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश बंजारे ने बताया कि शनिवार को क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि बड़ा फुहारा जैन मंदिर के पास पानदरिबा रोड पर कुछ लड़के मिलकर सट्टा पट्टी लिख रहे हैं। जिस पर तत्काल सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां पियूष चौरसिया, अनिल यादव, अंशुल त्रिवेदी खड़े होकर अपने साथियों के साथ सट्टा लिखते दिखे। पुलिस को देखकर सट्टा खिलाने वालों में भगदड़ मच गई। सट्टा लिखने वाले तीन सटोरियों को पुलिस ने दबोच लिया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम पियूष चौरसिया उम्र 30 वर्ष निवासी पानदरिबा अन्नपूर्णा मंदिर के पास कोतवाली, अनिल यादव उम्र 36 वर्ष निवासी घमापुर चौक पानी टंकी के पास बेलबाग, अंशुल त्रिवेदी उम्र 25 वर्ष निवासी बड़ी महाकाली मंदिर के पास गढ़ा फाटक लार्डगंज बताये। पुलिस ने तलाशी लेते हुये पियूष चौरसिया, अनिल यादव, अंशुल त्रिवेदी के कब्जे से सट्टा पट्टी व नगद रूपये जप्त करते हुये उनके खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## निजि कंपनी के फ्रेन्चाईजी देने के नाम पर जालासाजों ने युवक को 47 लाख का चूना लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदन महल थाना क्षेत्र में एक व्यापारी महेश शिव केमतानी के बेटे स्पर्श केमतानी को फूड चेन कंपनी केएफसी की फ्रेन्चाइजी देने के नाम पर 47 लाख रुपए की ठगी की गई। इस मामले में पुलिस ने कई खातों से तीन लाख रुपए तो सीज कर लिए है। पुलिस ने यूपी, बिहार व पश्चिम बंगाल के खातों पर यह कार्रवाई की है।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार मदनमहल क्षेत्र के व्यवसायी महेश शिव केमतानी के बेटे स्पर्श ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि 12 जून को उन्होने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट देखी. जिसमें एक मल्टी नेशनल कंपनी के फूड चेन की फ्रेन्चाईज़ी देने की बात कही गई। उन्होंने फ्रेन्चाइजी लेने के लिए पोस्ट पर रिप्लाई किया तो उन्हें एक मोबाइल नम्बर मिला. बात करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कंपनी का सीनियर मैनेजर व दूसरे ने सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर बताते हुए एक मेल एड्रेस भी भेजा. 28 जून 2023 को मेल भेजने के बाद 30 जून को फ्रेन्चाइजी शुल्क के रूप में 11 लाख 80 हजार रुपए एक बैंक खाते में जमा करने के लिए कहा गया। जब यह राशि पीड़ित व्यापारी ने 10 जुलाई को उक्त खाते में जमा कराई। इसके बाद उपकरणों के नाम पर भी 35 लाख रुपए मेल के जरिए मांगे गए. व्यापारी द्वारा यह राशि भी जमा करा दी गई, फिर इंटीरियर व एक्सटीरियर के लिए 11 लाख 10 हजार रुपए की मांग की गई तो उन्होने रुपया देने से मना किया, इसके बाद से कंपनी के लोगों ने बातचीत करना बंद कर दिया। पुलिस ने शिकायत के बाद जांच करते हुए तीन लाख रुपए तो सीज करा दिए। फिर पता चला कि ठगों ने मल्टीनेशनल कंपनी की डमी बनाकर फर्जी वेबसाइट तैयार की। पुलिस अब जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के लिए यूपी, बिहार व पश्चिम बंगाल टीम जाएगी।

## रंजिश के चलते दो भाईयों ने युवक को चाकू मारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत महिला छात्रावास के पास एक युवक को दो बदमाशों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद स्थानीयजनों ने तत्काल घायल को मेडिकल अस्पताल ले जाया गया।



जानकारी के अनुसार गोहलपुर थाना में बीती रात मारपीट में घायल मुण्डा उर्फ तौसीफ उम्र 27 वर्ष निवासी मुण्डा निवासी चारखम्बा थाना हनुमानताल को उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को मुण्डा उर्फ तौसीफ ने बताया कि वह कम्बल-चादर बेचने का काम करता है। शुक्रवार को अपने परिवार के सादिक और सोनू के साथ रद्दी चौकी के पास घूमने गया था। रात लगभग 9 बजे वह रद्दी चौकी के पास महिला छात्रावास के सामने रोड किनारे खड़ा चिप्स खा रहा था। सादिक और सोनू रोड के दूसरी तरफ गये थे, तभी जावेद और उसका भाई सोनू दोनों समीम बाबा के लड़के हैं उसके घर के पास ही रहते हैं। 2 दिन पूर्व के विवाद को लेकर उसके पास आये और गालीगलौज करते हुये चाकू से हमलाकर करने लगे। जिससे उसे माथे मे बांये तरफ सिर के पीछे तरफ दोनों हाथ की उंगलियों में तथा दाहिने पैर में चोट आ गयी है। वह चिल्लाया तो उसके परिवार के सोनू इकबाल रोड के दूसरे तरफ से दौड़कर आये जिन्हें देखकर जावेद एवं सोनू भाग गये। घायल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## रूपयों के लिये बदमाश ने पिता-पुत्री का डंडे से पीटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना में शनिवार को विनोद गुप्ता उम्र 55 वर्ष निवासी कांचघर झण्डा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर पर ही चाय नास्ते की दुकान चलाता है। शनिवार दोपहर लगभग 12-15 बजे अपने दामाद विनोद चौधरी का फोन रखे हुये था उस फोन पर किसी का फोन आया और बोला कि विनोद भैया से बात करना है तो उसने कहा कि फोन मेरे पास है विनोद घर पर छोड़कर चले गये हैं तभी उसके दामाद का भाई डॉक्टर उर्फ विपेन्द्र उर्फ सम्राट चौधरी डॉक्टर बेनर्जी के बाजू से उसकी दुकान के सामने डण्डा लेकर आया और उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने विरोध किया तो गालीगलौज करने लगा और डंडे से हमलाकर सिर में चोट पहुंचा दी। उसकी बेटी जूही गुप्ता बीच बचाव करने आयी तो डॉक्टर उर्फ सम्राट चौधरी उर्फ विपेन्द्र ने डंडे से हमलाकर कर बेटी के हाथ में चोट पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दिया। घायलों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## कार ने मोटर सायकिल को टक्कर मारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना में देर रात आदर्श सोनी उम्र 33 वर्ष निवासी गौरव बिहार अम्बेडकर वार्ड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीबी 4562 से अपने घर से एसएएफ पेट्रोल पम्प आ रहा था। मस्ताना चौक किरन इम्पोरियम के सामने वाहन क्रमांक एमपी 20 सीएफ 6533 का चालक तेज गति से चलाते हुये आया एवं सामने से उसकी गाड़ी में टक्कर मार दिया और वहीं किरन एम्पोरियम दुकान की शटर में जाकर टकरा गया। तब वह गाड़ी से उतरा तो गाड़ी वाला बैक करके भाग गया। गाड़ी की टक्कर से उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी है और दुकान वाले की शटर भी टूट गया तथा उसके हाथ में चोट आ गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर लिया है।

## पुलिस क्वार्टर के सामने युवक का शव मिलने से हड़कंप

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थाना अंतर्गत बने पुलिस क्वार्टर के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में गढ़ा पुलिस के अनुसार एक अज्ञात युवक का शव प्यासी मार्केट के नजदीक सड़क किनारे मिलने की सूचना जिसकी डायल 100 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। अज्ञात युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष की है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर हुए शव को पीएम के लिए भिजवाते हुए मृतक की पताशाजी शुरू कर दी है।



# जिला शिक्षा अधिकारी हाईकोर्ट में तलब पूर्व आदेश का पालन न होने पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन न होने के मामले को काफी सख्ती से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में जिला शिक्षा अधिकारी रीवा को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई ग्यारह दिसंबर को निर्धारित की है।

यह अवमानना याचिका रीवा निवासी शिक्षक जयप्रकाश मिश्रा की ओर से दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि संविदा शिक्षकों का संविलियन प्राथमिक शिक्षक के पद पर शासन ने किया था। शासन ने उनका संविलियन प्राथमिक शिक्षक के रूप में नहीं किया था, जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। न्यायालय ने उनके मामले में निर्धारित समयावधि में अभ्यावेदन का निराकरण करने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी रीवा को दिये थे। अभ्यावेदन का निराकरण न होने पर यह अवमानना याचिका दायर की गई है। मामले की सुनवाई दौरान एकलपीठ को बताया गया कि जिन संविदा शिक्षकों के खिलाफ लोकायुक्त में मामले लंबित है, उनका संविलियन प्राथमिक शिक्षक पद नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया की उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है। एकलपीठ ने फरवरी 2023 को अपने आदेश में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण कर परिपालन रिपोर्ट पेश करने के आदेष जारी किये थे। दस माह बाद भी आदेश का परिपालन नहीं किये जाने को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने डीईओं रीवा को व्यक्तिगत तौर पर हाजिर होने के निर्देश दिये है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अतुल सिंह भारद्वाज ने पैरवी की।




## रिश्तेदार होने के कारण गवाह का प्रभाव नहीं होता कम

### हाईकोर्ट ने खारिज की अपील

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें रिश्तेदार के गवाही के आधार पर सजा से दंडित किये जाने को चुनौती दी गई थी। जस्टिस हृदेश्य की एकलपीठ ने अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा है कि न्यायालय ने कानूनी बिंदु तथा तथ्यों के आधार पर सजा से दंडित किया है। गवाहों के रिश्तेदार होने के कारण उनका प्रभाव कम नहीं होता है।

हाईकोर्ट में यह अपील सुकलू नामक व्यक्ति की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि सोमती बाई उम्र 40 साल पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला करने के आरोप में न्यायालय ने उसे पांच साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। न्यायालय ने सजा सुनाने में स्वतंत्र गवाह के बयान को नजर अंदाज किया है। कोई घटना का चश्मदीद गवाह नहीं होने के बावजूद रिश्तेदारों की गवाही के आधार पर सजा से दंडित किया गया। अपीलकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि रिश्तेदारों ने अभियोजन की कहानी के अनुसार अपने बयान दिये है। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि गवाहों ने घटना नहीं देखी है परंतु पीड़िता के शरीर में कुल्हाड़ी से आई चोटों के निशान अवश्य है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला किया है। रिश्तेदार होने के कारण गवाह का प्रभाव कम नहीं होता है। एकलपीठ ने अपील को खारिज करते हुए कहा कि न्यायालय ने कानूनी बिंदू के अनुसार उचित दंड से अपीलकर्ता को दंडित किया है।

## बिना जांच कैसे कर दिया सेवा से बर्खास्त

### हाईकोर्ट ने पुलिस के आला अधिकारियों से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस के आला अधिकारियों से पूछा है कि एक होमगार्ड सैनिक को बिना जांच सेवा से क्यों बर्खास्त किया गया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, एडीशनल इंस्पेक्टर जनरल छिंदवाड़ा, पुलिस अधीक्षक, डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड जबलपुर व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

छिंदवाड़ा के जगनु पर्तेती की ओर से अधिवक्ता विहाग दुबे ने पक्ष रखा। जिन्होंने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता और एक अन्य पुलिसकर्मी की ड्यूटी मालखाने में लगी थी। वहां से एक पिस्टल गायब मिलने पर याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। उस पर पिस्टल चोरी का आरोप लगाया गया। इसके बाद उसे 2 मार्च 2021 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एक सिपाही ड्यूटी के लिए उक्त पिस्टल को ले गया था और मालखाने में जमा किये बगैर ही वह छुट्टी पर चला गया। इस बीच याचिकाकर्ता के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया। इसके बाद संबंधित सिपाही ने पिस्टल मालखाने में जमा भी करा दी, इसके बावजूद याचिकाकर्ता को बहाल नहीं किया गया। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## हत्यारें को आजीवन कारावास व जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर अपर सत्र न्यायाधीश रवींद्र प्रताप सिंह चुंडावत की अदालत ने हत्या के आरोपित जबलपुर निवासी पूरनलाल चौधरी का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही दो हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि छह अक्टूबर, 2021 को टीन से पानी गिरने को लेकर विवाद हो गया था। इसी के चलते आरोपित ने रात डेढ़ बजे रामनाथ चौधरी पर हमला बोल दिया। सिर, दाहिने कान के पीछे व कान में चोट पहुंचाई। इससे रामनाथ पस्त हो गए। गंभीरावस्था में मेडिकल ले गए। जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अदालत ने गवाहों दुज्जीलाल व रविदास चौधरी सहित अन्य के बयानों को अभिलेख पर लिया। इसी के साथ अपराध साबित पाकर सजा सुना दी।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित तौर पर कैजुअल्टी में ड्यूटी तय करने पर बरती सख्ती

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाई कोर्ट ने जिला चिकित्सालय में रोस्टर प्रणाली के तहत विशेषज्ञ डाक्टरों की ड्यूटी लगाने का मामला विचाराधीन होने के बावजूद दिसंबर में पुनः रोस्टर के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियमित तौर पर कैजुअल्टी में ड्यूटी तय किए जाने पर जवाब-तलब कर लिया है। न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिए हैं कि वे 12 दिसंबर को दोपहर 12.15 बजे सिविल सर्जन सह अधीक्षक को उपस्थित कराएं। सिविल सर्जन स्वयं कोर्ट में इस बात का स्पष्टीकरण देंगे कि मामला लंबित रहने की जानकारी होने के बावजूद दिसंबर का रोस्टर बनाकर विशेषज्ञ डाक्टरों की ड्यूटी फिक्स की गई।

जिला चिकित्सालय जबलपुर में पदस्थ स्पेशलिस्ट डा. ऊषा दत्त, डा. अमितेश चतुर्वेदी व अन्य डाक्टरों ने याचिका दायर कर उनकी ड्यूटी नियमित रोस्टर चार्ट के तहत कैजुअल्टी वार्ड में लगाने को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राज्य सरकार के परिपत्र के अनुसार अति आवश्यक होने पर ही स्पेशलिस्ट डाक्टरों (एमडी-एमएस) की ड्यूटी आकस्मिक वार्ड में लगाई जा सकती है। नियम के अनुसार जिला चिकित्सालय में उपलब्ध मेडिकल आफिसरों की ड्यूटी कैजुअल्टी में लगाई जाती है। यदि अस्पताल में मेडिकल आफिसर उपलब्ध नहीं हैं तो शासकीय डिस्पेंसरीज में पदस्थ मेडिकल आफिसरों की ड्यूटी लगाई जा सकती है। उन्होंने दलील दी कि स्पेशलिस्ट डाक्टरों की ड्यूटी केवल इमेरजेंसी काल पर ही लगाई जा सकती है। उन्होंने दलील दी कि नवंबर में लगाई गई ड्यूटी का मामला विचाराधीन रहते हुए जिला चिकित्सालय के सीएमओ और सिविल सर्जन ने दिसंबर की भी रोस्टर के अनुसार रूटीन ड्यूटी लगा दी।

# जबरदस्त कोहरे से आवागमन बाधित



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जबलपुर कटनी हाईवे फोर लाइन सड़क मार्ग पर गांधीग्राम के आगे कारीवाह में बने ओवर ब्रिज पर शनिवार को मौसम के बदलाव के कारण रात से सुबह से 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। बायपास रोड पर धरती से आसमान तक कोहरा ही कोहरा छाया रहा कोहरे की भयावहता के वजह से हाइवे फोरलेन सड़क पर,हाईवे के घाट सिमरिया स्थित हिरन नदी पुल आदि कोहरे से ढके रहे। कोहरे के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में असुविधा का सामना करना पड़ा ।ठ ण्ड से लोगों को राहत नही मिल सकी ।सुबह से 10बजे तक कोहरे की बरसात तो होती ही रही रात शुरू होते ही फिर कोहरा पड़ना शुरू हो गया। कोहरे के कारण हाईवे पर इतना कम दिख रहा था, कि सामने 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। कोहरा की वजह से पेड़-पौधों से पानी बूंदों की तरह टपक रहा था। कोहरे के चलते वाहनों की गति पर ब्रेक लग गया। हाईवे और अन्य सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। हेडलाइट जलाने व डीपर के प्रयोग के बाद भी सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था ।हाईवे फोरलेन पर बसें कोहरे के चलते लेट रहीं। भारी वाहनों के चालकों ने अपने वाहनों को हाईवे पर होटल, ढाबों, रेस्तरां या फिर सड़क किनारे खड़े कर दिए। कोहरे की दृश्यता बढ़ने पर ही चालक वाहनों को लेकर रवाना हुए ।इसी प्रकार हाइवे के किनारे गांधीग्राम से सिहोरा की ओर व कुसनेर, जबलपुर की ओर के हाईटेंशन टावर लाइन की ऊंचाई तक कोहरे की पहुंच से वह भी कोहरे से पूरी तरह ढका हुआ था।

# पाटन-जबलपुर मंडी व्यापारियों में मटर खरीदी को लेकर छिड़ी जंग

## मटर की गाड़ियां पाटन की मुख्य सड़कों पर मंचा रही रोजाना गदर



**पाटन, देशबन्धु।** पिछले दिनों जबलपुर और सहजपुर मण्डी में मटर व्यापारियों और किसानों के बीच सस्ता मटर खरीदने से उपजे विवाद पर आखिरकार प्रशासन ने मध्यस्थता करके उक्त विवाद को शांत कराने में कामयाबी हासिल तो जरूर कर ली थी लेकिन आज मटर विवाद की चिंगारी अंदर ही अंदर सुलग रही थी उस बात की बानगी उस समय देखने को मिली जब जबलपुर सब्जी मण्डी के कुछ व्यापारी पाटन मटर मण्डी के व्यापारियों को धमकाते हुए नजर आए, उनका कहना था कि आप लोग यहां मटर की खरीदी बंद कर दे क्योंकि आपके द्वारा मटर खरीदी के कारण यहां का किसान जबलपुर मण्डी में अपना मटर बेचने नहीं आ रहा है जिससे हमारे धंधे पर व्यापक असर पड़ रहा है और हमारा नुकसान हो रहा है जिस पर वाद विवाद की स्थिति निर्मित होते-होते बची वही पाटन मण्डी के व्यापारियों ने साफ कर दिया की हम पाटन मण्डी में मटर की खरीदी बंद नहीं करेगे क्योंकि पाटन तहसील के किसानों से हमारे कई पीढ़ियों के सम्बंध है। इसलिए हम पाटन मण्डी में तहसील के किसानों से मटर की खरीदी निरंतर करते रहेंगे। तहसील के किसानों को मटर के सही दाम नहीं मिलने से पाटन का किसान आज भी जबलपुर सब्जी मण्डी के व्यापारियों से गुस्सा है। इसका रास्ता भी किसानों ने खोज निकाला है वह अपना मटर लोकल पाटन मण्डी और बाहर से आए सब्जी व्यापारियों को खेत पर ही बेच रहे है जिससे जबलपुर सब्जी मण्डी के व्यापारी बहुत परेशान है। किसानों ने बताया कि यदि जबलपुर सब्जी मण्डी के व्यापारियों ने अपनी कार्य शैली को जल्द नहीं सुधारा तो हम सभी किसान जबलपुर सब्जी मण्डी में मटर ले जाना बंद कर देगे।

पाटन मटर मण्डी के सामने पाटन-जबलपुर मुख्य सड़क से लेकर मंडी प्रांगण के अंदर सैकड़ों टैक्टर ट्रॉली एवं छोटे-बड़े मटर से भरे वाहनों की गदर रोजाना मंची रहती हैं जिसकी वजह से पाटन जबलपुर मुख्य मार्ग पर वाहन चालक परेशान होते हुए देखे जा सकते हैं। रोजाना शाम के समय मुख्य सड़क पर जाम के हालात बन जाते है वही जाम खुलवाने में पाटन पुलिस की कोई दिलचस्बी दिखाई नहीं पड़ती है। लोगों का तो यहां तक कहना है कि हमारी पाटन पुलिस को सिर्फ अवैध शराब, रेत, मुरूम, जुआ सट्टा की अवैध वसूली पर ही सारा ध्यान हमेशा केंद्रित रहता है। यदि पाटन की सड़कों पर रोजाना लगने वाले जाम की समस्या का सामाधान नहीं निकाला गया तो पाटन नगर के यातायात के हालात और भी भयावाह हो सकते हैं।

## सार-समाचार



### महाविद्यालय में ऑनलाइन मार्केटिंग में रोजगार के अवसर पर व्याख्यान

**पनागर, देशबन्धु।** मार्गदर्शन में ऑनलाइन मार्केटिंग में रोजगार के अवसर पर व्याख्यान आयोजित किया गया। वक्ता सुश्री पूजा जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि, किस तरह ऑनलाइन मार्केटिंग के माध्यम से व्यापार-व्यवसाय को प्रारंभ किया जा सकता है तथा एक छोटी शुरूआत से अपने व्यापार-व्यवसाय को आगे बढ़ा कर सफलता प्राप्त की जा सकती है। आभार प्रदर्शन डॉ. मोनिका मसीह प्रभारी स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 85 छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय रहा।

### भाजपा ने किया कांग्रेस सांसद का पुतला दहन



**सिहोरा, देशबन्धु।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण ज़िले के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी के नेता धीरज साहू के यहाँ जमा काले धन व भ्रष्टाचार के खि़लाफ भाजपा सिहोरा नगर मंडल में पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा ज़िला ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी जी ,भाजपा प्रदेश प्रदेश सदस्य राजा मोर ,ज़िला महामंत्री राजेश दाहिया ,मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी ,ज़िला मंत्री अनुपम सराफ़ ,ज़िला मंत्री रुपेश पटेल शिशिर पांडेय ,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल ,नगरपालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी ,मझंगवा मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता ,कुंडम मंडल अध्यक्ष राजेश साहू ,जनपद सदस्य नीरज पांडेय ,महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति पटेल ,सरोज तिवारी ,गीता पटेल ,वर्षा ठाकुर,दुखिया बाई ,राजा ठाकुर ,वीरेंद्र पटेल ,सतीश पटेल ,विनय असाटी,रीतेश सोनू मिश्रा ,सुनील चक्रवर्ती,अभिषेक जैन,जितेंद्र पटेल,रत्नेश दूबे ,मनीष कार्ड, सुग्रीव सेन,सुशीलदूबे,सुनील जैन,राजकुमार विश्वकर्मा ,अखिल गुप्ता,अमित खत्री,अखिलेश बैरागी,विजय श्श्रीपाल,लालू यादव,अमन गुप्ता,आशुतोष रजक ,जयप्रकाश ठाकुर,छत्रपति ठाकुर,दीपक तिवारी,अशोक चौधरी ,संतोष देहकार,रोहित तिवारी,सन्मति जैन,साकेत पांडेय,सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बंधु उपस्तिथ थे ।

### बरेला में आज जैन मंदिर में विविध आयोजन

**बरेला, देशबन्धु।** दिगंबर जैन पंचायत सभा बरेला के तत्वाधान में परम पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज जी की शिष्या आरिकारत्न 105 अखंड मति माताजी 105 अभेद मति माताजी जी का पिच्छीका परिवर्तन दोपहर 1:00 बजे थाने के सामने जैन मंदिर के पास आयोजित है मंच संचालन ओजस्वी वक्ता शुभांशु जैन शाहपुरा होंगे पंचायत सभा ने समस्त धार्मिक प्रेमी जनों से उपस्थित होकर धन लाभ लेने की अपील की है।

### ट्रक पकड़ा, आठ मवेशी मुक्त कराए, तीन आरोपी फरार

**कोतमा, देशबन्धु।** थाना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत पशु तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात लगभग 2.30 मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ट्रक में लोड 8 नग मवेशी को जप्त करते हुए उसे सुराक्षार्थ थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली की निगवानी रोड के पास ट्रक क्रमांक एमपी 17 एचएच 3422 में 8 मवेशियों को ऋषि तिवारी के क्रेशर के पास ट्रक में मवेशी लोड करते हुए कटिंग के लिए ले जाया जा रहे हैं, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका गया। जहां पुलिस को देख ट्रक चालक सहित तीन अन्य लोग अंधेरा का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम एवं 66/192 एमबी एक्ट के तहत मामला पंजीबद कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

# वर्षों के बिछड़े आपसी सहमति से न्यायालय में मिले

## सत्र न्यायाधीश ने कराई पुन: शादी

**पाटन, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत में आज शनिवार को पति-पत्नी का प्रकरण सत्र न्यायालय श्रीमान विवेक कुमार की अदालत में विवाह विच्छेद तलाक के लिए लगा था जिसमें नेशनल लोक अदालत में प्रकरण रखा गया और मध्यस्थता सत्र न्यायाधीश एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता की मौजूदगी में पुराने वेमनस्य को दोनों पक्षों के द्वारा भुलाकर आपसी सहमति बनाकर पुन: जीवन निर्वाह कर एक दूजे के हो गए और विधिवत अपर सत्र न्यायालय के समक्ष फूल माला पहना कर फिर से विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतेन्द सिंह ठाकुर और रश्मि सिंह ठाकुर आपसी सहमति से एक बार फिर एक दूजे के हो गए बताया गया की दोनों का एक बच्चा भी था। वही दूसरे प्रकरण में भी पुन:शादी कराई गई जिसमें विजय कुमार जैन निवासी कटंगी जिनकी शादी 2011 में पाटन निवासी दिव्या जैन के साथ हुई थी और 9 वर्ष साथ रहने के बाद 2020 में कुछ वैचारिक मतभेद होने के कारण पति पत्नी अलग अलग रहने लगे थे और तलाक का प्रकरण धारा 13 का सत्र न्यायाधीश श्री विवेक कुमार की न्यायालय में चल रहा था जिसमें दिव्या जैन के अधिवक्ता रोहणी प्रसाद खंपरिया के अथक प्रयास से आज नेशनल लोक अदालत में श्री विवेक कुमार ने मध्यस्थता करके न्यायाधीश के समक्ष एक बार फिर से विवाह कराया इस तरह आज नेशनल लोग अदालत में दो पति पत्नी का आपसी रजामंदी से घर बस गया।

# किसानों को भाजपा के वादे पर भरोसा



धान का समर्थन मूल्य 3100 होने की आशा में किसान

**पाटन, देशबन्धु।** भाजपा को लाड़ली बहनों की वजह से मिली प्रचण्ड जीत के बीच यह खबर निकलकर सामने आ रही हैं कि बहनों के पतियों की धान की फसल तहसील प्रशासन नहीं खरीद रहा है। यदि समय रहते धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू हो जाती तो आज किसानों को बारिश से हुई धान की तैयार फसल के नुकसान से बचाया जा सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन तहसील में ऐसे किसानों की संख्या बहुत अधिक है जिनके पास 01 से लेकर 05 एकड़ तक की कृषि भूमि है लेकिन इन परिवारों के पास खेती के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं इनके द्वारा खेती में लगने वाले टैक्टर एवं अन्य मशीनों को किराए पर लेकर ही इनका परिवार खेती करता है और खेती के साथ साथ बनी मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का जीवन यापन करता हैं उनमें से कुछ परिवार की महिलाएं लाडली बहना योजना का लाभ ले रही हैं। आज उनका परिवार शासन की बेरुखी की वजह से बहुत परेशान हैं। क्योंकि लाडली बहनों को मिलने वाले 1250 रूपये के फायदे के आगे उनके परिवार की हजारों रुपए की तैयार धान की फसल प्रशासन की उदासीनता के चलते बर्बाद हो गई है। वही मटर की फसल बेमौसम बारिश और मटर व्यापारियों के द्वारा उचित दाम नहीं मिलने से तहसील के किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है जिसकी वजह से आज तहसील की महिलाएं अपने आपको ठगा महसूस कर रही है।

भाजपा के द्वारा विधान सभा चुनाव के दौरान यह गारंटी दी गई थी यदि हम सत्ता में आए तो किसानों की धान की फसल का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपये प्रति क्विंटल कर देगे। क्योंकि पाटन विधान सभा से हारी हुई बाजी लाड़ली बहनों और किसानों की वजह से भाजपा की झोली में आई है। इस प्रचण्ड जीत के बाद तहसील के छोटे किसान अपने जनप्रतिनिधि से गुहार लगा रहे हैं की जल्द से जल्द समर्थन मूल्य पर धान की फसल की खरीदी शुरू की जाए एवं अपने वादे के मुताबिक धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये किया जाय और उसी दर से किसानों को भुगतान भी किया जाए। जिससे आने वाले समय में भी लाड़ली बहनें और उनके परिवार के अन्य सदस्य भाजपा को अपनी वोट की ताकत से और अधिक मजबूत कर सके।

# नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से निपटे कई प्रकरण

**पाटन, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय एवं सिविल न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ जिसमें आपसी सहमति रजामंदी से कई प्रकरणों का निराकरण हुआ। पाटन न्यायिक क्षेत्र में आने वाली राष्ट्रीय कृत बैंको के प्रकरण स्टॉल लगाकर आपसी सहमति से एवं सिविल प्रकरण के चैक बाउंस 138 के प्रकरण व हिंदू विवाह अधिनियम के आपराधिक मामले नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से निराकरण हुआ। श्री विवेक कुमार सत्र न्यायाधीश आरसी एसएचएम के 5 प्रकरण का निराकरण हुआ। एमसीए 1 प्रकरण,निष्पादन प्रकरण की संख्या 2 थी। श्री दशरथ सिंह भिड़े सिविल न्यायाधीश की अदालत के 7 सिविल मेटर के प्रकरण,14 बैंक के प्रकरण, 14 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण हुआ। श्री रवि कुमार साहू सिविल न्यायाधीश की अदालत के 5 सिविल प्रकरण,3 आपराधिक मामले,2 एमजेसी के मामले,6 एससीएनआईए के प्रकरण जिनमें 26 लाख की वसूली आपसी सहमति से हुई। श्रीमति रितिका शर्मा सिविल न्यायाधीश की अदालत के 4 आपराधिक मामले,3 सिविल मामले, 5 एससीएनआईऐ के प्रकरण जिनमें 32 लाख 83 हजार पांच सौ तेरननावे रुपए की वसूली की गई। नेशनल लोक अदालत में तहसील बार अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर, सचिव राघवेन्द्र सिंह यादव, अभिषेक अग्रवाल, केशव प्रताप सिंह,संदीप पटेल एवं बार के रजिस्टर्ड अधिवक्ता सहित सिविल अपर सत्र न्यायालय के समस्त न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोरेक्स की लत से बर्बाद हो रही है युवा पीढ़ी

**गोसलपुर, देशबन्धु।** शहर एवम ग्रामीण क्षेत्र गोसलपुर में नवयुवकों में सी (कोरेक्स) शब्द का प्रचलन काफी बढ़ गया है, सी शब्द कोई अंजान शब्द नहीं है। यह एक दवा कोरेक्स सीरप का नाम है। जो खांसी जैसी बीमारी में काम आता है। जिसे पीने के आदी शहर के युवक हो गए हैं। कोरेक्स आज दवा दुकानों में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। दवा दुकानदार इतना भी पूछने की जहमत नहीं उठाते हैं कि आप किस डॉक्टर से पर्ची लिखवाएं हैं। जबकि कुछ होटलों में अबैध रूप से कमाई के लालच में होटल और ढाबा संचालक धड़ल्ले से बेचीं जा रही है। गोसलपुर की नालियों में सार्वजनिक पेशाबघर और नगर के बाहर तलाब के किनारे पड़ी कोरेक्स की बोतलें इसका गवाह है। लोगों का कहना है कि कोरेक्स पीने से नशा आता है। कोरेक्स पीने से उसका साइड इफेक्ट इन पीने वालों को पता नहीं है और युवा पीढ़ी इस दलदल में फंसते चले जा रहे हैं। जबकि नगर की नई पीढ़ी के युवक इसका एडिक्ट होते जा रहे हैं। उन्हें खाने से अधिक चिंता कोरेक्स की बोतलें जुटाने की रहती है। बिना रोकथाम के कोरेक्स सिहोरा से लेकर गोसलपुर में बिकता रहा तो अधिकतर युवक इसके एडिक्ट हो जाऐंगे। जहर के नशे की लत के शिकार युवाओं ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि कोरेक्स पीने से शरीर एक दम सुस्त हो जाता है और इसका सेवन करने से घर के लोग यह नही समझ पाते कि नशा किया हुआ है। जबकि शराब या अन्य नशे की मुंह से बदबू आने पर घर के लोग पहचान जाते हैं लेकिन कोरेक्स लेने पर कोई नही समझ पाता। एक युवा ने यह भी बताया कि कोरेक्स की सीसी अंग्रेजी शराब से कम कीमत में आ जाती है।

# वकील को धमकाने वाली महिला पर मामला दर्ज

**सिहोरा, देशबन्धु।** नगर की एक महिला पर वकील को विगत कुछ माह से दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने की धमकी देकर धमकाने और ब्लैकमेल करने का मामला अधिवक्ता संघ सिहोरा ने दर्ज कराया है। जिसमे नगर ही एक महिला ने सिहोरा न्यायालय के वकील पर दुष्कर्म करने के मामले को दर्ज कराने की बात कहकर एवं सोशल मीडिया पर लगातार वकील के खिलाफ लिखकर पोस्टर वायरल कर दबाव बनाया जा रहा था जिसपर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया है। अधिवक्ता संघ सिहोरा ने बताया कि आरोप लगाने वाली महिला ने इसके पहले भी तीन अलग अलग लोगो दुष्कर्म का मामला दर्ज करा चुकी है जिसके बाद यह चौथा मामला है। जिसकी पुलिस गंभीरता से जांच करेगी। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़ित वकील कमलेश सोनी पिता बृजलाल सोनी निवासी वार्ड नंबर 2 सिहोरा निवासी बताया कि वह सिहोरा न्यायालय में वकालत करता है और शिवानी गुप्ता निवासी वार्ड 17 सकरी मोहल्ला खितौला निवासी से दिनांक 6 सितंबर को रेप के मुकदमे में सलाह लेने मिली थी तथा उसे मुकदमे में मदद करने के लिए मैंने उससे कह दिया था । और शिवानी गुप्ता से मोबाइल पर 9 से 10 बार फोन पर बात हुई किंतु वह संबंधित फाइल लेकर नहीं आई। शिवानी मुझे फोन लगाकर मोबाइल नंबर 62445 59779 पर बात करने लगी और इसी नंबर से व्हाट्सएप से मैसेज करने लगी और चैट करने लगी। शिवानी मुझे अकेले में मिलने के लिए कहती थी तब मैंने उसे अकेले में मिलने से मना किया तो शिवानी ने मुझे धमकी दी कि यदि मेरी बात नहीं मानोगे तो मैं तुम्हें बलात्कार के झूठे मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी तथा जेल भिजवा दूंगी दिनांक 4-12-2023 को मोबाइल नंबर 9131104925 से मेरे एवं मेरे छोटे भाई राजन सोनी को मोबाइल पर व्हाट्सएप में धमकी भरे मैसेज भेजी है ।

सोशल मीडिया में पोस्ट वायरल-अधिवक्ता संघ ने बताया कि सिहोरा नगर के व्हाट्सएप ग्रुप आपकी आवाज, लक्ष्य सिहोरा जिला, सिहोरा की आवाज, एवं आम आदमी पार्टी सिहोरा ग्रुप में झूठा फंसाने का मैसेज वायरल कर दिया है। 5.12.2023 को न्यायालय के गेट के बाहर शिवानी ने मुझे 25000/ रुपए की मांग करते हुए कहां की पैसे नहीं दोगे तो तुम्हारे झूठी एफ आईआर दर्ज कर दूंगी। मैं अत्यधिक भयभीत हूं शिवानी पूर्व में पूर्व में अन्य लोगों को झूठे मामले में फंसा चुकी है अत: महोदय जी से निवेदन है कि शिवानी गुप्ता के विरुद्ध झूठे मामले में फंसने की धमकी देकर 25000/ रु. की अवैध वसूली करने की धमकी के संबंध में एफआईआर दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की शिकायत की है।

**पहले प्यार फिर ब्लैकमेल-** विगत कुछ वर्ष से नगर में महिलाओं के द्वारा नामी लोगों को अलग अलग महिलाओं से प्यार के नाम पर शारीरिक संबन्ध बनाकर उन पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने पहले रुपये ऐंठने धमकी दी जाती है और यदि ये गिरोह रुपये लेने में सफल नही होता तो इन पीड़िताओं के द्वारा उन नामी या ओहदेदार व्यक्ति के खिलाफ थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया जाता है। फिर राजीनामा के नाम पर लाखों रुपये वसूले जाते हैं , जबकि इनमें कुछ महिलाएं ऐसी हैं जो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराकर रुपये वसूलने में लगी हैं और वो इस बात को भलीभांति जानती हैं कि महिलाओं का नाम ऐसे मामलों में प्रकाशित नही किया जाता है तो इन महिलाओं को कोई नही जान पाता जिससे ये अपना दूसरा शिकार आसानी से ढूंढ लेती हैं। खितौला एवं सिहोरा में महिला सरगना का गिरोह सक्रिय है जो समाज मे प्रतिष्ठित और नामी व्यक्तियों को अलग-अलग महिलाओं से प्यार के नाम पर शारीरिक संबन्ध बनाकर ब्लैकमेल करती हैं और धमकाने पर भी यदि पैसा नही दिया जाता तो उन पुरुषों के पेशे मात्र को लिखकर के बिना नाम के ही सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर डाली जाती हैं जिससे व ।ह व्यक्ति लोकलज्जा के कारण बिना रिपोर्ट दर्ज कराए ही इन्हें पैसे देकर राजीनामा कर ले। ऐसा ही एक मामला वर्तमान में सिहोरा नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है जिसमे किसी अज्ञात और सिहोरा सिविल न्यायालय के वरिष्ठ वकील के नाम पर लिखकर पोस्ट वायरल कराई गई है कि इसकी रिपोर्ट दर्ज करा रही पीड़ित। लेकिन महीनों हो जाने के बाद भी न तो अभी तक पीड़िता थाने पहुंची है न ही किसी वकील का नाम सामने आया है। वहीं सूत्रों की माने तो यह भी जानकारी सामने आ रही है कि इस सब ब्लैकमेलिंग के पीछे नगर की ही एक महिला है जो अलग अलग महिलाओं से नामी और ओहदेदार व्यक्तियो को प्यार के जाल में फंसा कर रेप का मामला दर्ज कराती है। जबकि गिरोह की सरगना ने वर्ष 2016 में खितौला थाना के ए एसआई पर दुष्कर्म का मामला कराया था , जिसके बाद स्लीमनाबाद थाने एक भाजपा के छोटे नेता पर भी दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था जबकि एक अन्य व्यक्ति पर थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी पर भी मामला दर्ज करा चुकी है। वहीं स्लीमनाबाद थाना में जिस नामी व्यक्ति की रिपोर्ट दर्ज कराई थी उसके साथ कि अंतरंग तस्वीरें भी व्हाट्सएप पर तेजी से वायरल हुई थी। जबकी सिहोरा में टीआई रह चुके एक शख्स भी इस गिरोह का शिकार हो चुके हैं , वहीं वर्तमान में अब किसी वकील का नाम गोपनीय रखकर पोस्ट वायरल की जा रही है।

**नाम प्रकाशन नही होने से हौसले बुलंद-** वहीं जानकारों का यह भी मानना है कि इस गिरोह की एक महिला है जो अलग अलग थानों में दुष्कर्म के मामले दर्ज करा चुकी वह इसलिए बेखौफ है क्योंकि उसका नाम पीड़िता होने की वजह से अखबारों में नही लिखा जाता है और आरोपी की बदनामी हो जाती जबकि ऐसी महिलाओं का नाम यदि प्रकाशित किया जाए तो इन महिलाओं से लोग सतर्क रहें और इनके जाल में नही फंसे। जबकि इन महिलाओं को इनकी सरगना ही पूरा डील करती है एवं मध्यस्थता करके राजीनामा के नाम लेनदेन कराती है।

## म्यांमार में आग लगने से 11 घर जलकर खाक

**यांगून,** (एजेंसियां)। म्यांमार के मांडले क्षेत्र के मदाया टाउनशिप में आग लगने से 11 घर जलकर खाक हो गए। यहां की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। यह हादसा तब हुआ जब पांच साल का एक बच्चा माचिस से खेल रहा था और बिस्तर में आग लग गई। बचाव दल के एक अधिकारी ने शुक्रवार को सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि बाद में आग उस घर से दूसरे घरों तक फैल गई और 11 घर जल गए। म्यांमा एलिन्न अखबार ने कहा कि मांडले क्षेत्र के मडाया टाउनशिप के ताउंगप्योन ग्यी गांव में गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11.30 बजे आग लग गई और लगभग एक घंटे बाद इसे बुझा दिया गया। बचाव दल ने कहा, 'हमने लोगों को मलबे से बाहर निकाला और आग बुझा दी।' अधिकारी ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ।

### गाजा पर गरजते रहेंगे इजरायली रॉकेट

# एनएससी में मुस्लिम देश का प्रस्ताव अमेरिका ने अटकाया

संयुक्त सुरक्षा परिषद में मुस्लिम देशों के द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया, जिसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। हालांकि, अमेरिका ने अपने वीटो का इस्तेमाल कर इसे रोक दिया। 13 सदस्यों ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा लाए गए मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। वहीं, ब्रिटेन मतदान से अनुपस्थित रहा। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत ने कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने से हमास को शासन जारी रखने और अगले युद्ध के लिए एक नया बीज बोने की अनुमति मिलेगी।

उन्होंने इजरायल में हमास के हमलों की निंदा करने में विफलता और इजराइल के खुद की रक्षा करने के अधिकार को स्वीकार करने के लिए भी यूएनएससी की आलोचना की। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने वुड के हवाले से कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका एक स्थायी शांति का दृढ़ता से समर्थन करता है, जिसमें इजरायल और फिलिस्तीनी दोनों शांति और सुरक्षा में रह सकते हैं।

हम इस प्रस्ताव के एक अस्थिर युद्धविराम के आह्वान का समर्थन नहीं करते हैं जो केवल अगले युद्ध के लिए बीज बोएगा। वोटिंग के बाद इजरायल के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत गिलाद एर्दान ने अपने देश के उस रुख को दोहराया जिसमें कहता है कि युद्धविराम केवल सभी बंधकों की वापसी और हमास के विनाश के साथ ही संभव होगा।



वहीं, अधिकांश देशों ने गाजा में इजरायली बमबारी को तत्काल रोकने के पक्ष में रुख अपनाया।

फिलिस्तीन के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत रियाद मंसूर ने सुरक्षा परिषद को बताया कि वोट का परिणाम विनाशकारी था। उन्होंने कहा, लाखों फिलिस्तीनी जीवन अधर में लटके हुए हैं। उनमें से हर एक पवित्र है और बचाने लायक है। यूएई के उप संयुक्त राष्ट्र राजदूत मोहम्मद अबूशाहब ने सुरक्षा परिषद से पूछा, अगर हम गाजा पर लगातार बमबारी रोकने के आह्वान के पीछे एकजुट नहीं हो सकते तो हम फिलिस्तीनियों को क्या संदेश दे रहे हैं?

मतदान से पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद को 7 अक्टूबर से शुरू हुए दो महीने लंबे युद्ध से वैश्विक खतरे की चेतावनी दी थी। गुटेरेस ने बताया, नागरिकों की कोई प्रभावी सुरक्षा नहीं है। गाजा के लोगों को मानव पिनबॉल की तरह चलने के लिए कहा जा रहा है। जीवित रहने के लिए किसी भी तरह की बुनियादी सुविधा नहीं है। गाजा में कहीं भी घूमना सुरक्षित नहीं है।

**हमास ने अमेरिकी वीटो की निंदा की**

फिलिस्तीनी समूह हमास ने प्रस्ताव को वीटो करने के अमेरिका के फैसले की निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में हमास ने कहा कि समूह वाशिंगटन के कदम को अनैतिक और अमानवीय मानता है। हमास ने कहा, संघर्षविराम प्रस्ताव जारी करने में अमेरिकी बाधा हमारे लोगों की हत्या और अधिक नरसंहार के साथ प्रत्यक्ष भागीदारी है।

## आज का इतिहास

1582–फ्रांस ने ग्रेगोरियन कैलेंडर का इस्तेमाल करना शुरु किया।
1887 – आस्ट्रिया, हंगरी, इटली और ब्रिटेन के बीच बाल्कन सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
1902 – तस्मानिया में महिलाओं को वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया।
1903 – पियरे क्यूरी और मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञानके लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
1936 – चीन जापान के बीच हुए युद्ध में चीन की सहायता के लिए भेजे गए भारतीय चिकित्सा सहायता दल के प्रमुख थे।
1947 – सोवियत संघ और चेकोस्लोवाकिया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर।
1961 –सोवियत संघ और अल्बानिया के बीच राजनयिक संबंध समाप्त।
1963 – अफ्रीकी देश जंजीबार ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1994 – यासिर अराफात, वित्जाक राबिन एवं शिमोन पेरेज संयुक्त रूप से नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित।

## सुडोकू 6401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | | 8 | | | 6 |
| | | 8 | | | 2 | | | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | | 5 |
| | 9 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | | 4 | | 6 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | | 3 | | 6 | |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## उन्होंने देश को बर्बाद किया...सरकार गिराने वाले आर्मी जनरलों पर बरसे नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को कहा कि 2017 में उनकी सरकार को 'हटाकर' देश को कथित तौर पर बर्बाद करने के लिए पूर्व सैन्य जनरलों और न्यायाधीशों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। आठ फरवरी के आम चुनावों के लिए टिकटों को अंतिम रूप दे रहे पार्टी के संसदीय बोर्ड को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहाकि हम शानदार कारों में घूमने के लिए सत्ता में नहीं आना चाहते हैं, बल्कि हम उन लोगों की जवाबदेही चाहते हैं जिन्होंने आर्थिक तबाही के कगार पर लाकर इस देश को बर्बाद कर दिया। ब्रिटेन में चार साल के स्व-निर्वासन के बाद पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद यह पहला मौका है जब नवाज शरीफ ने उनकी सरकार को कथित तौर पर गिराने में शामिल जनरलों और न्यायाधीशों की जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई है। 2018 के चुनावों में हेरफेर करने में भूमिका के लिए पूर्व आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद का नाम लेते हुए, शरीफ ने कहाकि जनरल फैज ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश शौकत सिद्दीकी से कहा कि वह नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज को जमानत न दें। अगर वे जेल से बाहर आ गए तो उनकी (हमीद) दो साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। शरीफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधान न्यायाधीश साकिब निसार का कथित ऑडियो टेप लीक हो गया था, जिसमें उन्हें यह कहते सुना गया कि इमरान खान को सत्ता में लाने के लिए तीन बार के प्रधानमंत्री को जेल में रखा जाना चाहिए।

## आईडीएफ स्पेशल फोर्सेज डिवीजन ने खान यूनिस सेंटर में किया प्रवेश, बंधकों की तलाश की

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की स्पेशल फोर्सेज यूनिट ने गाजा के खान यूनिस सेंटर में प्रवेश किया है, जो हमास सैन्य अभियानों के शीर्ष नेताओं मोहम्मद दीफ और याह्या सिनवार का घर है आईडीएफ के अधिकारियों ने आईएएनएस को बताया कि बलों की स्पेशल फोर्सेज यूनिट के 98 डिवीजन ने एक परिसर पर छापा मारा था। यूनिट ने मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर इस परिसर पर छापा मारा था कि 7 अक्टूबर को इजरायल से हमास द्वारा अगवा किए गए बंधकों को यहां रखा गया है। हालांकि, सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि हमास के लोगों ने गोलीबारी की और गोलीबारी में हमास के कई आतंकी मारे गए। हमले में आईडीएफ के कुछ जवान भी घायल हुए हैं और आईडीएफ के मुताबिक घायल जवानों के परिवारों को इसकी जानकारी दे दी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, आईडीएफ को खान यूनिस सेंटर क्षेत्र में परिसर में कोई बंधक नहीं मिला, लेकिन इसे हमास के लोगों से मुक्त करा लिया गया है।

## इजरायल के विदेश मंत्री का आरोप, हमास का पक्ष ले रहे हैं संयुक्त राष्ट्र प्रमुख

**तेल अवीव।** (आईएएनएस)। इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस पर निशाना साधते हुए उन पर गाजा में तत्काल युद्धविराम के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष अपनी अपील में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के साथ खड़े होने का आरोप लगाया। गुटेरेस, जिन्होंने पहली बार इस सप्ताह की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 को लागू किया, जो संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे के बारे में आगाह करने में सक्षम बनाता है।

## ये कैसी इंसानियत? गाजा के अस्पताल के आईसीयू में जिंदा शिशुओं को छोड़ा, अब सड़ रही हैं लाशें



गाजा के अल-नस्त्र अस्पताल के खाली कराए गए आईसीयू में शिशुओं के क्षत-विक्षत शव पाए गए हैं। गाजा स्थित रिपोर्टर मोहम्मद बालौशा ने अस्पताल में सड़ रहे शिशुओं के शवों का दर्दनाक वीडियो कैमरे में कैद किया है। सीएनएन की रिपोर्ट की मानें तो वीडियो में बच्चों के छोटे शरीर दिखाई दे रहे हैं, जिनमें जीवन रक्षक उपकरण लगे हुए नजर आ रहे हैं। 27 नवंबर के फुटेज में कम से कम चार शिशुओं के अवशेष दिखाए गए थे, जिनमें से कुछ के कंकाल तक नजर आ रहे हैं।

रिपोर्ट की मानें तो अल-नस्त्र और अल-रंतीसी जैसे बच्चों का अस्पताल नवंबर की शुरुआत में इजरायली और हमास बलों के बीच युद्ध का मैदान बन गया था। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली निर्देश के तहत अस्पताल के कर्मचारियों को 10 नवंबर को जल्दबाजी में बाहर निकाला गया। इस जल्दबाजी में छोटे बच्चे आईसीयू में रह गए जिन्हें बाहर नहीं निकाला जा सका।

**आईसीयू में शिशुओं को जिंदा छोड़ा**

रिपोर्ट में शिशुओं की स्थिति के बारे में भी जिक्र करते अस्पताल से जुड़े एक डॉक्टर ने बताया कि निकासी से ठीक पहले दो बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि दो महीने के बच्चे सहित तीन अन्य को जीवित छोड़ दिया गया था। दोनों बाल चिकित्सा अस्पतालों के प्रमुख डॉ. मुस्तफा अल-कहलौत ने 9 नवंबर को एक वीडियो में अस्पताल को हुए नुकसान और आईसीयू में ऑक्सीजन की कटौती का हवाला देते हुए गंभीर स्थिति पर प्रकाश डाला। रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) सहित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से हस्तक्षेप की अपील के बावजूद, अस्पताल को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमास-इजरायल के बीच चल रही शत्रुता के कारण एम्बुलेंस की सुविधा तक नहीं पहुंच सकी। अस्पताल के एक अधिकारी और क्षेत्र में इजरायली गतिविधियों का समन्वय करने वाले एक अधिकारी के बीच एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में निकासी के लिए एक समझौते का सुझाव दिया गया। हालांकि, कथित तौर पर एम्बुलेंस कभी नहीं पहुंची। आखिर में परिवारों और अस्पताल के कर्मचारियों को खुद ही बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

आईडीएफ ने शिशुओं की मौत के लिए जिम्मेदारी से इनकार कर दिया है और आरोपों को झूठा और तथ्यों का गलत करार दिया। आईडीएफ के प्रवक्ता डोरोन स्पीलमैन द्वारा इन तथ्यों को खारिज करने के बावजूद, शिशुओं के भाग्य से जुड़ी परिस्थितियां विवाद का विषय बनी हुई हैं। हमास के नियंत्रण में गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईडीएफ पर निकासी का आदेश देने और आईसीआरसी सहायता का झूठा वादा करने का आरोप लगाया। आईसीआरसी ने स्पष्ट किया कि वह सुरक्षा स्थिति के कारण किसी भी ऑपरेशन या निकासी में शामिल नहीं था।

## ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों को नो एंट्री, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लाए अब तक का सबसे सख्त कानून

**लंदन।** ब्रिटेन में अप्रवासियों की समस्या काफी ज्यादा बड़ी होती जा रही है। इस पर लगाम लगाने के लिए वहां की सरकार कुछ अहम फैसले ले रही है। इसी कड़ी में एक नया विधेयक भी लाया जा रहा है। इस विधेयक को लेकर ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने विधेयक से जुड़ी अहम बातों की जानकारी दी है। सुनक ने कहा है कि हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए कुछ अहम फैसले ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने अवैध प्रवास खत्म करने पर भी जोर दिया है।

**समझ सकता हूं** – ऋषि सुनक ने आगे लिखा कि इस विधेयक के कारण देश में आने वाले लोगों को संसद नियंत्रित करेगी, न कि आपराधिक गिरोह या कोई विदेशी अदालतें। सुनक के मुताबिक एक प्रवासी का बेटा होने के नाते मैं समझ सकता हूं कि लोग ब्रिटेन क्यों आना चाहते हैं। लेकिन मेरे माता-पिता कानूनी रूप से ब्रिटेन आए थे। हम नहीं चाहते कि यहां आने के लिए लोग क्रिमिनल गैंग के हाथों तरह-तरह की तकलीफें उठाएं। सुनक ने कहाकि इस हफ्ते मैंने अवैध प्रवास के खिलाफ सबसे सख्त कानून का ऐलान किया है। इससे अवैध प्रवास पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।

**सीमाओं की सुरक्षा के लिए-** अपने ट्वीट में सुनक ने लिखा है कि इस हफ्ते अपने देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए कुछ कड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने लिखा कि ब्रिटेन में प्रवासियों की संख्या काफी ज्यादा है।

अवैध प्रवासियों पर लगाम लगनी ही चाहिए। सुनक ने बताया कि इसलिए हमने अवैध प्रवासन को खत्म करने की दिशा में कदम उठाया है। इसके तहत अवैध प्रवासियों की संख्या में 300,000 तक की कमी लाने की योजना है।

## सीरिया में आईएस के हमले में सात की मौत

**दमिश्क, (आईएएनएस)।** सीरिया के दीर अल-जौर प्रांत में सैन्य स्थलों पर इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले के दौरान सात सैनिक और सरकार समर्थक लड़ाके मारे गए। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, हमला दक्षिणी देर-अल-ज़ौर में टी2 ऑयल स्टेशन के पूर्व में सैन्य ठिकानों पर किया गया था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, ब्रिटेन स्थित निगरानी संस्था ने इस साल अब तक ऐसे हमलों में मरने वालों की संख्या 594 बताई है, जिनमें 44 आईएस आतंकवादी, 385 सैनिक और सरकार समर्थक लड़ाके, साथ ही 165 नागरिक शामिल हैं।आईएस ने सीरिया में प्रमुख इलाके खो दिए हैं और उसके लड़ाकू समूहों को पूर्वी सीरिया के विशाल रेगिस्तानी क्षेत्र में पुनर्स्थापन और गुरिल्ला युद्ध का सहारा लेना पड़ा है।

## वर्ग पहेली 6401

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | | ■ | ७ | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १६ | १७ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6400

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सं | २ तु | ष्ट | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| प | ■ | रं | ■ | ५ बा | व | ला | ■ | ह | ■ |
| ६ ला | ग | त | मू | ल्य | ■ | ७ ह | र | जा | ८ ना |
| भ | ■ | ■ | ■ | ९ का | ज | ल | ■ | ■ | मु |
| ■ | १० अ | स्ता | ११ च | ल | ■ | ■ | १२ अं | त | रा |
| ■ | ग्र | ■ | रि | ■ | १३ नि | य | ति | ■ | द |
| १४ रा | ज | १५ प | त्र | ■ | प | ■ | १६ म | १७ न | ■ |
| म | ■ | र | ■ | १८ कं | ट | १९ क | ■ | क | ■ |
| २० रा | घ | व | ■ | ग | ■ | २१ टा | ल्स | टा | २२ य |
| ज्य | ■ | २३ श | य | न | क | क्ष | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** *16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत पाई*

# राजस्थान में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार बनेगी

**जयपुर, (एजेंसियां)। राजस्थान में सोलहवीं विधानसभा के चुनाव में 115 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार का शीघ्र ही गठन होने वाला है और यह प्रदेश में आजादी के बाद छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी।**

भाजपा ने राजस्थान में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और वे भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव कराएंगे और इसके बाद उस नेता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी जो प्रदेश में अब तक हुए सोलह विधानसभा चुनावों में छठी गैर कांग्रेसी सरकार होगी जबकि आजादी के बाद अब तक दस बार कांग्रेस की सरकार रही है।हाल में हुए 16वीं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 69 सीटें ही जीत



पाई हैं। राजस्थान में आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए छठीं विधानसभा के चुनाव में पहली बार भारी बहुमत 150 सीट के साथ जनता पार्टी की भैंरो सिंह शेखावत के नेतृत्व में पहली गैर कांग्रेसी सरकार बनी। उस समय कांग्रेस केवल 41 सीट ही जीत पाई। इसके बाद वर्ष 1990 में नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने

**विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को पर्यवेक्षक नियुक्त किया**

जनता दल के साथ गठबंधन के साथ श्री शेखावत के नेतृत्व में दूसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। नौवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 85 सीटें जीती जबकि उसके सहयोगी दल जनता दल ने 55 सीटें जीतकर दूसरे और 50 सीट जीतकर कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद वर्ष 1993 में दसवीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 96 सीटें जीती और निर्दलीयों के सहयोग से भाजपा के श्री शेखावत ने प्रदेश में तीसरी बार गैर कांग्रेसी सरकार बनाई और उन्होंने राज्य में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। इस चुनाव में कांग्रेस ने 76 सीटें हासिल की जबकि 21 निर्दलीय प्रत्याशियों ने चुनाव जीता। इसके बाद वर्ष 2003 में 12वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने 120 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और श्रीमती वसुंधरा राजे के नेतृत्व में प्रदेश में चौथी गैर कांग्रेसी सरकार बनी और श्रीमती राजे पहली बार एवं राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी।

इस चुनाव में कांग्रेस 56 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी। वर्ष 2013 में 14वीं विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 163 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत मिला और श्रीमती वसुंधरा राजे को दूसरी बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह राज्य में पांचवीं गैर कांग्रेसी सरकार थी। इस चुनाव में कांग्रेस अब तक की अपनी सबसे कम 21 सीटों पर ही सिमट गई।

आजादी के बाद वर्ष 1952 में पहली विधानसभा चुनाव से लेकर वर्ष 1972 में हुए पांचवीं विधानसभा चुनाव तक लगातार पांच बार कांग्रेस की सरकार बनी।

# खेल जगत

**दो या तीन श्रृंखलाओं में, हमें टी20 विश्व कप के लिए भारत के संयोजन का पता चल जाएगा : प्रज्ञान ओझा**

सूरत। पूर्व भारतीय क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बीसीसीआई प्रबंधन और चयनकर्ता 2024 में टी20 विश्व कप से पहले टीम का पूरी तरह से आकलन करने के लिए दो या तीन और टूर्नामेंट ले सकते हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका रविवार से शुरू होने वाली टी20 सीरीज में आमने-सामने होने के लिए तैयार हैं। मेहमान कमोबेश उसी टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका गए हैं, जिसने वनडे विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान टीम से जुड़ेंगे। हालाँकि, ओझा को लगता है कि भारत की सीमित ओवरों की टीम में कोहली और रोहित के भविष्य के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।



## भारत अब द. अफ्रीका में भी जीत का सिलसिला जारी रखने को बेताब

■ जडेजा व शुभमन टीम के जुड़ने से भारत द. अफ्रीका से निपटने के लिए बेहतर तौर पर तैयार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली**। सूर्य कुमार यादव बतौर कप्तान और बल्लेबाज अनुकरणीय खेल दिखा अपने घर में भारत को मजबूत मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की क्रिकेट सीरीज 4-1 से जिताने के बाद अब मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर तीन टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के डरबन में रविवार को खेले जाने वाले पहले मैच में जीत दिला कर जीत का सिलसिला जारी रखने को बेताब होंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बीते बरस खेले गए पिछले पांच मैचों में दोनों टीमों ने दो -दो मैच जीते जबकि एक बेनतीजा अधूरा खत्म हुआ। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे धुरंधरों के वन डे विश्व कप के बाद आराम लेने के बावजूद भारतीय टीम ने सूर्य की अगुआई में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से टी-20 सीरीज दमदार ढंग से जीती। सूर्य की अगुआई वाली अपेक्षाकृत नौजवान भारतीय टीम मौजूदा दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के लिए बतौर उपकप्तान अनुभवी उपकप्तान रवींद्र जडेजा, शुभमन गिल व मोहम्मद सिराज के टीम से जुडने् से मेजबान दक्षिण अफ्रीका से निपटने के लिए जेहनी तौर बेतहर तैयार नजर आती है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के लिए रविवार से शुरू हो रही तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की यह सीरीज अगले साल के मध्य में वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप की तैयारियों और सभी विकल्पों को आजमाने का बड़ा मौका है। ऐसे में टी-20 विश्व कप के लिए बतौर फिनिशर सबसे मजबूत दावेदार बताए जा रहे रिंकू सिंह और जीतेश शर्मा के दक्षिण अफ्रीका में उसकी तेज पिचों पर प्रदर्शन पर करार पूरा होने के बाद टीम इंडिया के चीफ कोच की जिम्मेदारी जारी रखने वाले राहुल द्रविड़ की खासतौर पर निगाहें रहेंगी। रिंकू सिंह और जीतेश शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ा जिगरा दिखा छोटी पर मैच जिताउ पारी खेल कर सभी का ध्यान खींचा है। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में बल्ले से दमदार करने वाली बाएं हाथ के यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी व अपने बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चीफ कोच कितने मैचों में मौका देंगे।

भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ के सामने सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डरबन में पहले टी-20 मैच के लिए सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनने की रहेगी। कप्तान सूर्य, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर ,इशान किशन व रवींद्र जडेजा के अनुभव के साथ शीर्ष क्रम में नौजवान यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी की मौजूदगी में भारत की बल्लेबाजी खासी दमदार और दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उसके स्पिनर महाराज और तबरेज शम्सी से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम नजर आती है। भारत के पास रिंकू के रूप में आखिर में दस गेंदों में दक्षिण अफ्रीका से मैच छीनने में सक्षम फिनिशर भी हैं। दरअसल भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर खासी माथापच्ची करनी होगी कि क्योंकि उसक पास शीर्ष क्रम में दो नहीं बल्कि चार सलामी बल्लेबाज हैं। यशस्वी और ऋतुराज के बढिया़ फॉर्म के मद्देनजर भारत को मजबूरन शुभमन गिल को तीसरे नंबर पर और श्रेयस को चौथे और फिर कप्तान सूर्य को पांचवें नंबर पर उतारना पड़ सकता है। बेशक चीफ कोच द्रविड़ और कप्तान सूर्य आपस में मिल बैठ कर इस बाबत जरूर गंभीरता से चर्चा करेंगे।

दक्षिण अफ्रीका ने अपने तुरुप के अनुभवी तेज गेंदबाज कसिगो रबाडा के साथ नियमित कप्तान तेंबा बाबुमा को टेस्ट सीरीज के लिए तरोताजा रहने के लिए भारत के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए आराम दिया है। वहीं तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी टखने में चोट के बाहर हो गए हैं जबकि आंद्रे नोकिया चोट के चलते पहले ही बाहर हैं। एंगिडी के बाहर होने पर दक्षिण अफ्रीका ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्यूरन हैंड्रिक्स को अपनी टीम में शामिल किया है। दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने वाले एडन मरक्रम के पास अपने तीन शीर्ष तेज गेंदबाजों एंगिडी, रबाडा और नौकिया की गैरमौजूदगी के बावजूद मार्को येनसन, जेराल्ड कोइत्जी, लिजार्ड विलियम्स, ओटीनेल बार्टमैन, ब्यूरन हेंड्रिक्स के साथ ऑलराउडंर नेंड्रे बर्जरन और एंडले फेलुकायो के रूप में अपनी तेज गेंदबाजों की मुफीद पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों का इम्तिहान लेने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं। तेज गेंदबाजों के साथ दक्षिण अफ्रीका के पास बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज , लेग स्पिनर तबरेज शम्सी और अपनी ऑफ स्पिन से भारतीय बल्लेबाजों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाने का दम रखने वाले कप्तान एडन मरक्रम भी हैं।

भारत के पास खुद कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ अलग अलग अंदाज में पारी को बढ़ाने वाले यशस्वी जायसवाल व ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर , इशान किशन अथवा जीतेश शर्मा, रिंकू सिंह, स्पिन ऑलराउंडर उपकप्तान रवींद्र जडेजा, ऑफ आठवें नंबर तक मजबूत बल्लेबाजी है। भारत यदि तीन तेज गेंदबाज के साथ उतरता है तो फिर बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और मुकेश के साथ उतरना होगा क्योंकि दीपक चाहर अपने पिता के अस्वस्थ होने के कारण उपलब्ध नहीं हैं। भारत यदि तीन तेज गेंदबाजों और दो स्पिनरों के साथ उतरने का फैसला करता है तो फिर वह यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा 9 विकेट चटका मैन ऑफ द' सीरीज रहे रवि बिश्नोई , अनुभवी कुलदीप यादव और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर में किस एक को शामिल करेगा। अपने अनुभव के चलते केवल एक स्पिनर को एकादश में शामिल करने की स्थिति में उपकप्तान रवींद्र जडेजा से बेहतर भारत के लिए कोई अन्य स्पिनर नहीं है। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान सूर्य कुमार यादव के लिए सबसे बड़ी चुनौती डरबन की पिच के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ संतुलित एकादश चुनने की होगी।

## जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रजा पर दो मैच की पाबंदी



**दुबई**। आयरलैंड के खिलाफ मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिसंघ (आईसीसी) की आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन के दोषी पाये जाने जिम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर राजा पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है।

जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए पहले टी20 मैच मे रजा के अलावा आयरलैंड के खिलाड़ी कर्टिस केम्फर और जोस लिटिल को भी आईसीसी की आचार संहिता के उल्लघंन का दोषी पाया गया था, इसलिये उन दोनो पर भी दो मैच खेलने पर पाबंदी लगायी गयी है। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा पर उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और दो डिमेरिट अंक दिये गये है , जिसका अर्थ है कि उनके नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके संचित डिमेरिट अंक चार तक पहुंचने के बाद उन्हें मौजूदा तीन मैचों की श्रृंखला के शेष दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि इन तीनों को आईसीसी आचार संहिता की लेवल-1 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'खेल की भावना के विपरीत आचरण' से संबंधित है। कप्तान रजा के हरफनमौला खेल की बदौलत जिम्बाब्वे ने यह मैच एक विकेट से जीत लिया था।

आईसीसी ने बयान जारी कर कहा कि कैंपर और लिटिल पर उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है, जो 24 महीने के भीतर एक मैच खेलने से वंचित रहेंगे। कैंपर और लिटिल ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और आईसीसी मैच रेफरी के एमिरेट्स एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित मंजूरी को स्वीकार कर लिया और इस तरह से अब औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं रही। सिकंदर रजा ने भी अपनी गलती मान ली है, लेकिन पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार नहीं किया है। इस मामले में शुक्रवार को औपचारिक सुनवाई में मंजूरी की पुष्टि की गई। रजा ने कहा कि कैम्फर और लिटिल ने उस पर हमला करने के उद्देश्य से अपना बल्ला दिखाने और अंपायर को दूरी बनाने को बोला था। जिन्होंने स्थिति को शांत करने की कोशिश की थी।

मैदानी अंपायर फोर्स्टर मुतिज़्वा और इकोनो चाबी, तीसरे अंपायर लैंगटन रूसेरे और चौथे अधिकारी क्रिस्टोफर फिरी ने आरोप लगाए। आईसीसी की आचार संहिता की लेवल 1 के उल्लंघनों में न्यूनतम जुर्माना आधिकारिक फटकार, अधिकतम जुर्माना खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक काटने होते हैं।

रजा की अनुपस्थिति में शनिवार और रविवार को आयरलैंड के खिलाफ बाकी दो टी20 मैचों के लिए सीन विलियम्स को जिम्बाब्वे के कप्तान होंगे। कैंपर और लिटिल पर उनकी संबंधित मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और प्रत्येक को एक डिमेरिट अंक प्राप्त हुआ है। क्योंकि 24 महीने के भीतर यह उनका पहला अपराध है।

## बांग्लादेश के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की महिला वनडे टीम घोषित

**केप टाउन**। बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी महिला वनडे टीम का ऐलान कर दिया है।

टीम में तीन प्रमुख खिलाड़ी तेज गेंदबाज अयाबोंगा खाका, ऑलराउंडर मारिजैन कप्प और नादिन डी क्लार्क की वापसी हुयी है। ये खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में नहीं थे। टी20 सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुयी थी। हालाँकि, चोट के कारण टी20ई श्रृंखला से बाहर होने वाली अनुभवी क्लो ट्रायोन को वनडे टीम में भी जगह नहीं मिल सकी है। टी20 सीरीज के जरिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली 20 वर्षीय एलिज़-मैरी मार्क्स के अलावा मिके डी रिडर भी वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। टीम का नेतृत्व हाल ही में नियुक्त पूर्णकालिक कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट करेंगी। चयनकर्ताओं की प्रोटियाज़ महिला संयोजक क्लिंटन डु प्रीज़ ने कहा, हम बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी ने असाधारण कौशल, प्रतिबद्धता और सफल होने की भूख का प्रदर्शन किया है। विशेष रूप से एलिज़-मैरी मार्क्स , जिन्होंने मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। टीम की मुख्य कोच हिल्टन मोरेंग ने कहा मुझे बहुत खुशी है कि हम अपने अनुभव को बढ़ाने के लिए युवाओं को लाना जारी रख सकते हैं। हम जानते हैं कि दांव पर क्या है, दोनों टीमों ने हाल ही में सफल एकदिवसीय श्रृंखला जीती है, इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना है कि जिस तरह से हमने टी20ई की शुरुआत की है, उसके बाद हम उसमें सुधार कर सकते हैं।

टीम- लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, ताज़मिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, मिके डी रिडर*, लारा गुडॉल, सिनालो जाफ्ता, मारिज़ैन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, सुने लुस, एलिज़-मारी मार्क्स*, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, डेल्मी टकर।

## बीबीएल छोड़ने का मकसद अपनी गेंदबाजी में सुधार करना : शादाब खान

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान ने अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने और टेस्ट टीम में वापसी के उद्देश्य से चार दिवसीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) अनुबंध से अलग होने के पीछे के कारण का खुलासा किया है। शादाब ने क्रिकेट पाकिस्तान से कहा, बिग बैश कॉन्ट्रैक्ट छोड़ने के पीछे का मकसद सबसे पहले चार दिवसीय क्रिकेट खेलकर अपनी गेंदबाजी में सुधार करना है और दूसरा अच्छा प्रदर्शन करके टेस्ट टीम में वापसी करना है। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, 25 वर्षीय खिलाड़ी को भरोसा है कि लंबे खेल प्रारूप में खेलने से उन्हें अपने कौशल को और अधिक बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मैंने राष्ट्रीय टी20 खेलने के कारण बिग बैश अनुबंध नहीं छोड़ा; बल्कि मेरा ध्यान चार दिवसीय क्रिकेट खेलने पर अधिक था। क्योंकि मुझे लगा कि मुझे अपनी गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है, और वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने से आएगा। शादाब ने यह भी कहा कि वह खुद को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह ट्रैक पर वापस आने और राष्ट्रीय टीम में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। शादाब ने बताया, मैंने चार दिवसीय क्रिकेट खेलने और अपनी गेंदबाजी में सुधार करने के लिए खुद में निवेश करने की कोशिश की है। अगर मेरी गेंदबाजी में सुधार होता है और इसके साथ ही अगर मेरी बल्लेबाजी में भी सुधार होता है, तो यह पाकिस्तान टीम के लिए



फायदेमंद होगा। आगामी विश्व कप के साथ अपने उद्देश्यों को संरेखित करने के लिए, शादाब ने कहा कि वह चार दिवसीय क्रिकेट खेलने को एक स्मार्ट कदम और अपने कौशल में निवेश के रूप में देखता है। प्रयास चार दिवसीय क्रिकेट के माध्यम से खुद को बेहतर बनाने और अपनी फॉर्म वापस लाने का है। क्योंकि विश्व कप नजदीक आ रहा है और अगर मैं अच्छी फॉर्म में रहा तो इससे पाकिस्तान को फायदा होगा। शादाब खान ने बाबर आजम के सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने के फैसले पर भी अपने विचार साझा किए।

शादाब ने बाबर की पसंद के प्रति सम्मान के साथ-साथ अपनी ईमानदार इच्छाओं को भी व्यक्त किया। लेग स्पिनर ने टीम के हाल ही में नामित टी20 कप्तान शाहीन शाह आफरीदी के लिए भी आभार व्यक्त किया। देखिए, हर किसी का अपना निर्णय है, और बाबर ने पद छोड़ दिया है। हम उन्हें अपनी शुभकामनाएं भेजते हैं। हमने पाकिस्तान के कप्तान के रूप में उनके साथ बहुत अच्छा समय बिताया है। अब, शाहीन ने भूमिका निभा ली है, और हम इसे लेकर उत्साहित हैं। हमने पीएसएल में उनकी (शाहीन की) कप्तानी देखी है और यह बहुत अच्छा लगता है। आइए देखें कि पहली बार उनकी कप्तानी में खेलना कैसा होता है; इससे अंदाजा लगेगा कि यह कितना मजेदार है और मैं शाहीन की कप्तानी में खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## डब्ल्यूएफआई का चुनाव 21 दिसंबर को होगा, परिणाम भी उसी दिन

नई दिल्ली। रिटर्निंग पोलिंग ऑफिसर ने शनिवार को पुष्टि की कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और वोटों की गिनती के बाद उसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक को रद्द करने के बाद आया है, जिससे नए डब्ल्यूएफआई गवर्निंग बॉडी के चुनाव की प्रक्रिया का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची की तैयारी और प्रदर्शन तक के सभी चरण (7 अगस्त को) पूरे हो चुके थे और मतदान, वोटों की गिनती और परिणाम की घोषणा जैसी विभिन्न गतिविधियां बाकी हैं।

इसमें आगे कहा गया है, डब्ल्यूएफआई के चुनावों पर मतदान से ठीक एक दिन पहले 11.08.2023 को पंजाब और हरियाणा उच्च




न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई थी और इसलिए, 12.08.2023 को मतदान नहीं हो सका... सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन आदेश हटा दिया है और इसलिए शेष चरण जैसे मतदान आदि अब निम्नलिखित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 21.12.2023 को फिर से शुरू होंगे।

चुनाव प्रक्रियाएं डब्ल्यूएफआई के अनुसमर्थित संविधान की आवश्यक आवश्यकताओं और शर्तों के साथ-साथ भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रकाशित मॉडल दिशानिर्देश, 2011 का अनुपालन करेंगी।

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्लूडब्लू) ने समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अस्थायी रूप से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था । राष्ट्रीय कुश्ती संचालन संस्था को जून में चुनाव कराने थे। दुर्भाग्य से, विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा पेश की गई कई कानूनी चुनौतियों के कारण इन चुनावों में कई देरी का सामना करना पड़ा।

फिर, नए प्रशासकों को चुनने के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने थे, लेकिन हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) की एक याचिका के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाने के बाद इसमें और देरी हो गई।

## न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को चार विकेट से हराया



**मीरपुर**। ग्लेन फिलिप्स के (31 रन पर तीन विकेट और 87 एवं 40 नाबाद) के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड ने शनिवार को दूसरे और अंतिम टेस्ट में मेजबान बांग्लादेश को चार विकेट से हरा कर श्रृखंला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम पर टॉस जीत कर बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 172 रन बनाये जिसके जवाब में फिलिप्स के 80 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 180 रन बनाकर आठ रन की लीड हासिल की और एजाज पटेल (57 रन पर छह विकेट) की घातक गेंदबाजी से बांग्लादेश की दूसरी पारी को 144 रनों पर समेट दिया। कीवी टीम को जीत के लिये 136 रन का आसान लक्ष्य मिला जिसे मेहमान टीम ने छह विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मात्र तीन दिनो तक चले टेस्ट में गेंदबाजों का बोलबाला रहा। टेस्ट का दूसरा दिन बारिश के कारण प्रभावित रहा। बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम को टेस्ट श्रृखंला में 15 विकेट लेने के कारण मैन आफ द सीरीज घोषित किया गया। उन्होने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में दो विकेट चटकाये।

## सार संक्षेप

### प्रो टेनिस लीग : सांकरा स्टैग बबोलट योद्धा की बड़ी जीत

**नई दिल्ली**। इचिहबान समुराई ने हार्वेन प्रो टेनिस लीग (पीटीएल) के पांचवें सत्र में इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स को हरा कर अपनी दूसरी जीत हासिल की, वहीं संकरा स्टैग बबोलट योद्धा और पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स ने अपने अपने मैच जीते। डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को इचिहबान समुराई ने इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स को हराया।संकरा स्टैग बबोलट योद्धा ने शुरुआती दिन की हार से उबरते हुए लखनऊ एविएटर्स को 30 अंकों के बड़े अंतर से हराया। पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स शाम को डीएमजी दिल्ली क्रूसेडर्स पर करारी जीत के साथ ग्रुप बी स्टैंडिंग में शीर्ष पर पहुंच गया। चैंपियन सांकरा स्टेग बाबोलट योद्धाओं ने लखनऊ एविएटर्स को 95-65 से हराया। इस बीच, लखनऊ एविएटर्स को अपनी चुनौती को जीवित रखने के लिए पैरामाउंट प्रोक टाइगर्स के खिलाफ एक बड़ी जीत की आवश्यकता होगी।

### चीन के चेंगदू में होगी कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप

**बीजिंग**। दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत की राजधानी चेंगदू, 2027 कलात्मक जिमनास्टिक विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगी। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 22 और 23 नवंबर को बांग्लादेश के ढाका में अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसके बाद एफआईजी ने घोषणा की थी कि उन्हें चीनी जिमनास्टिक एसोसिएशन से 55वीं विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की पेशकश मिली है। बाद में, एफआईजी के महासचिव निकोलस बुओम्पेन ने एक आधिकारिक पत्र के जरिये बताया कि एफआईजी की कार्यकारी समिति ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के जरिये चीन के चेंगदू शहर को चैंपियनशिप आवंटित करने का निर्णय लिया है। यह चैंपियनशिप 28 सितंबर से 6 अक्टूबर 2027 तक होगी।

## डब्ल्यूपीएल नीलामी : वृंदा को पछाड़ कर काशवी बनी सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी





मुंबई। अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों काशवी गौतम और वृंदा दिनेश ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 की नीलामी के दूसरे सत्र में गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स के बीच बड़ा बोली युद्ध शुरू कर दिया और उन पर दांव लगाने के लिए बैंक तोड़ दिया। काशवी गौतम को 2 करोड़ रुपये में खरीदा गया, जबकि कर्नाटक की बल्लेबाज वृंदा दिनेश को 1.3 करोड़ रुपये में चुना गया।

गुजरात जायंट्स ने चंडीगढ़ की 20 वर्षीय ऑलराउंडर काशवी गौतम के लिए 2 करोड़ रुपये की विजयी बोली लगाई, जिससे वह डब्ल्यूपीएल 2024 नीलामी के पहले चरण में ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं।

दाएं हाथ की बल्लेबाज और दाएं हाथ की मध्यम तेज गेंदबाज, काशवी ने हाल ही में मुंबई में इंग्लैंड ए महिला टीम के खिलाफ तीन टी20 मैचों में भारत ए के लिए खेला है और ऐसा प्रतीत होता है कि फ्रेंचाइजी के स्काउट्स ने कुछ ऐसा देखा है जो उन्हें लगता है कि खिलाड़ी को मेगा बनाता है। गुजरात ने यूपी वारियर्स के साथ एक भयंकर बोली युद्ध के बाद उसे जीता, जो इस नीलामी में गहरे पर्स वाली फ्रेंचाइजी में से एक है। वृंदा को एक निरंतर बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कर्नाटक में स्थानीय लीगों में अच्छा प्रदर्शन किया है और यूपी वारियर्स ने गुजरात, मुंबई इंडियंस और दिल्ली को पछाड़ते हुए उन्हें चुना है। छह विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 17 खिलाड़ियों को अब तक की कार्रवाई में बेचा गया है, जिसमें अब तक कुल 10.25 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

अन्य महत्वपूर्ण बोलियों में, एकता बिष्ट 60 लाख रुपये में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास गईं, जिन्होंने 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर इंग्लैंड की स्पिनर केट क्रॉस को भी खरीद लिया। गुजरात जायंट्स को अब अपनी 18 सदस्यीय टीम पूरी करने के लिए पांच खिलाड़ियों को चुनने की जरूरत है, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चार खिलाड़ियों की जरूरत है। दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स के पास 17-17 खिलाड़ी हैं और उन्हें अपनी टीम पूरी करने के लिए एक और खिलाड़ी की जरूरत है। मुंबई इंडियंस के पास अब 16 खिलाड़ी हैं और नीलामी के शेष दौर में दो और खिलाड़ियों की जरूरत है।

### महिला प्रीमियर लीग 22 फरवरी से शुरू होगी : रिपोर्ट

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए एक समय सीमा की पहचान की है, जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च के बीच होने की संभावना है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जिसका दूसरा सीजन 22 फरवरी से 17 मार्च तक होने की संभावना है। हालांकि पांच टीमों की लीग के लिए विशिष्ट स्थान को अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे संकेत हैं कि लीग एक केंद्र के बजाय कई स्थानों पर आयोजित की जा सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में शनिवार को होने वाली डब्ल्यूपीएल नीलामी से पहले इस जानकारी पर चर्चा की गई। ऐसा माना जाता है कि पांच प्रतिद्वंद्वी टीमों- दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वारियर्स को बीसीसीआई द्वारा इस अस्थायी समय सारिणी के बारे में सूचित कर दिया गया है। लीग के उद्घाटन संस्करण में, मुंबई ने सभी मैचों की मेजबानी की।

### सुडोकू 6401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 |

# अर्थ जगत

## कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उचार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट कूड का मूल्य बढ़कर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शनिवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट कूड 1.79 डॉलर यानी 2.42 फीसदी की उछाल के साथ 75.84 डॉलर प्रति बैरल पर टिका है।



## आलू फसल नष्ट हुई, पश्चिम बंगाल सरकार किसानों को चेतावनी देने में विफल रही : सुवेंदु

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल सरकार किसानों को बेमौसम बारिश के बारे में चेतावनी देने में विफल रही, जिससे राज्य के दक्षिणी क्षेत्र में आलू की फसल को नुकसान हुआ। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को यह दावा किया। अधिकारी ने हावड़ा जिले के उलुबेरिया में कुछ आलू खेतों का दौरा किया और फसल के नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा, राज्य भर के आलू किसानों को वित्तीय झटका लगा है क्योंकि पिछले तीन दिनों में बेमौसम बारिश से उनकी फसलें बर्बाद हो गईं। कृषि विभाग की चेतावनी के अभाव में वे कोई सावधानी नहीं बरत सके। उन्होंने कहा, मैं प्राकृतिक आपदा के लिए सरकार को दोष नहीं दे रहा हूं। हालांकि, संबंधित विभाग किसानों को चेतावनी जारी करने में विफल रहा। वे त्योहारों के आयोजन में व्यस्त थे। भाजपा नेता अधिकारी ने कहा कि सरकार को किसानों के बीच तेजी से विकसित होने वाले उच्च गुणवत्ता वाले आलू के बीज मुफ्त में वितरित करने चाहिए ताकि उनके नुकसान का कुछ हिस्सा पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि किसानों को केंद्रीय फसल बीमा योजना का लाभ नहीं मिल सका क्योंकि ममता बनर्जी सरकार ने इससे बाहर निकल कर अपना फसल बीमा पेश किया था, जो शुरू नहीं हुआ।

## एयरलाइन कंपनियों ने दीवाली पर टिकटों की ऊची कीमतों से लिया सबक, क्रिसमस-नए साल पर घटाए दाम

*नई दिल्ली। इस साल क्रिसमस और नए साल पर पिछले साल के मुकाबले सस्ते हवाई टिकट मिल सकते हैं। दिल्ली-मुंबई, मुंबई-बेंगलूरु और मुंबई-चेन्नई जैसे प्रमुख घरेलू मार्गों पर 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच हवाई किराये में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 28 फीसदी तक नरमी दिख रही है।*



विमानन उद्योग के सूत्रों के अनुसार हवाई किराये में यह बदलाव दीवाली से पहले हुई गलती का नतीजा है। इस साल त्यौहारों से एक या दो महीने पहले इन कंपनियों ने किराया ज्यादा ही रखा था ताकि उन्हें प्रति यात्री प्रति किलोमीटर औसत आय बरकरार रखने में मदद मिल सके। मगर उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई क्योंकि तारीख नजदीक आने के साथ ही कई मार्गों पर लोड फैक्टर कम होने लगा यानी विमान में यात्रियों की संख्या घटने लगी। ऐसे में अधिकसे अधिक टिकट बुक कराने और खाली सीटें भरने के लिए दीवाली के आसपास उन्हें तुरंत बुकिंग पर किराया कम करना पड़ा। उस गलती से सीख लेकर विमानन कंपनियां सुधरने की कोशिश कर रही हैं। आलम यह है कि विस्तारा ने इस साल 11 दिसंबर से अगले साल 30 सितंबर के बीच देश के भीतर सफर के लिए आज तीन दिन की सेल शुरू कर दी। पिछले दो महीनों में विमान ईंधन भी सस्ता हुआ है। इससे विमानन कंपनियों को क्रिसमस वाले हफ्ते में किराया कम रखने में मदद मिली है। 1 अक्टूबर को विमान ईंधन की कीमत दिल्ली में 1.18 लाख रुपये प्रति किलोलीटर थी, जो 1 दिसंबर तक घटकर 1.06 लाख रुपये प्रति किलोलीटर रह गई। दिल्ली-मुंबई मार्ग भारत का सबसे व्यस्त हवाई मार्ग है, जिस पर हर हफ्ते करीब 730 उड़ानें आती-जाती हैं। यात्रा पोर्टल इग्जिगो से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच सफर के लिए यात्रा से एक महीने पहले टिकट बुक कराने पर औसत हवाई किराया साल भर पहले के मुकाबले करीब 2 फीसदी कम था। मुंबई-बेंगलूरु मार्ग भी भारत के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है। इग्जिगो के अनुसार इस मार्ग पर 24 दिसंबर से 1 जनवरी के बीच का टिकट महीने भर पहले बुक कराने पर केवल 4,662 रुपये में मिल रहा था, जो पिछले साल की टिकट कीमत से करीब 24 फीसदी कम है। इस साल दीवाली 12 नवंबर को थी और क्रिसमस हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है।

विमानन ब्लॉग नेटवर्क थॉट्स के संस्थापक एवं विमानन विश्लेषक अमेय जोशी ने कहा कि, 'नवंबर में विमानन उद्योग को काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। महीने की शुरुआत में अधिक किराये के कारण लोड फैक्टर कम था। इसलिए विमानन कंपनियों ने कीमत घटाकर बिक्री बढ़ाने की रणनीति अपनाई। इससे बिक्री के साथ-साथ किराये में भी भारी इजाफा हो गया। क्रिकेट विश्व कप फाइनल के समय सप्ताहांत के हवाई किराये भी आसमान छू रहे थे। मगर क्रिसमस और नए साल की छुट्टियों के दौरान विमानन कंपनियां इससे परहेज कर रही हैं। अब वे उन मार्गों पर कम कमाकर अधिक यात्री हासिल करने पर जोर दे रही हैं, जहां लोड फैक्टर कम है।

(साभार-बिजनेस स्डैण्र्ड)

## बैंकों पर पड़ेगा 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का बोझ, पेंशन और 5 डे वीक पर अभी फैसला नहीं



*नई दिल्ली। इंडियन बैंक असोसिएशन और कर्मचारी यूनियनों के बीच 17 फीसदी वेतन बढ़ाने को लेकर समझौता हो गया है. यह समझौता एक नवंबर, 2022 से लागू माना जाएगा और पांच साल तक लागू रहेगा.इसके मुताबिक, वेतन वृद्धि करने से एसबीआई समेत सभी सरकारी बैंकों के ऊपर 12449 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा.*

**17 फीसद होगी वेतन वृद्धि** - समझौते के मुताबिक, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 17 फीसद वेतन वृद्धि होगी. इस पर 12449 करोड़ खर्च होंगे. नए एग्रीमेंट से लगभग 9 लाख कर्मचारियों और 3.8 लाख अधिकारियों को फायदा पहुंचेगा. आईबीए और कर्मचारी यूनियनों के बीच 7 दिसंबर को वार्ता हुई थी. वेतन वृध्दि को लेकर एक एमओयू भी साइन किया गया. नई वेतन वृध्दि की प्रक्रिया 6 महीने में पूरी कर ली जाएगी.

**इस समझौते में ये रहे प्रमुख मुद्दे** -एमओयू के मुताबिक, नई वेतन वृद्धि एक नवंबर, 2022 से लागू होगी. यह अगले 5 सालों तक लागू रहेगी. नए पे स्केल के लिए डीए को बेसिक पे मिला दिया जाएगा. यह नियम 31 अक्टूबर, 2022 से लागू माना जाएगा. साथ ही 3 फीसदी लोडिंग भी लागू होगी, जिसके चलते 1795 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सालाना वेतन वृद्धि का अलग-अलग नियम होगा. हालांकि, पेंशन में वृद्धि के प्रस्ताव पर अभी फैसला होना बाकी है. मगर, उन्हें वन टाइम पेमेंट करने पर सहमति बन चुकी है

**हर शनिवार की छुट्टी पर अभी फैसला नहीं** -आईबीए ने सरकार से हर शनिवार पर छुट्टी रखने की मांग की है. फिलहाल बैंकों की दूसरे और चौथे शनिवार छुट्टी रहती है. वित्त राज्य मंत्री भगवत कराड ने संसद में इसकी पुष्टि कर दी थी. मगर उन्होंने यह नहीं बताया था कि इस पर सरकार विचार कर रही है या नहीं. एमओयू में भी इसका जिक्र नहीं किया गया है. फाइव डे वीक पर फैसला आगे जाकर हो सकता है. दीपावली से पहले केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ाया था जबकि बैंक कर्मचारी पिछले साल से ही वेतन वृध्दि की मांग कर रहे थे.

## भारत दुनिया के विकास का इंजन : राजनाथ सिंह

### फिक्की की 96वीं एजीएम को संबोधित किया

*नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एफआईसीसीआई की 96वीं एजीएम को संबोधित किया।*



इस दौरान राजनाथ सिंह ने देश के आर्थिक विकास पर बात की और कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, ऐसे में यह स्वभाविक है कि भारत की आर्थिक तरक्की का असर अन्य देशों की आर्थिक तरक्की पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारत को आज के समय का ग्रोथ इंजन कहा जा रहा है। यह सभी भी है।

**चीनी की विकास की रफ्तार पड़ी धीमी** - रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। साल 2027 तक कई विशेषज्ञों का कहना है कि हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। दुनिया की शीर्ष रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स ने भी कहा है कि भारत आज दुनिया के ग्रोथ इंजन की भूमिका में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की विकास की रफ्तार धीमी होगी और भारत की विकास की रफ्तार तेज होगी।

## भारत की जीडीपी वृद्धि पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब : प्रधानमंत्री

*गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की 7.7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब है। मोदी ने यहां आयोजित इनफिनिटी फोरम 2.0 सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- सिटी (गिफ्ट सिटी) को नए युग की वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहती है।*



मोदी ने अपने संबोधन में कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत ने 7.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल की है। आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं और यह सिर्फ अपने आप नहीं हुआ। यह भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का भी प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते वित्तीय प्रौद्योगिकी बाजारों में से एक है और गिफ्ट अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र इसके केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने विशेषज्ञों से हरित ऋृण के लिए एक बाजार तंत्र विकसित करने पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल करने पर प्रदेश की जनता को बधाई दी।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एकस्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62650 चांदी रिफाइन - 75300

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62650 चांदी रिफाइन - 75300


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.38 |
| एक यूरो | 89.54 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.38 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.73 |
| एक जापानी येन | 00.57 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 80 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।


## भारत 2025 के अंत तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा : अमित शाह

*देहरादून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत 2025 के अंत तक 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।*



उन्होंने यहां उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण भारत पिछले एक दशक में हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ा है। शाह ने कहा, दुनिया आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। 2014 से 2023 के बीच भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था से उठकर पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल के दौरान देश ने पहले कभी इतनी बड़ी छलांग नहीं लगाई। उन्होंने इसका श्रेय मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अपने लक्ष्य को वास्तविकता में बदलने की उनकी क्षमता को दिया। शाह ने कहा कि मोदी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं, वह आतंकवाद मुक्त दुनिया के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान की अगुवाई करने के अलावा अपने मेक इन इंडिया कार्यक्रम के जरिये दुनिया की धीमी होती जीडीपी को गति देने की कोशिश कर रहे हैं।

## कैट ने गोयल और सिंधिया से हवाई किराया के लिए एमएसपी लाने की मांग की

*नई दिल्ली। कैट ने देश में हवाई किराया के लिए एमएसपी लाने की मांग की है। कैट ने विभिन्न एयरलाइंस कंपनी द्वारा वसूले जाने वाले अतार्किक, अत्यधिक और अनिर्देशित हवाई किराया टैरिफ पर कड़ी चिंता जताते हुए कहा है कि इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी और आर्थिक नुकसान हो रहा है।*

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आग्रह किया है कि उपभोक्ताओं के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए, माल की बिक्री पर लगाए.कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से आग्रह किया है कि उपभोक्ताओं के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए, माल की बिक्री पर लगाए गए एमआरपी के पैटर्न पर एयर टैरिफ चार्ज करने के लिए एयरलाइंस पर अधिकतम बिक्री मूल्य लगाया जाना चाहिए। खंडेलवाल ने उचित टैरिफ लागू करने के लिए अर्ध-न्यायिक शक्तियों के साथ सेबी की तर्ज पर एक स्वतंत्र निगरानी निकाय बनाने का सुझाव भी दिया है। कैट महामंत्री ने कहा कि विभिन्न एयरलाइंस कार्टेल मोड में काम कर रही हैं, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि किसी भी क्षेत्र के लिए अलग-अलग एयरलाइंस लगभग समान शुल्क निर्धारित करती हैं।

## सरकार दिसंबर, फरवरी में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की किश्त जारी करेगी



*नई दिल्ली। सरकार इस महीने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की एक किश्त जारी करेगी और फरवरी में एक अन्य किश्त जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 2023-24 श्रृंखला-3 इस महीने 18-22 दिसंबर को खुलेगी।* श्रृंखला-4 के लिए 12-16 फरवरी की तारीख तय है। श्रृंखला-एक 19-23 जून के बीच और श्रृंखला-दो 11-15 सितंबर के बीच खुली थी। बॉन्ड की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, निर्दिष्ट डाकघरों और मान्य शेयर बाजारों बीएसई एवं एनएसई के जरिये की जाएगी। परंपरागत सोने की मांग कम करने और घरेलू बचत के एक हिस्से के तौर पर गोल्ड बॉन्ड की बिक्री सबसे पहले नवंबर, 2015 में शुरू की गई थी। गोल्ड बॉन्ड की परिपक्वता अवधि आठ साल की होगी लेकिन पांच साल पूरा होने पर इससे निकलने का विकल्प होगा। इस योजना के तहत न्यूनतम एक ग्राम सोने में निवेश किया जा सकता है।

## खाद्यान्न और चीनी के लिए जूट पैकेजिंग के मानदंडों को मंजूरी



*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को जूट वर्ष 2023-24 के लिए अनिवार्य पैकेजिंग मानदंडों को मंजूरी दी। नए प्रावधानों के तहत 100 प्रतिशत खाद्यान्न और 20 प्रतिशत चीनी की जूट की थैलियों में पैकिंग करना अब जरूरी होगा।*

खबर के मुताबिक, इस फैसला से जूट मिलों और सहायक यूनिट्स में काम करने वाले चार लाख श्रमिकों को राहत मिलने के साथ ही लगभग 40 लाख किसान परिवारों को समर्थन मिलेगा। जूट वर्ष 1 जुलाई से 30 जून तक होता है। जूट वर्ष के दौरान पैकेजिंग और वापस मंगाए जूट की बोरी और नई खरीद के लिए एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल पर पी-2 फॉर्म जोड़ा गया है।

**घरेलू उत्पादन क्षेत्र के हितों की रक्षा होगी** - खबर के मुताबिक, एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस प्रस्ताव से भारत में कच्चे जूट और जूट पैकेजिंग सामग्री के घरेलू उत्पादन क्षेत्र के हितों की रक्षा होगी। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में लिए गए फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि जूट वर्ष 2023-24 के लिए अनुमोदित जरूरी पैकेजिंग मानदंडों के तहत 100 प्रतिशत खाद्यान्न और 20 प्रतिशत चीनी की जूट की थैलियों में पैकिंग करना होगा।

**फैसले से पर्यावरण की रक्षा में मदद मिलेगी** - जूट पैकेजिंग सामग्री के आरक्षण के तहत देश में उत्पादित कच्चे जूट का लगभग 65 प्रतिशत खपत होता है।

## कैट की जबलपुर में महिला विंग गठित

### 17 दिसम्बर को झांसी में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मुलाकात करेंगी

*जबलपुर। कैट मध्यप्रदेश की जबलपुर में महिला विंग गठित की गई है। श्रीमती सीमा सिंह चौहान महिला विंग की प्रमुख होंगी। जबलपुर महिला उद्यमियों को संगठित कर उन्हें व्यापार में प्रोत्साहित करने के लिये इस टीम का गठन किया गया है। यह टीम 17 दिसम्बर को झांसी में आयोजित कैट के राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में मुख्य अतथि केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से भेंट कर महिला उद्यमियों के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाओं पर चर्चा करेंगी।*



जबलपुर में आयोजित महिला उद्यमियों की बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खण्डेलवाल ने कहा कि महिला उद्यमियों के लिये बैंक फायनेंस से लेकर स्वावलम्बन के अनेक कार्यक्रम है, जिनके माध्यम से हम महिलाओं को व्यापार में आगे बढायेगे। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने इस अवसर पर प्रदेश भर में महिला विंग के गठन पर जो कार्य चल रहा है, उसकी जानकारी दी। ग्वालियर, भोपाल, इन्दौर, विदिशा एवं सतना सहित अनेक शहरों में महिला विंग सक्रियता से महिला उद्यमियों के लिये कार्य कर रही है। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खण्डेलवाल के अतिरिक्त कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र पचौरी, प्रदेश सचिव दीपक सेठी, कैट जबलपुर के जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी, महामंत्री मनु शरद तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कैट महिला विंग प्रमुख श्रीमती सीमा चौहान ने बताया कि वह महिला उद्यमी बहिनों को साथ लेकर कैट के माध्यम से जबलपुर में महिलाओं के लिये ''मल्टी प्रोडक्ट कलस्टर'' बनाये जाने की मांग मध्यप्रदेश शासन के नव निर्वाचित एमएसएमई मंत्री से करेंगी और इस दिशा में अभूतपूर्व कार्य महिला विंग करेगी। इसी संबध में 17 दिसम्बर को झांसी में जबलपुर का लगभग 15 उद्यमी महिलाओं का प्रतिनिधि मण्डल केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से भेंट करेगा और उन्हें जबलपुर आने हेतु आमंत्रित करेगा। इस अवसर पर श्रीमती सीमा खटवानी, आराधना चौहान, सिवाना आहूजा, सीमा बादल, डॉ. कामना श्रीवास्तव, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. चांदना चकवर्ती, अर्चना सिंह, निविदिता पाण्डे, स्वेता सर्राफ, कीर्ती, संजीवनी आला सहित अनेक महिलायें उपस्थिति थी।


### देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु
**आवश्यकता है**
उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.
MO: - 7880251021
8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

# नर्मदा परिक्रमा की बस जबलपुर-अमरकंटक हाईवे पर पलटी, एक की मौत 6 घायल





**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले में जबलपुर-अमरकंटक मार्ग पर गुरूवार को यात्री बस पलट गई। हादसा सिमरिया तिराहे पर कार को बचाने के चक्कर में हुआ। गुरूवार शाम करीब 6 बजे हादसे में बस में सवार महिला श्रृद्धालु की मौत हो गई, 6 यात्री घायल हो गए। उन्हें डिंडौरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि करीब 40 यात्री गुजरात से नर्मदार परिक्रमा के लिये आए। ये सभी लोग अमरकंटक से उज्जैन जा रहे थे। बस पलटने से हाईवे पर जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों ने क्रेन की मदद से बस को खड़ा कराया। नेशनल हाईवे पर जाम लगने के कारण वाहन करीब एक घंटे फंसे रहे।

**अहमदाबाद से 45 यात्री कर रहे नर्मदा परिक्रमा**

बस पर यात्रा कर रहे अहमदाबाद निवासी बाबू भाई ने बताया कि बस पर लगभग 45 यात्री नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं। बस अभी अमरकंटक से उज्जैन के लिये निकली थी। सड़क पर एक कार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 50 वषीय भावना बेन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में घायल मीना बाई बेन, हीना बेन, बाली बेन, वीरा बाई, बाबू भाई और सरोज कुशवाहा का इलाज चल रहा है। एसडीओपी केके त्रिपाठी का कहना है कि क्रेन की मदद से बस को खड़ा करवाया जा रहा है। वाहन जाम में फंसे हुए थे। हाईवे जल्द से जल्द खुलवाया जा रहा है।

**घायलों में एक परिवार मुरैना जिले का**

जिला अस्पताल में 6 घायलों में एक महिला सरोज कुशवाहा मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के पोरसा की रहने वाली है। सरोज ने बताया कि उनके पति जगदीश कुशवाहा अहमदाबाद में नौकरी करते हैं, वह अपने पति और बेटे निहाल कुशवाहा के साथ अहमदाबाद से नर्मदा परिक्रमा पर निकली थी।

**घायलों से मिलने पहुंचे सीईओ-नपा अध्यक्ष**

जैसे ही परिक्रमा वासियों की सड़क दुर्घटना की खबर जिला पंचायत सीईओ विमलेश सिंह और नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस को लगी तो वे स्टाफ के साथ जिला अस्पताल पहुंची। घायलों का हालचाल जाना। नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा कर रहे यात्रियों के भोजन और रूकने की व्यवस्था नगर परिषद कर रही है।



## मिचौंग पड़ा कमजोर, बारिश से राहत की उम्मीद, ठंड से कांपा शहर

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश भर में चक्रवाती तूफान मिचौंग के असर से कई जिलों में बारिश, ठंडी हवाएं चले रही हैं। लोग ठंड से कांप रहे हैं। धूप देखने के लिये तरस रहे हैं। गुरूवार की शाम से आसमान से बादलों की चादर हटनी शुरू हो जाएगी। आज 8 दिसंबर की सुबह घने कोहरे के आसार हैं। आसमान से बादल छंटते ही ठंड भी असरदार होगी। 11 दिसंबर से फिर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं, तब तक आसमान खुला रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असरकारी होते ही फिर से तीन दिन बादल पानी भरे होंगे। शहर में बीते एक सप्ताह से मौसम पूरी तरह से बला हुआ है कभी कोहरा तो कभी बारिश होती है।

इसके चलते जन-जीवन प्रभावित हो गया है। बताया जा रहा है कि चक्रवाती तूफान मिचौंग और नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम का यह असर बना हुआ है। गुरूवार सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा रहा। इस बीच हल्की बारिश भी हुई है। रिमझिम फुहार के बीच 6 से 7 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल रही है, जिसके चलते वातावरण में ठंडक बनी हुई है। सर्दी के सीजन में भी हो रही बेमौसम की बारिश के चलते दिन का तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। स्थानीय मौसम वेधशाला के वैज्ञानिक सहायक देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि, पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है। अब आसमान से धीरे-धीरे बादल विदा लेने लगेंगे। रात तक मौसम खुल सकता है। शुक्रवार सुबह घना कोहरा पड़ने के साथ ही ठंड एक बार फिर अपना जलवा दिखाएगी। अब रात का तापमान तेजी से नीचे की ओर जाएगा। यह क्रम अगले पश्चिमी विक्षोभ के असर आने तक बनी रहेगी। 11 दिसंबर के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में तापमान इसी तरह से घटता बढ़ता रहेगा। आगामी 24 घंटे के दौरान जबलपुर संभाग के कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई जा रही है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र मिचौंग चक्रवात बना हुआ है इसके प्रभाव से ही बारिश हो रही है।

# बैंक ने भेजा नोटिस तो महिला ने भेड़ाघाट में लगाई मौत की छलांग



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले में लोन न चुकाने पर महिला बैंक नोटिस से परेशान होकर धुआंधार में कूद गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे 600 मीटर दूर से निकाल लिया। महिला बैंक कार्रवाई से डर रही थी। बताया जा रहा है कि महिला ने बैंक से मकान बनाने के लिये कर्ज लिया था।

कुछ साल तक तो लोन की किश्तें बाकायदा जमा हो रही थी लेकिन कुछ परेशानियों के कारण महिला किश्तें जमा नहीं कर पा रही थी। जिसके बाद बैंक ने उसे नोटिस भेजना शुरू कर दिया। जिससे वह घबरा गई और भेड़ाघाट के धुंआधार में छलांग लगा दी। लेकिन वहां तैनात गोताखोरों ने उसे समय रहते बचा लिया। जानकारी के अनुसार गढ़ा थानांतर्गत निवासी 40 वर्षीय ज्योति सोनी ने मकान बनाने के लिए बैंक से लोन लिया था। बैंक का लोन नहीं चुकाने के कारण उसे बार-बार नोटिस मिल हो रहे थे। जिसमें कार्रवाई की चेतवानी दी गई थी। इसके कारण महिला ने आत्महत्या करने के लिए धुआंधार फॉल से नर्मदा नदी में छलांग लगा दी। महिला तेज बहाव के साथ लगभग 600 मीटर तक बहती गई।

**मकान बनाने के लिये लिया था कर्ज, गोताखोरों ने महिला को बचाया**

महिला को बहता देख आरक्षक हरिओम वैश्य की टीम ने बचाव अभियान चलाया। कुछ गोताखोर महिला को बचाने नदी में कूद गए तो कुछ रस्सी लेकर किनारे पर दौड़ लगाने लगे। टीम ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला के बेटे शिवा सोनी ने बताया कि उनकी गढ़ा थाना के समीम कपड़े की दुकान है। मकान के संबंध में बैंक से नोटिस प्राप्त हो रहे थे। फिलहाल वह अपने भाई के घर गई हुई है। भेड़ाघाट थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि महिला को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उसे काउसिंलिग के लिए गढ़ा थाने भिजवा दिया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चक्रवाती तूफान का असर, वाडी से नहीं चलेगी इज्तिमा स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य रेल द्वारा जारी सूचना के अनुसार चेन्नई में चक्रवात के कारण ट्रेन संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसके कारण कोहरे के मौसम की स्थिति और अन्य तकनीकी कारणों के चलते गुरूवार 7 दिसंबर को वाडी जंक्शन स्टेशन से भोपाल के लिए चलने एवं वापस जाने वाली गाड़ी संख्या 01331/01332 वाडी-भोपाल-वाडी स्पेशल ट्रेन को निरस्त किया गया है। रेल प्रशासन द्वारा इज्तिमा त्यौहार के लिये यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस स्पेशल गाड़ी को एक एक फेरा चलाने का निर्णय लिया गया था किन्तु अब यह गाड़ी ख़राब मौसम एवं अन्य तकनिकी कारणों से निरस्त की गयी है।

## टमाटर के दाम हुए आधे, फुटकर भाव 30 से घटकर 15 रूपये किलो पर आए

**जबलपुर, देशबन्धु।** जैसे-जैसे थोक सब्जी मंडी में लोकल आवक का दबाव बढ़ रहा है, वैसे-वैसे टमाटर की कीमत घटती जा रही है वहीं इसका असर अब फुटकर बाजार में भी तेजी से दिख रहा है। मुख्य सब्जी मण्डी पड़ाव में जो टमाटर मंगलवार को 30 से 40 रूपये किलो तक बिका था, इसके दाम घटकर गुरूवार को 15 से 20 रूपये किलो तक बोले गए।



हालाकि मुनाफाखोरी के चलते कई मुनाफाखोर फुटकर व्यापारी अभी भी टमाटर दुगने भाव यानि 30-40 रूपये किलो पर बेच रहे हैं और तगड़ा मुनाफा कमा रहे हैं, खासकर ठेलों पर टमाटर सहित अन्य हरी सब्जियों के दाम जरूरत से ज्यादा महंगी बेची जा रही है। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक पाटन, शहपुरा, बरगी, पनागर, भेड़ाघाट आदि उत्पादक क्षेत्रों से टमाटर की लोकल आपूर्ति तेज होने लगी है। यही वजह है कि उपलब्धता अधिक होने के कारण टमाटर के भाव लगातार घटते जा रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि टमाटर के अब महंगे होने की उम्मीद कम रह गयी है बल्कि आने वाले दिनों में आपूर्ति का दबाव अधिक होने से भाव और घट सकते हैं।

# स्टेशनों के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक बोलीं- रेल संरक्षा व सुरक्षा से कोई समझौता नहीं



**पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने का निर्देश**

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में हो रहे पुनर्विकास कार्य की गति को देखने पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने कटनी से सागर के मध्य के स्टेशनों का विशेष ट्रेन से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने तथा रेल संरक्षा एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पमरे की जीएम ने कटनी मुंडवारा सहित दमोह एवं सागर स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का निरीक्षण किया। कटनी मुंडवारा में 22 करोड़, दमोह में 25 करोड़ एवं सागर में 17.5 करोड़ की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। महाप्रबंधक अपने निरीक्षण अभियान की शुरुआत में गुरूवार सुबह जबलपुर से कटनी मुडवारा पहुंची। कटनी मुंडवारा में बन रहे विशाल ग्रेट सेपरेटर (रेल फ्लाई ओवर ब्रिज), पार्किंग एरिया तथा फूड प्लाजा का निरीक्षण करके मौके पर अधिकारियों से कार्य की प्रगति पर चर्चा की। इसके बाद उन्होंने स्पेशल ट्रेन से दमोह स्टेशन पहुंचकर पार्किंग व्यवस्था, टिकिट कार्य की एटीवीएम मशीन, हेल्थ यूनिट, सीसीटीवी केमरा, पैनल रूम, को देखा।

दमोह से सागर मार्ग के लिधौरा खुर्द स्टेशन का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक महोदया सागर स्टेशन पहुंची। सागर में एक स्टेशन एक उत्पाद (ओएसओपी), एफओबी, रनिंग रूम, पैनल रूम, एकीकृत क्रु लॉबी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत महाप्रबन्धक ने संबंधित अधिकारियों को स्टेशनों पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान महाप्रबंधक के साथ प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक वेणु गोपाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) मनोज कुमार अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सीपीएम/गति शक्ति यूनिट एस के सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मधुर वर्मा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) संजय सिंह एवं अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

## सरकारी डॉक्टर की लिखी दवाएं प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर नहीं, मरीज परेशान

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के जिला अस्पतला के मरीज अलग तरह की परेशान झेल रहे हैं। यहां के कुछ डॉक्टर मरीजों को ऐसी दवाएं लिख रहे हैं, जो यहां बनी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर भी नहीं मिल रही। मजबूरी में बाहर से महंगे दामों पर खरीदना पड़ रही हैं। उल्लेखनीय है कि लोगों को कम कीमत पर इलाज में उपयोग होने वाली दवाइयां मिल सके इसके लिए प्रधानमंत्री ने जन औषधि केंद्र खुलवाए हैं, ताकि लोगों को यहां एक ही स्थान पर सभी दवाइयां उपलब्ध हो सके। पूरे देश के साथ दमोह में भी जिला अस्पताल के समीप प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोला गया है। ताकि प्रतिदिन जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए आने वाले हजारों मरीजों को वो दवाइयां कम कीमत पर मिले जो अस्पताल में उपलब्ध न हों, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। ड्यूटी डॉक्टर कुछ दवाएं ऐसी लिख रहे हैं, जो जन औषधि केंद्र से नहीं मिल पा रही। जिससे लोगों को मजबूरी में मंहगे दाम पर दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं।

**850 प्रकार की दवाएं हैं उपलब्ध-** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर पदस्थ फार्मासिस्ट ने बताया कि इस केंद्र का संचालन रोटरी क्लब द्वारा किया जाता है और वर्तमान में उनके यहां 850 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज ओपीडी में डॉक्टर के पास अपनी बीमारी से संबंधित रोग का इलाज कराने पहुंचते हैं, लेकिन जो डॉक्टर नए पदस्थ हुए हैं, बहुत कम संख्या में यहां मरीजों को दवाई खरीदने भेजते हैं और जिन लोगों को भेजते हैं उनके पर्चे में गिनी-चुनी दवाई प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की लिखी होती हैं और अधिकांश दवाईयां कंपनी की लिखी होती हैं। यहां केवल उन्हीं दवाइयों को लेने के लिए मरीज को भेजा जाता है जो दवाई जिला अस्पताल में उपलब्ध न हों, लेकिन इसके बाद भी डॉक्टर पर्चे में कंपनी की दवाइयां लिख रहे हैं। यहां पहुंची महिला मरीज सरस्वती, तनय नेमा, तुलसाबाई रैकवार ने बताया कि उन्हें पता चला कि इस जन औषधि केंद्र पर मेडिकल स्टोर्स की अपेक्षा कम कीमत पर दवाईयां मिलती हैं इसलिए वे यहां दवाई लेने पहुंचे हैं।

## फंदे में फंसे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने बचाया, डॉक्टरों ने किया उपचार

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के मैंदनीपुरा में एक तेंदुआ फंदे में फंस गया। बताया जा रहा है कि किसी शिकारी ने यह फंदा लगाया था। हालांकि पन्ना टाईगर रिर्जव की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को फंदे से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। जानकारी के अनुसार जिले के बिजावर वन परिक्षेत्र के गांव मैंदनीपुरा में किसी व्यक्ति ने शिकार की नियत से फंदा लगाया था, जिसमें एक तेंदुआ फंस गया।

बुधवार की सुबह इसकी जानकारी बिजावर रेंजर को दी गई, जिसके बाद पन्ना टाईगर रिर्जव की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए को फंदे से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई। बिजावर रेंजर अशोक तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे डिप्टी रेंजर अशोक अवस्थी और पन्ना टाईगर रिजर्व की टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे, जहां तेंदुए का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे फंदे से बाहर निकाला गया।



फंदे में लंबे समय तक फंसे रहने के कारण तेंदुआ बुरी तरह घायल हो गया था, इसलिए टाईगर रिजर्व से आई टीम के डॉक्टर संजीव गुप्ता ने उसका उपचार किया और इसके बाद टीम तेंदुए को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 100
मुर्गा बड़ा - रु. 80
मुर्गा जम्बो - रु. 66
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 76
मीडियम ब्रॉयलर - रु.96
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405




आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

## लोकायुक्त में शिकायत पर कैसे मांगा शपथ-पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** एडवोकेट आरएस वर्मा ने बालाघाट लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते द्वारा लोकायुक्त में की गई शिकायत पर शपथ-पत्र मांगे जाने के रवैये को विधि-विरुद्व निरूपति किया है। उन्होंने इस संबंध में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय बालाघाट में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी उपयंत्री कुलदीप सिन्हा ने 25 वर्ष की पदस्थापना अवधि के दौरान 1800 करोड़ के विकास कार्यो में मूल्यांकन पुस्तिका में हस्ताक्षर करने का अधिकार न होने के बावजूद स्वयं हस्ताक्षर किए। आदिवासी छात्रावासों के निर्माण, मरम्मत, विकास के कार्य में दूध वाले को ठेकेदार बनाने जैसा कदम तक उठाया गया है, जो कि अचंभित करने वाला है। जिसके बाद मुख्य अभियंता एनएस जौहरी ने पूर्व विधायक समरीते को पत्र भेजा। जिसमें विकास कार्यो का उल्लेख न किए जाने, फर्जी कार्य पूर्णता के प्रमाणपत्र किन कार्यो के जारी किये गये, श्री वर्मा ने बताया कि शपथ पत्र की मांग मनसुखलाल बनाम मप्र शासन प्रकरण में पारित आदेश की मूलभावना के विरुद्व है जिस पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जायेगी।